


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# दिव्य दिनकर

एक निडर सच का दर्पण | पटना और रांची से एक साथ प्रकाशित

वर्ष 9 अंक : 205 पटना (बिहार) मंगलवार,27 मई 2025 पेज - 12 मूल्य: 1 R.N.I. No:- BIHHIN/ 2016/72168


## एक नजर

### सारण में दिनदहाड़े ज्वेलरी दुकान में लूट, दुकानदार के बेटे को मारी गोली

**क्राइम संवाददाता द्वारा**

सारणः सारण जिले में अपराधियों पर लगाम लगाने में पुलिस एक बार फिर नाकाम साबित हुई है. सोमवार (26 मई, 2025) को एकमा थाना क्षेत्र के एकमा बाजार में दिनदहाड़े राज लक्ष्मी ज्वेलर्स में हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया. बताया जा रहा है कि 6 बदमाश बाइक पर सवार होकर पहुंचे थे और लूट के बाद फायरिंग करते हुए फरार हो गए.

दुकानदार के बेटे को लगी गोलीः जानकारी के मुताबिक, अपराधियों ने दुकान में घुसकर पहले दुकानदार रविन्द्र सोनी के बेटे पंकज सोनी और वहां मौजूद ग्राहकों के साथ मारपीट की. इसके बाद तिजोरी में रखे सोने-चांदी के गहने लूट लिए. लूट के बाद भागने के दौरान पंकज ने जब अपराधियों का पीछा किया तो बदमाशों ने उन पर गोली चला दी, जिससे उनकी जांघ में गोली लगी. इसके बाद हथियार लहराते हुए अपराधी बाजार से होते हुए फरार हो गए.

आसपास के इलाके में दहशत का माहौलः लूट की वारदात के बाद आसपास के लोगों ने जख्मी पंकज को एक प्राइवेट क्लिनिक में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है. डॉक्टरों ने बताया कि पंकज की हालत खतरे से बाहर है. फिलहाल लूटे गए गहणों की कीमत का सही आकलन नहीं हो पाया है. लूट की इस सनीसनीखेज वारदात के बाद आसपास के इलाके में दहशत का माहौल है.

पुलिस की विशेष टीम गठित : घटना की जानकारी मिलते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. एकमा थाना पुलिस प्रभारी उदय ने कहा कि दुकान और आसपास के सीसीटीवी फुटेज को हम देख रहे हैं. सुराग मिलते ही अपराधियों को दबोच लिया जाएगा. दहशत के मद्देनजर पुलिस ने बाजार में गश्त बढ़ा दी है और संदिग्धों की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है.

### मेरी जिंदगी बर्बाद क्यों की? तेज प्रताप के मामले पर बोलीं पत्नी ऐश्वर्या राय

**संवाददाता द्वारा**

पटनाः राजद सुप्रीमो लालू यादव के परिवार में एक नया मोड़ आया है। तेज प्रताप यादव की पत्नी ऐश्वर्या राय ने आज एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि लालू का पूरा परिवार एक नाटक कर रहा है। ऐश्वर्या ने यह बात तेज प्रताप के एक पोस्ट के बाद कही है, जिसमें उन्होंने अनुष्का यादव नाम की एक महिला के साथ अपने 12 साल के संबंध की बात कही थी। इस पोस्ट के बाद फखऊने तेज प्रताप को 6 साल के लिए पार्टी से निकाल दिया। ऐश्वर्या का कहना है कि जब तेज प्रताप पहले से ही किसी और से प्यार करते थे, तो उन्होंने उनसे शादी क्यों की और उनकी जिंदगी क्यों बर्बाद की?

सोमवार को तेज प्रताप यादव की पत्नी ऐश्वर्या राय ने मीडिया के सामने आकर पहली बार इस मामले पर बात की। उन्होंने कहा कि लालू का परिवार सिर्फ दिखावा कर रहा है। ऐश्वर्या, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री दरोगा राय की पोती हैं। उनकी शादी 2018 में तेज प्रताप यादव से हुई थी, लेकिन शादी के कुछ महीनों बाद ही दोनों में अनबन हो गई और ऐश्वर्या घर छोड़कर चली गईं। उनका तलाक का मामला अभी भी कोर्ट में चल रहा है।

यह पूरा मामला तब शुरू हुआ जब तेज प्रताप यादव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया। इस पोस्ट में उन्होंने अनुष्का यादव नाम की एक महिला के साथ अपने 12 साल के संबंध की बात कही।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के दाहोद में 24,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण किया

**140 करोड़ भारतीय एक विकसित भारत के निर्माण में एकजुट हैं : प्रधानमंत्री**

**हमारे देश की प्रगति के लिए हमें जो कुछ भी चाहिए, वह यहीं, भारत में ही बनना चाहिए: प्रधानमंत्री**

**पिछले 11 वर्षों में जनजातीय समाज के विकास के लिए अभूतपूर्व प्रयास किए गए हैं : प्रधानमंत्री**

**ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं है, यह हम भारतीयों के मूल्यों और भावनाओं की अभिव्यक्ति है : प्रधानमंत्री**

**शशांक चौधरी**

नई दिल्ली:प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गुजरात के दाहोद में 24,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 26 मई का दिन विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इसी दिन उन्होंने 2014 में पहली बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उन्होंने गुजरात के लोगों के अटूट समर्थन और आशीर्वाद को स्वीकार किया, जिन्होंने उन्हें देश का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपी। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस विश्वास और प्रोत्साहन ने दिन-रात देश की सेवा के लिए उनके समर्पण को बढ़ावा दिया है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने ऐसे अभूतपूर्व और अकल्पनीय निर्णय लिए हैं, जो दशकों पुरानी बाधाओं से मुक्त हैं और हर क्षेत्र में आगे बढ़े हैं। उन्होंने कहा, ह्लआज देश निराशा और अंधकार के युग से निकलकर आत्मविश्वास और आशावाद के नए युग में प्रवेश कर चुका है। मोदी ने कहा, ₹140 करोड़ भारतीय एक विकसित भारत के निर्माण में एकजुट हैं।₹ उन्होंने भारत के भीतर आवश्यक वस्तुओं के विनिर्माण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आत्मनिर्भरता समय की मांग है।



उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और घरेलू उत्पादन और निर्यात दोनों में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत अब स्मार्टफोन, ऑटोमोबाइल, खिलौने, रक्षा उपकरण और दवाओं सहित कई तरह के उत्पादों का निर्यात कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत न केवल रेल और मेट्रो तकनीक का विनिर्माण कर रहा है, बल्कि इसे वैश्विक स्तर पर निर्यात भी कर रहा है। इस प्रगति का एक प्रमुख उदाहरण दाहोद, जहां हजारों करोड़ रुपये की प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन और शुभारंभ किया गया, को बताते हुए मोदी ने दाहोद इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव फैक्ट्री को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने तीन वर्ष पूर्व इसकी आधारशिला रखने को याद किया और गर्वपूर्वक कहा कि अब पहला इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव सफलतापूर्वक विनिर्मित किया गया है। उन्होंने लोकोमोटिव को झंडी दिखाकर रवाना किया, जो गुजरात और पूरे देश के लिए गौरव का क्षण था। इसके अतिरिक्त, उन्होंने घोषणा की कि गुजरात ने अपने रेलवे नेटवर्क का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हासिल कर लिया है।



उन्होंने इसे एक उल्लेखनीय **उपलब्धि बताया और इसके लिए गुजरात के लोगों को बधाई दी।**

दाहोद के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे संबंधों और इस क्षेत्र से जुड़ी कई यादों का स्मरण करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वे दशकों से दाहोद आते रहे हैं और अपने शुरूआती वर्षों में वे अक्सर साइकिल से इस क्षेत्र का भ्रमण करते थे। उन्होंने रेखांकित किया कि इन अनुभवों से उन्हें दाहोद की चुनौतियों और संभावनाओं दोनों को समझने का अवसर प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद भी वे कई बार इस क्षेत्र का दौरा करते रहे और इसके मुद्दों को हल करने के लिए निर्णायक कदम उठाए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दाहोद में हर विकास पहल से उन्हें अपार संतुष्टि मिलती है और आज का दिन उनके लिए एक और सार्थक दिन है।

पिछले 10-11 वर्षों में भारत के रेलवे क्षेत्र के त्वरित विकास को रेखांकित करते हुए, मोदी ने मेट्रो सेवाओं के विस्तार और सेमी-हाई-स्पीड ट्रेनों की शुरूआत पर जोर दिया, जिससे पूरे देश में कनेक्टिविटी रूपांतरित हो रही है। उन्होंने कहा कि वंदे भारत ट्रेनें अब लगभग 70 रूटों पर चल रही हैं, जो भारत के परिवहन नेटवर्क को और सुदृढ़ बनाती हैं। उन्होंने अहमदाबाद और वेरावल के बीच एक नई वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरूआत की घोषणा की। मोदी ने यह भी कहा कि भारत में आधुनिक ट्रेनों का उदय देश की प्रौद्योगिकी में प्रगति की वजह से है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोच और इंजन अब घरेलू स्तर पर विनिर्मित होते हैं, जिससे आयात पर निर्भरता कम होती है। मोदी ने कहा, ₹भारत रेलवे उपकरणों के एक प्रमुख निर्यातक के रूप में उभरा है।₹ उन्होंने कहा कि भारत ऑस्ट्रेलिया को मेट्रो कोच और इंग्लैंड, सऊदी अरब और फ्रांस को ट्रेन कोच निर्यात करता है। उन्होंने कहा कि मैक्सिको, स्पेन, जर्मनी और इटली भी भारत से रेलवे से संबंधित कंपोनेंट आयात करते हैं। मोदी ने यह भी कहा कि भारतीय यात्री कोच मोजाम्बिक और लंका में उपयोग में लाए जा रहे हैं और 'मेड इन इंडिया' इंजनों को कई देशों में निर्यात किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह 'मेक इन इंडिया' पहल के निरंतर विस्तार को दर्शाता है तथा राष्ट्रीय गौरव को मजबूत करता है। प्रधानमंत्री ने कहा, ₹एक मजबूत रेलवे नेटवर्क सुविधाएं बढ़ाता है और उद्योगों तथा कृषि को बढ़ावा देता है।₹ उन्होंने रेखांकित किया कि भारत के कई क्षेत्रों में पिछले दशक में पहली बार रेलवे कनेक्टिविटी मिली है। उन्होंने कहा कि गुजरात के कई क्षेत्रों में पहले केवल छोटी, धीमी गति वाली ट्रेनें थीं, लेकिन अब कई नैरो-गेज मार्गों का विस्तार किया गया है। दाहोद और वलसाड के बीच नई एक्सप्रेस ट्रेन सहित कई रेलवे मार्गों के उद्घाटन, जिससे जनजातीय क्षेत्र को बहुत लाभ होगा, की घोषणा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कारखाने युवाओं के लिए व्यापक स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा करते हैं।

उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि दाहोद की रेल फैक्ट्री 9,000 हॉर्स पावर के इंजनों का विनिर्माण करेगी, जिससे भारत की रेलगाड़ियों की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि दाहोद में बनने वाले हर इंजन पर शहर का नाम अंकित होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में सैकड़ों इंजन बनाए जाएंगे, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए पर्याप्त रोजगार पैदा होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह कारखाना रेलवे के पुर्जे बनाने वाले छोटे उद्योगों को भी समर्थन देगा, जिससे आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक विकास होगा। उन्होंने कहा कि रोजगार के अवसर फैक्ट्री से परे भी उपलब्ध हैं, जिससे किसानों, पशुपालकों, दुकानदारों और मजदूरों को लाभ मिलता है तथा व्यापक आर्थिक प्रगति सुनिश्चित होती है।

मोदी ने रेखांकित किया कि गुजरात ने शिक्षा, आईटी, सेमीकंडक्टर और पर्यटन सहित कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इसने खुद को विभिन्न उद्योगों में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि गुजरात में हजारों करोड़ रुपये के निवेश से एक प्रमुख सेमीकंडक्टर प्लांट स्थापित किया जा रहा है, जो वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में भारत की स्थिति को और मजबूत करेगा।

## सीएम नीतीश की अजीब हरकत, अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ के माथे पर गमला रख दिया



**पटनाः** बिहार में अक्सर देखा जाता है कि सरकारी कार्यक्रम में स्वागत के लिए गुलदस्ता की जगह गमला दिया जाता है। ये एक पुरानी परंपरा है। लेकिन, सीएम नीतीश कुमार की गमला वापस करने की इस घटना ने लोगों का ध्यान खींचा है। सोमवार को पटना के ललित नारायण मिश्र संस्थान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। जब डॉ. एस सिद्धार्थ ने उन्हें गमला भेंट किया, तो नीतीश कुमार ने तुरंत उस गमले को वापस उनके सिर पर रख दिया। इस घटना से वहां मौजूद लोग थोड़े हैरान रह गए। डॉ. एस सिद्धार्थ ने बिना किसी देरी के गमला लिया और पास खड़े एक कर्मचारी को दे दिया। ताकि बात आगे ना बढ़े।

नीतीश कुमार का गमला वापस करने का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। लोग इस पर अपनी अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कुछ लोग इसे मजाकिया अंदाज में ले रहे हैं, तो कुछ लोग इसे प्रोटोकॉल का उल्लंघन मान रहे हैं। फिलहाल, इस घटना ने बिहार की स्वागत परंपरा को एक बार फिर चर्चा में ला दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार फिर अपनी हरकत से चर्चा में आ गए। पटना के कृषि भवन में आयोजित एक नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान सीएम @ढ३रँङ४१ ने फिर से सबको चौंका दिया। स्वागत करने के लिए अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ एक गमला लेकर पहुंचे। नीतीश ने वह गमला हाथ में लिया और बिना किसी झिझक के सीधे एस सिद्धार्थ के सिर पर रख दिया। दरअसल, जब सीएम नीतीश मंच पर पहुंचे तो उनका स्वागत करने के लिए बिहार के कैबिनेट अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ एक गमला (पौधा वाला) लेकर स्वागत के लिए पहुंचे। फिर नीतीश कुमार ने वो गमला हाथ में लिया और बिना किसी झिझक के सीधे डॉ. एस. सिद्धार्थ के सिर पर रख दिया। मतलब, गमला लेने के बाद मुख्यमंत्री ने एस. सिद्धार्थ के माथे पर तपाक से गमला रख दिया। तब तक वहां मौजूद लोगों ने इस घटना को अपने कैमरे में कैद कर लिया। दरअसल, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान में कई योजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने 2.87 करोड़ रुपये के एनेक्सी भवन, 4.90 करोड़ रुपये के वार्डेन ब्लॉक और 5.33 करोड़ रुपये के स्टार्टअप ब्लॉक का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में उन्होंने बिहार विश्वविद्यालय सेवा आयोग की ओर से चयनित 20 सहायक प्राध्यापकों को नियुक्ति पत्र भी दिए। संस्थान की स्थापना 1973 में सामाजिक-आर्थिक विकास के क्षेत्र में शोध के लिए की गई थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने संस्थान में कई नई परियोजनाओं की शुरूआत की। इन परियोजनाओं में एनेक्सी भवन, वार्डेन ब्लॉक और स्टार्टअप ब्लॉक शामिल हैं। इन भवनों के निर्माण पर कुल 13.10 करोड़ रुपये की लागत आएगी। मुख्यमंत्री ने संस्थान के विभिन्न भागों का दौरा किया। उन्होंने वहां की व्यवस्थाओं और पढ़ाई-लिखाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में दीप जलाकर शुरूआत की।

## पटना में अपराधियों का बेखौफ चेहरा देखिए, सरेआम पॉश इलाके में करता रहा फायरिंग

**क्राइम संवाददाता द्वारा**

पटनाः राजधानी पटना में 24 मई को अपराधियों ने कई राउंड गोली चलाई थी. बीच सड़क पर फायरिंग का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें साफ तरीके से देखा जा रहा है कि ब्लैक कलर की स्कॉर्पियो बिना नंबर की गाड़ी पर से उतरकर अपराधी बीच सड़क पर दनादन फायरिंग कर रहे हैं.

पटना में फायरिंग का वीडियो आया सामनेः वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरीके से ब्लैक कलर की बिना नंबर की गाड़ी से अपराधी उतरते हैं और दनादन सड़क पर फायरिंग करते हैं. इस दौरान गाली गलौज करते हुए वहां से फरार हो जाते हैं.

24 मई का मामलाः बताया जा रहा है कि शनिवार (24 मई) बोरिंग रोड स्थित लोहिया चक पुल के नीचे कुछ लोगों से अपराधियों की बहस हुई थी.

लगभग 3:32 बजे चार अपराधी नशे में धुत होकर एक ब्लैक स्कॉर्पियो कार में सवार होकर जा रहे थे. उन्होंने एक बलेनो कार में टक्कर मार दी, लेकिन माफी मांगने के बजाय उन्होंने बलेनो के यात्रियों को ही पीटना शुरू कर दिया. स्थानीय लोगों ने जब विरोध किया तो वे मौके से भाग गए.

अपराधियों ने की कई राउंड फायरिंगः इसके बाद भागने के दौरान अपराधियों ने कई राउंड



फायरिंग की थी. वहीं एडीजी लॉ एंड आर्डर पंकज दराद उधर से ही गुजर रहे थे, जिन्होंने काफी देर तक अपराधियों का पीछा भी किया लेकिन अपराधी मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए.

बीच सड़क पर गोलीबारी : वहीं एडीजी के बॉडीगार्ड ने भी अपराधियों पर कई राउंड फायरिंग भी की थी, लेकिन अपराधी चकमा देकर भागने में सफल रहे. बता दें कि राजधानी के गोलंबर और न्यू पुनाईचक इलाके में शनिवार की शाम शराब के नशे में धुत अपराधियों ने जमकर फायरिंग की थी.

अऊॠ लॉ एंड ऑर्डर ने किया पीछाः इस घटना के समय अऊॠ लॉ एंड ऑर्डर पंकज दराद भी मौके पर मौजूद थे, जो अळ्र की एक मीटिंग से लौट रहे थे. उन्होंने न्यू पुनाईचक के पास फायरिंग होते देखा और तुरंत अपराधियों का पीछा करना शुरू कर दिया. इस दौरान उनके सुरक्षा गार्ड ने अपराधियों पर कई राउंड फायरिंग की. हालांकि, नशे की हालत में रफ ड्राइविंग करते हुए अपराधी गोलंबर के जीपीओ इलाके तक पहुंचकर फरार हो गए.

5 पुलिसकर्मी निलंबितः इसके बाद लगातार पटना पुलिस के द्वारा सभी थाना क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है. हालांकि अभी तक अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है. वही इस मामले में पांच पुलिसकर्मी को पटना एसएसपी के द्वारा निलंबित भी किया गया है.

दूसरी बार भी की फायरिंगः हालांकि, यह घटना यहीं खत्म नहीं हुई. करीब 4:30 बजे शाम वे युवक दोबारा मौके पर पहुंचे और इस बार उन्होंने लगातार आठ राउंड फायरिंग कर दी. इससे इलाके में दहशत फैल गई. स्थानीय निवासियों ने पुलिस को सूचना दी, लेकिन तब तक अपराधी फरार हो चुके थे.

## बिहार को मिलेगा दूसरा सबसे बड़ा सुपर थर्मल पावर यूनिट

**बिशेष संवाददाता द्वारा**

पटनाः बिहार को ऊर्जा क्षेत्र में बड़ी सौगात मिलने जा रही है. देश का दूसरा सबसे बड़ा सुपर थर्मल पावर यूनिट औरंगाबाद में स्थापित होगा, जिसका शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे. 29,900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनने वाली इस परियोजना में 800 मेगावाट की तीन यूनिट शामिल होंगी, जो कुल 2,400 मेगावाट बिजली उत्पादन करेंगी. बिहार सरकार ने इस परियोजना के लिए एनटीपीसी के साथ 1,500 मेगावाट बिजली आपूर्ति का समझौता किया है. ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र यादव ने बताया कि बिहार में बिजली की कमी जल्द ही इतिहास होगी और ये परियोजना हर सेक्टर के लिए लाभकारी होगी.

ऊर्जा मंत्री ने की वन नेशन, वन टैरिफ की मांगः ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र यादव ने कहा कि हमलोगों की मांग वन नेशन, वन टैरिफ की रही है, आने वाले समय में उस पर भी बात होगी. बिजेंद्र यादव ने कहा कि जब वन नेशन, वन टैक्स हो गया, तो वन नेशन, वन टैरिफ भी होना चाहिए. उन्होंने कहा कि जब बिहार को बिजली सस्ती मिलेगी तो बिहार के लोगों को भी सरकार सस्ते में बिजली उपलब्ध कराएगी.

'किसानों को 92% का अनुदान मिल रहा': बिजेंद्र यादव ने कहा इस साल 13,484 करोड़ रुपए का बजट पास कराया गया है. किसानों को 92 फीसदी अनुदान देकर मात्र 55 पैसे यूनिट पर बिजली दी जा रही है. 2274 कृषि फीडर बन चुके हैं. अब तक 581000 किसानों को मुफ्ट कनेक्शन दिया गया है. उन्होंने आगे कहा कि बरौनी, कांटी, बाढ़ और नवीनगर से बिजली का उत्पादन हो रहा है. बिजली सेवाओं केआधुनिकीकरण पर सरकार 7305 करोड़ रुपए खर्च कर रही है. पटना में ही 296 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं जिससे बिजली की स्थिति और बेहतर होगी.

'लखीसराय के कजरा में बन रहा है सोलर प्लांट': ऊर्जा मंत्री विजेंद्र यादव के अनुसार, दिसंबर 2024 तक 10433 सरकारी भवनों पर 94.34 मेगावाट सोलर बिजली उत्पादित हो रही थी. वहीं 5683 निजी भवनों से 21 मेगावाट सोलर बिजली उत्पादित की जा रही थी.

## 'तेज प्रताप बवंडर' के बीच लालू, राबड़ी, तेजस्वी, राजश्री.. पटना से 600 ङ्ट दूर भागे

**बिशेष प्रतिनिधि द्वारा**

पटनाः तेज प्रताप और अनुष्का यादव मामले को लेकर बिहार की सियासत में खलबली है। वहीं, आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव, राबड़ी देवी और मीसा भारती सोमवार शाम पटना एयरपोर्ट से कोलकाता रवाना हो गए। वे अपने बड़े बेटे तेज प्रताप को परिवार से निकालने के बाद, छोटी बहू राजश्री यादव और तेजस्वी की बेटी कात्यायनी से मिलने गए। तेजस्वी पहले से ही कोलकाता में हैं। इस बीच, बड़ी बहू ऐश्वर्या ने लालू परिवार पर कई आरोप लगाए। मीसा भारती ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, क्योंकि मामला कोर्ट में है। उन्होंने कहा कि लालू जी ने पहले ही अपना रुख स्पष्ट कर दिया है।

लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और मीसा भारती सोमवार की शाम पटना एयरपोर्ट पर दिखाई दिए। वे सब कोलकाता जा रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### आयुष जांच शिविर में 109 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया




**रिपोर्ट- अविनाश मंडल**

पाकुड़:लिट्टीपाड़ा प्रखंड के लिट्टीपाड़ा, पाकुड़िया प्रखंड के चौकीसाल एवं पाकुड़ प्रखंड के सोनजोड़ी में आयुष विभाग की ओर से सोमवार को आयुष कैंप लगाकर कुल 109 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवा दिया गया। डॉ० प्रेम प्रकाश, डॉ वीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा एवं डॉ अबूतालिब शेख ने बताया की इस कैंप में आज रक्तचाप, मधुमेह, जॉइंट पेन, गठिया, बच्चों से संबंधित आदि रोगों का जांच निःशुल्क किया गया। साथ ही सभी को मुफ्त दवा भी दी गई। वहीं शिविर में आने वाले मरीजों को शुगर, ब्लड प्रेशर का भी जांच की गई।

### ऑपरेशन सिंदूर : संजय कुमार झा के नेतृत्व में दक्षिण कोरिया में मुलाकात की



**नई दिल्ली** , । ऑपरेशन सिंदूर का मकसद और पाकिस्तान का असल चेहरा दुनिया को बताने के लिए देश के 59 सांसदों को 33 देश भेजा जा रहा है। 59 सांसद 7 सर्वदलीय टीमों (डेलिगेशन) में बंटे हैं। जिनमें कुल 17 सांसद हैं। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने दक्षिण कोरिया में प्रथम उप विदेश मंत्री और राष्ट्रीय असेंबली की राष्ट्रीय रक्षा समिति के अध्यक्ष से मुलाकात की।इस दौरान सबको पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले और भारत द्वारा दी गई संतुलित प्रतिक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। सांसद संजय झा की अगुआई वाला पहला डेलिगेशन विदेश रवाना हो गया हुआ था, जबकि शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व वाला डेलिगेशन भी गया।7 टीमों के साथ 8 पूर्व राजनयिक भी रहेंगे। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने मंगलवार को सांसदों को इस पहल के बारे में ब्रीफिंग दी। सूत्रों के मुताबिक, इसमें ऑपरेशन सिंदूर का बैकग्राउंड और डिप्लोमैटिक एवं सैन्य कार्रवाई के पांच बड़े संदेश इन 33 देशों तक पहुंचाने पर जोर दिया।

### नियोजन मेला में 1088 प्रतिभागियों ने लिया भाग

### नियोजन मेले का उद्घाटन मुंगेर विधायक प्रणव कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया



**मुंगेर।** श्रम संसाधन विभाग, बिहार अंतर्गत जिला नियोजनालय मुंगेर द्वारा सोमवार को बीएमपी 9 ग्राउंड जमालपुर में एक दिवसीय नियोजन मेला का आयोजन किया गया। मुंगेर सदर विधायक प्रणव कुमार यादव एवं उप निदेशक नियोजन भागलपुर प्रमंडल, भागलपुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर के नियोजन मेला का शुभारंभ किया गया । उक्त नियोजन मेला में निजी और सार्वजनिक उपक्रम की 21 नियोजकों ने भाग लिया। इसके साथ ही 5 विभागीय स्टाल के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। नियोजन मेला में टेक्निकल, इंश्योरेंस, फाइनेंस, सेल्स, सिक्योरिटी आदि सेक्टर की कंपनियों ने भाग लिया। साथ ही डी आर सी सी, जिला उद्योग, आर सेटी, बिहार कौशल विकास मिशन और श्रम विभाग के स्टाल के माध्यम से मेला में उपस्थित प्रतिभागियों को विभिन्न योजनाओं के बारे जागरूक किया। नियोजन मेला में कुल 1088 लोगों ने भाग लिया जिसमें विभिन्न नियोजक द्वारा कुल 311 लोगो को प्रारंभिक चयन किया गया। एवं 448 लोगो को अगले चरण के लिए शॉर्ट लिस्ट किया गया। उक्त नियोजन मेला में सहायक निदेशक, जिला नियोजन पदाधिकारी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी , वाई पी एवं जिला कौशल प्रबंधक मुंगेर उपस्थित रहें।

### हाजत मे बंद आरोपी के पत्नी ने थाना पहुंच पति का किया पूजन

**दिव्य दिनकर संवाददाता धरहरा**

सोमवार को धरहरा पुलिस की एक नया चेहरा देखने को मिला। जब शराब के साथ पकड़े आरोपी के लिए वट सावित्री का व्रत रखी पत्नी थाना पहुंच हाजत के बाहर अपने पति की लंबी आयु के लिए हाथों में रक्षा सूत्र बंधा और पांव छूकर आशीर्वाद लिया । जानकारी के अनुसार बीती रात धरहरा पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत धरहरा थाना क्षेत्र के बड़ी गोविंदपुर निवासी दो शराब तस्कर विक्की यादव और सुमित यादव को 150 लीटर देशी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । पुलिस उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजने की तैयारी कर रही थीं ।तभी विक्की यादव की पत्नी मधु देवी अपने पति के लंबी आयु के लिए वट सावित्री का व्रत रखी हुई थाना पहुंची। थानाध्यक्ष से अपने पति की पूजा करने का अनुरोध करने लगी। थानाध्यक्ष ने मानवीय पहलू को दशार्ते हुए तत्काल सिपाहियों को बोल शराब कारोबारी विक्की यादव को हाजत से बाहर निकलवाया । जिस्के बात पत्नी ने उसके पांव छूए और अखंड सौभाग्यवती की कामना की।

# बकरीद पर्व के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

**रिपोर्ट- अविनाश मंडल**

पाकुड़:पाकुड़ कृषि उत्पादन बाजार समिति पाकुड़ में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में आगामी ईद उल जुहा (बकरीद) त्योहार के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी पर्व बकरीद त्योहार के दौरान विधि व्यवस्था, शांति व्यवस्था एवं जनसुविधाओं तथा सुगम यातायात व्यवस्था के संदर्भ में चर्चा कर सबसे सहयोग की अपील की गई।

**शांतिपूर्ण, सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संयमित तथा अनुशासित तरीके से पर्व-त्योहार मनायें: डीसी**

उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि आगामी त्योहारों को देखते हुए विधि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएं रखने की आवश्यकता है। साथ ही हमें विशेष एहतियात एवं निगरानी बरतने की आवश्यकता है, ताकि शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में आगामी त्योहारों को संपन्न कराया जा सके।उपायुक्त ने सभी प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को बकरीद पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु पूरी चौकसी रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी तथा पर्याप्त पुलिस बल प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान यदि किसी शरारती तत्व द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने की कोशिश की गई, तो उसके विरुद्ध कड़ी कारवाई की जाएगी। जिला प्रशासन सोशल मीडिया पर सख्त



निगरानी रखेगी, सावधानी से सोशल मीडिया का उपयोग करें, किसी तरह के अफवाहों पर ध्यान नहीं दें, भ्रामक एवं अपुष्ट खबरों का सत्यापन प्रशासन से जरूर करा लें।उन्होंने बकरीद पर्व पर असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष को 247 क्रियाशील रखते हुए निगरानी रखी जाएगी ताकि असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण रखा जा सके।

**सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई**

पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि विधि व्यवस्था बिगाड़ने तथा आपसी सौहार्द बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों वाले व्यक्ति के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था को लेकर पर्याप्त संख्या में दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति रहेगी।संवेदनशील स्थानों पर विशेष चौकसी बरती जाएगी। आपके उत्सव के माहौल में कोई बाधा नहीं पहुंचाये इस उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा सभी एहतियाती कदम उठाये जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने अनुरोध किया कि सोशल मीडिया पर किसी प्रकार के विवाद/अफवाह फैलाने वाले मैसेज का पूरी तरह खंडन करते हुए मैसेज को भेजने वाले अथवा फॉरवर्ड करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध संबंधित थाने को त्वरित रूप से सूचित करेंगे। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के बारे में नजदीकी थाने अथवा जिला प्रशासन को सूचित करने का निर्देश दिया। साथ ही पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पाकुड़ जिले को अग्रणी जिला की सूची में ले जाना है। इसके लिए आप सभी गणमान्य लोगों को आगे आना होगा। मौके पर अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, महेशपुर एवं पाकुड़, प्रशासक, नगर परिषद, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी एवं जिला के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बोकारो में आयोजित सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जयराम और सुमित ने 2 पदक देवघर के झोली में डाले वहीं मनोज मरांडी पदक से चुके

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**

14वीं राज्यस्तरीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन झारखंड एथलेटिक्स संघ और बोकारो जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन सिंथेटिक ट्रैक पर सम्पन्न हुआ इस प्रतियोगिता में देवघर के जयराम ने 10 किलोमीटर पैदल चाल और सुमित कुमार ट्रिपल कूद में कांस्य पदक जीता वही मनोज मरांडी 200 मीटर दौड़ में पदक से चूक गए वो चौथे स्थान पर संतोष करना पड़ा बताते चले की प्रतियोगिता में लगभग 20 राष्ट्रीय खिलाड़ी भी भाग ले रहे थे। देवघर से कुल 11 सदस्य टीम ने भाग लिया । टीम में सुमित सिंह, जयराम कुमार पंडित, रंजन कुमार,




विनोद कुमार खवाड़े, मनोज मरांडी, प्रेम सोरेन, सत्यम ताती, जीतेंद्र यादव, संगीता कुमारी, रोहित बावरी, एव रंजुला कुमारी शामिल थे, टीम के साथ प्रबंध कमेटी के चेयरमैन आशीष झा भी साथ थे। आशीष झा ने कहा की जो गलती खिलाड़ियों ने किया है उसे काफी नजदीक से देखा वो कोच के साथ वार्ता कर जो पदक से चुके है उनपर कार्य किया जायेगा । देवघर जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष डॉ सुनील खवाड़े ने कहा की खिलाडियों ने मान देवघर जिला का मान बढ़ाया है उनको सम्मानित किया जायेगा। और अगले महीने होने वाले 14 एवं 16 वर्ष का चैंपियनशिप जो जामताड़ा में होना तय है खिलाड़ियों के लिए एक सप्ताह का स्पेशल कैंप का आयोजन जल्द किया जाएगा। सिलेक्शन कमेटी और कोच के साथ बैठक जल्द कर रणनीति तैयार की जाएगी। सचिव मनोज मिश्रा, नीतू देवी, सुरेश शाह, रवि केसरी, रामू चक्रवर्ती, डॉ अमित प्रसाद, प्रभाकर शांडिल्य, आशीष दुबे, निक्की झा, बंटी नंदन सिंह, नीतीश सिंह, अमित झा, प्रमोद यादव, राहुल कुमार, चंदन कुमार, गौरव कुमार, मनोज पांडे, राजेश कुमार, दीपक दुबे, प्रकाश मठपती, अजय खवाड़े,आलोक बोस एव सभी खेल प्रेमियों ने शुभकमनायें दिये।

## केंद्रीय राज्य कृषि मंत्री रामनाथ ठाकुर ने देवघर जिला जदयू के कार्यकताओं के साथ संगठन की मजबूती को लेकर की बैठक



**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**

आज केंद्रीय राज्य कृषि मंत्री रामनाथ ठाकुर के साथ देवघर जिला जेडीयू कर कताओं के साथ बैठक कर संगठन के प्रति विचार विमर्श किया एवं उनके द्वारा संगठन मजबूती है हेतु टिप्स दिए गए ताकि आने वाले समय में देवघर जिला में जदयू का संगठन मजबूत हो सके जिसमें देवघर जिला के सभी जिला पदाधिकारी प्रखंड अध्यक्ष उपस्थित होकर उनके सुझाव को मानते हुए आगे पंचायत स्तर से लेकर प्रखंड स्तर जिला स्तर पर संगठन मजबूती पर सहमति प्रदान किया उसके बाद श्री रामनाथ ठाकुर द्वारा विभाग में पदाधिकारियो के साथ बैठक किए गए जिसमें झारखंड में विकास हेतु कार्य किया जा रहे और किए गए के संबंध में जानकारी प्राप्त किया और सुझाव दिए विभाग में पदाधिकारी के बैठक के बाद श्री ठाकुर मुजफ्फरपुर के लिए प्रस्थान कर गए, भवदीय जिला अध्यक्ष जदयू सतीश दास देवघर,

# ध्वनि फाउंडेशन के संस्थापक अरविंद और निदेशक अनंगदेव सिंह का देवघर चेतना विकास में दो दिवसीय दौरा

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**

ध्वनि फाउंडेशन, बेंगलुरु के संस्थापक अरविंद तथा नीरंथरा क्लासिक कार्यक्रम के निदेशक अनंगदेव सिंह ने 25 और 26 मई 2025 को देवघर स्थित चेतना विकास का समग्र दौरा किया. यह दौरा संगठनात्मक विकास, पारदर्शता, क्षमता निर्माण और फील्ड परियोजनाओं के निरीक्षण के उद्देश्य से किया गया था. दौरे के पहले दिन, टीम ने 'जीवा' प्राकृतिक खेती परियोजना के फील्ड क्षेत्र का अवलोकन किया. उन्होंने किसानों से बातचीत की, फील्ड गतिविधियों को प्रत्यक्ष रूप से देखा और चेतना




विकास के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की. उन्होंने टीम को परियोजना की गुणवत्ता को और सदृढ़ बनाने के लिए व्यावहारिक सझाव भी प्रदान किए. दूसरे दिन, ध्वनि फाउंडेशन की टीम ने संस्था के देवघर प्रशासनिक कार्यालय का दौरा किया, जहाँ उन्होंने सचिव, निर्देशिका, बोर्ड सदस्यों और प्रमुख विभागीय कर्मियों से मुलाकात की. विशेष रूप से उन्होंने अनुपालन और वित्त प्रबंधक तथा फंडरेजिंग प्रबंधक के साथ गहन चर्चा की और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को और प्रभावी बनाने की सलाह दी. उन्होंने टीम के अन्य सदस्यों से भी संवाद कर उनके कार्यों को समझा और प्रोत्साहित किया. देवघर संस्था के सचिव कुमार रंजन ने कहा, ह्ध्वनि फाउंडेशन की यह यात्रा हमारे लिए अत्यंत प्रेरणादायक रही.

उनके अनुभव, मार्गदर्शन और सलाहों से हमें अपने कार्यों को और बेहतर करने की दिशा में स्पष्ट दिशा मिली है. यह दौरा संस्था के लिए न केवल एक सीखने का अवसर था, बल्कि संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम भी माना जा रहा है।

## मानसून की पहली बरसात ने गयाजी की बिकास बदहाली की खोली शर्मनाक पोल

**गया से अमरेंद्र कुमार दिव्य दिनकर के लिए।**

जब विकाश के दाबे झूठे और कागजी हों,जब नागरिक प्रशासन नागरिक सुविधा बहल करने में कम और उन सुविधाओं को गिनाने और दिखाने में जायदा सक्रिय हो तो जमीन पर आपको इसी तरह के नजारे की दर्शन देखने को मिलेगी। जी मैं बात कर रहा हूं गया कि चौतरफा बिकास कार्यों की बदहाली का जहां दावे और दिखावे तो टन भर का किया जाता है,लेकिन जमीन पर काम मन भर भी नहीं होता। आज गया जी में बरसाती मानसून की पहली वारिश हुई है और नगर निगम एवं जिला प्रशासन की तैयारी इतनी पुख्ता की जहां से बैठ कर गया के विकाश की रूप रेखा,नियम कानून बनाई जाती है वहीं स्थान मानसून की पहली वारिश में पानी पानी हो गया यूं कहें जलमग्न हो गया,वो भी जिलाधिकारी और नगर आयुक्त के आंखों के सामने इन अधिकारियों को समझ नहीं आ रही थी,कि हम अपनी सरकारी गाड़ी में अपने कार्यालय से निकल कर बैठें तो कैसे बैठें। आखिर ये दुर्दशा हो भी क्यों न हो जहां सरकारी फंडों में ठेकेदार और अधिकारी की बंदरबाट हो,हिस्से की रस्साकस्सी हो तो विकास की बलि और जनसामान्य की फजीहत तो होगी ही न। गया जिला प्रशासन और नगर निगम आज तक गया जी को इस शहर के ऐतिहासिकता के हिसाब से विकसित नहीं किया,आज भी गयाजी की नागरिक सुविधा घोर



बदहाली की शिकार बनी हुई है। तथा जिला प्रशासन एवं नागरिक प्रतिनिधि एवं नगर निगम अपने जेब और निजी विकास करने में तत्पर हैं,इन्हें गयाजी की सूरत सीरत बदलने की कोई जल्दी नहीं या इनके पास कोई कार्ययोजना नहीं है। आप जिधर देखेंगे आपको कहीं भी ऐसा नहीं लगेगा कि हम गयाजी जैसा ऐतिहासिक शहर में घूम रहे हैं,आपको चारों तरफ अतिक्रमण,बेलगाम ट्रैफिक सिस्टम,स्ट्रीट लाइट की अभाव,ड्रेनेज सिस्टम की बदहाली,साफ सफाई,पार्क स्टेडियम की उपेक्षित हालत,सरकारी तालाबों का अतिक्रमण एवं भूमि माफियाओं द्वारा कब्जा,जल निकाशी सुविधा की अभाव,सड़क की चौड़ीकरण,शहर में वृक्षारोपण,शहर की सौंदर्यीकरण कहीं भी आपको स्पष्ट बिकास की झलक देखने को नहीं मिलेगा। गयाजी के लोगों का कहना है कि इन सभी समस्याओं का कारण गयाजी के प्रतिनिधि,नगर निगम एवं जिला प्रशासन उपेक्षित नीतियां हैं,जो जनहित में कम स्वहित में जायदा कार्य करती है।

# पति की लंबी उम्र का '5G संकल्प': देवघर में सजी श्रद्धा की मंडी, वट सावित्री पर व्रतधारिणियों ने रचा इतिहास

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**

देवघर में सोमवार को वट सावित्री व्रत के पावन अवसर पर आस्था और परंपरा का अनोखा संगम देखने को मिला। बाजारों में सुबह से ही सुहागनों की चहलकदमी शुरू हो गई थी और हर एक के हाथ में पूजा की थाली, सिंदूर, फल और डोरियाँ थीं। मानो पूरा शहर लाल चुनरियों और चूड़ियों की खनक से गूंज उठा हो। सभी सुहागिनों ने अपने पतियों की लंबी उम्र के लिए निर्जला व्रत रखा और वट वृक्ष की पूजा विधिपूर्वक सम्पन्न की। यह व्रत न केवल कठिन तप का प्रतीक है, बल्कि पत्नी की अपने पति के लिए अडिग श्रद्धा और प्रेम की मिसाल भी है।

**बाजारों में मची थी जैसे 'मंगल सूत्र महाकुंभ' की धूम**

खपडोडीह निवासी बबली देवी ने कहा, हम तो साल भर



इस दिन का इंतजार करते हैं। व्रत तो कठिन होता है, लेकिन जब मन में विश्वास हो कि पति की उम्र बढ़ेगी, तो सब आसान लगता है। कालीबाड़ी मोहल्ले की मीना देवी ने चुटकी लेते हुए कहा, ‘अब पति जी को भी समझ में आ जाना चाहिए कि उनकी लंबी उम्र के पीछे हमारा भी हाथ है झ और वो भी बिना पानी पिए! दुर्गा स्थान की सरिता देवी बोलीं, मेरे पति जब भी बीमार होते हैं, मैं कहती हूं– 'अभी तो वट सावित्री बचा है, तुम कहीं नहीं जा सकते!' व्रत के दिन जैसे उन्हें ऑटोमेटिक एनर्जी मिलती है। प्रियंका देवी ने हँसते हुए कहा, ‘इस दिन तो पति खुद ही पूछते हैं कि पूजा का समय कब है, वरना साल भर टाइम नहीं मिलता इन्हें! भीड़ में पूजा सामग्री खरीद रहीं चंद्रा देवी ने बताया, ‘हर बार नई चूड़ियां, नई साड़ी और नया संकल्प–ये दिन हमारे लिए तीज जैसा होता है, बस फर्क इतना कि हम व्रत रख कर भी मुस्कराते हैं। संगीता देवी ने कहा, ‘पति की लंबी उम्र के लिए क्या कुछ नहीं करते। ये व्रत तो बस एक माध्यम है, बाकी तो हमारी ममता और विश्वास का कमाल है। लकड़ी गंज से पूनम देवी

, शिल्पी झा एवं आंसू झा ने कहा पति है तो सब कुछ है उनके लिए पूजा करना बहुत सौभाग्य की बात है अंत में बस यही कहा जा सकता है: देवघर की सड़कों पर सोमवार को श्रद्धा का ऐसा मेला लगा जिसमें पानी नहीं था, पर उमंग की नदियाँ बह रही थीं। सुहागनों ने अपनी अटूट आस्था से ये साबित कर दिया कि पतियों की लंबी उम्र के लिए उनका प्रेम और त्याग आज भी चिरंजीवी है–बिलकुल वटवृक्ष की तरह।

## साहिबगंज में 27 मई को झामुमो का विशाल धरना प्रदर्शन कार्यक्रम

**साहिबगंज** : बोरियो झामुमो प्रखण्ड कमेटी की बैठक मोरंग नदी के समीप हुई। उक्त बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह शामिल हुए। बैठक में जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने सभी 17 पंचायतों के अध्यक्ष सचिव व पूरी कमेटी को निर्देशित किया कि आगामी 27 मई को (जिला समाहरणालय) के समीप विशाल धरना प्रदर्शन कार्यक्रम भाजपा की केंद्र सरकार विरोध में झामुमो जिला कमेटी के द्वारा किया जाना है।झारखण्ड की पुरानी मांग सरना धर्म कोड/आदिवासी धर्म कोड विधेयक को लागू जब तक केंद्र की सरकार झारखंड में नही करती है, तब तक जातिगत जनगणना नही के पक्ष में पूरा झारखण्ड खड़ा है।

## संक्षिप्त समाचार

### धरहरा मे आग से खेलना छात्र को पड़ा महंगा

दिव्य दिनकर संवाददाता।

धरहरा प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय नंबर वन का छात्र शनिवार को पेट्रोल से बुरी तरह झुलस गया था। इस दौरान छात्र का चेहरा बुरी तरह से जख्मी हो गया। जख्मी धरहरा दास टोला निवासी विभीषण कुमार दास का पुत्र रिशव कुमार वर्ग आठ का छात्र है। वहीं विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरहरा में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। वहीं सोमवार को विद्यालय खुलते ही दर्जनों ग्रामीणों के साथ परिजन जख्मी छात्र को लेकर विद्यालय पहुंचा। विद्यालय प्रशासन की कुव्यवस्था पर जमकर हंगामा किया।ग्रामीणों का कहना था कि विद्यालय में ज्वलनशील पदार्थ (पेट्रोल) कौन लाया और बच्चा के हाथ कैसे लगा। स्कूल प्रशासन इसका जवाब दे।जानकारी के अनुसार घटना के दिन गांधी मैदान धरहरा मे सीआरसी स्तर पर आसपास के विद्यालयो के बच्चे का खेल था। सभी बच्चे मैदान खेलने गए। इसी दौरान छात्र और उसके कुछ सहपाठी पेट्रोल लेकर विद्यालय पहुंचा और पास के एक दुकान से उधार माचिस ली। चुपके से विद्यालय की छत पर पहुंचा और मुंह मे पेट्रोल भरकर जलती माचिस के तीली के उपर फूंक मारी। सहपाठियो को करतब दिखाने के दौरान छात्र जख्मी हुआ। हालांकि छात्र का कहना है कि पेट्रोल जमीन पर गिर गया था। उसी दौरान माचिस जलाने से वह जख्मी हुआ। हालांकि इस संबंध मे मध्य विद्यालय नंबर वन की प्रधानाध्यापिका अगस्टीना सोरेन का कहना है कि पेट्रोल कौन लाया इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। क्योंकि सीआरसी स्तर पर आयोजित मशाल जुलूस कार्यक्रम में अन्य विद्यालय के शिक्षक भी मौजूद थे। घटना बच्चो को छुट्टी देने के बाद घटित हुई है।

### जेईई मेन पेपर टू में अक्क68 हासिल करने वाले डीपीएस के प्रसून प्रवर को प्रिंसिपल जया चौहान ने किया सम्मानित



रिपोर्ट- प्रमोद कुमार सिंह

औरंगाबाद :- नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए के द्वारा शुक्रवार को जारी जेईई मेन टू(बी प्लानिंग) के रिजल्ट में डीपीएस रांची के प्रसून प्रवर ने ऑल इंडिया रैंक 68 हासिल कर स्कूल का मान बढ़ाया है।डीपीएस रांच की नव पदस्थापित प्राचार्या जया चौहान ने प्रसून प्रवर को विद्यालय आमंत्रित कर बुके प्रदान कर सम्मानित किया।प्राचार्या ने कहा कि प्रतिष्ठित जेईई की परीक्षा में प्रसून के द्वारा प्राप्त ऑल इंडिया रैंक 68 विद्यालय के अन्य बच्चों को भी काफी प्रेरित करेगा।प्रसून प्रवर डीपीएस रांची के प्रेप से ही छात्र रहे हैं एवं सतत हाइएस्ट अचीवर रहे हैं। उन्हें विद्यालय द्वारा प्रदत प्रत्येक रिकॉग्निशन यथा ब्लू बैज, ब्लू टाई, दो बलू ब्लैजर आदि मिलता रहा है। सीबीएसई टेंथ बोर्ड में विद्यालय के वह टॉपर रहे हैं। हाल ही संपन्न जेईई के दोनों मेंस में प्रसून का परसेंटाइल 99 प्लस रहा है। प्रसून ने जेईई मेन टू के(बी आर्क)में भी ऑल इंडिया रैंक 1052 हासिल किए हैं। सम्मान के वक्त प्रसून के साथ उपस्थित राजकीय पुरस्कार प्राप्त पीएम श्री स्कूल के प्राचार्य उदय कुमार सिंह एवं माता किरण सिंह ने भी डीपीएस प्राचार्या के प्रति कृतज्ञता जताते हुए आभार प्रकट किए।

### जम्होर में विभिन्न स्थानों पर वट सावित्री पूजा धूमधाम से संपन्न



रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह

**औरंगाबाद :-** सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के विभिन्न धार्मिक स्थानों पर अवस्थित पवित्र एवं पुण्य फल देने वाली बट वृक्ष की पूजा की गई।बट सावित्री व्रत के निमित्त श्रद्धालु महिलाएं सुबह सवेरे से ही विष्णु धाम के त्रि संकट निवारण वृक्ष, सिद्धनाथ बाबा परिसर में अवस्थित बट वृक्ष,खादी भंडार के गेट पर अवस्थित बट वृक्ष,इंटर विद्यालय जम्होर के पूर्वोत्तर किनारे पर अवस्थित बट वृक्ष सहित अन्य बट वृक्षो के नजदीक महिलाओं ने अपनी पति के लंबी उम्र की कामना हेतु विशेष पूजा अर्चना की। कहीं-कहीं अपने घर में भी वट वृक्ष स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। विभिन्न स्थानों का अवलोकन करते हुए जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि यह महिलाओं का महान पर्व है सनातनी परंपरा का यह पर्व अपनी पति की लंबी उम्र की कामना हेतु की जाती है। बट वृक्ष में तीनों देव ब्रह्मा,विष्णु, महेश का वास होता है।इस वृक्ष के नीचे बैठकर पूजन, व्रत कथा आदि सुनने से मनवांछित मनोकामना की प्राप्ति होती है।यह वृक्ष अपनी विशालता के लिए प्रसिद्ध है।यह वृक्ष दीघार्यु व अमरत्व बोध के लिहाज से भी स्वीकार किया गया है।वट वृक्ष को ज्ञान व निर्वाण का भी प्रतीक माना जाता है।मौके पर साकेत कुमार सिंह,अमरचंद पांडेय,अनिल पांडेय कुंदन पाठक सहित अन्य उपस्थित थे।

### जन सुराज पार्टी के वरीय नेता रमेश सिंह ने किया कई गांवों में जाकर जनसंपर्क किया

रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह

**औरंगाबाद :-** जन सुराज पार्टी के वरीय नेता रमेश सिंह ने किया कई गांवों में जाकर जनसंपर्क किया। बताते चले के पार्टी के वरीय नेता रमेश सिंह ने सोमवार को 223 - औरंगाबाद विधानसभा के अंतर्गत देव प्रखंड के ग्राम पंचायत बसडीहा के ग्राम रघुबीर बिगहा,मड़वा,दलेल बिगहा और आगे जनसंपर्क करते हुए देव प्रखंड के ग्राम पंचायत इसरौर के ग्राम - बेदाही , डोमन बिगहा , केश्वर बिगहा , कटैया में लोगों से घर है घर जाकर जनसम्पर्क किया और जन सुराज पार्टी की विचार धारा को जनता के बीच समझाने के बाद लोगों से रमेश सिंह ने कहा की जन सुराज पार्टी अगर बिहार विधानसभा में आयेगा तो पार्टी प्राथमिकता को पहली कैबिनेट में पास करेगी। आगे इन्होंने पार्टी के साथ 5 प्राथमिकताएं मिशन को भी जन - जन तक पहुंचाया, साथ हीं बिहार बदलाव हस्ताक्षर अभियान में सभी से मिलकर हस्ताक्षर करवाया। जो यह हस्ताक्षर बिहार के राज्यपाल को ज्ञापन के रूप में सौंपा जाएगा।

# जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में मंडे फॉलो अप बैठक एवं जिला समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया

रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह

औरंगाबाद :- जिला पदाधिकारी श्री श्रीकान्त शास्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभा कक्ष में मंडे फॉलो अप बैठक एवं जिला समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं सेवाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई तथा सभी विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।




बैठक की शुरूआत में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत अधिकाधिक पात्र लाभार्थियों को जोड़ने हेतु 26 मई से 28 मई 2025 तक चलाए जा रहे विशेष अभियान की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंडों के नोडल पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे इस अभियान के दौरान आयुष्मान कार्ड निर्माण की सतत निगरानी करते हुए लाभुकों को योजना का लाभ सुनिश्चित कराएं।

इसके पश्चात मंडे फॉलो अप बैठक में विभागवार एजेंडा की पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से अवलोकन किया गया, तथा निष्पादन की दिशा में ठोस पहल करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिला समन्वय समिति की बैठक में जिला लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत जिला, सदर अनुमंडल तथा दाउदनगर अनुमंडल स्तर पर लंबित परिवादों की पीपीटी के माध्यम से समीक्षा की गई। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने विभागों में लंबित मामलों की सूची प्राप्त कर उनका त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें।

समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि जिले में वर्तमान में सीपीग्राम्स से संबंधित तीन, ई-डैशबोर्ड पर 235 एवं ह्लजनता के दरबार में मुख्यमंत्रीह्व कार्यक्रम से संबंधित 84 आवेदन लंबित हैं। इस पर संज्ञान लेते हुए जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को लंबित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने का निर्देश दिया।

लोक सेवा के अधिकार अधिनियम (आरटीपीएस) के अंतर्गत निवास, जाति, आय, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी सेवाओं से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें। साथ ही पेंशन, पारिवारिक लाभ, राशन कार्ड (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन), एलपीसी जैसे आवेदनों की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों को अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

जिला विधि शाखा में लंबित उहखउ एवं टखउ वादों की विभागवार समीक्षा की गई। इस क्रम में जिला पदाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे समयबद्ध रूप से प्रति शपथ पत्र दायर कर जिला विधि शाखा को आवश्यक प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं, जिससे न्यायिक मामलों में यथासमय प्रभावी प्रत्युत्तर प्रस्तुत किया जा सके।

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग (पीएचईडी) की समीक्षा के दौरान कार्यपालक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि पंचायती राज विभाग से हस्तांतरित वार्डों में कुल 1163 टोलों में से 757 टोलों के लिए एनओसी प्राप्त हो चुकी है जबकि शेष 406 के लिए अंचल कार्यालयों से एनओसी की प्रतीक्षा है। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शीघ्र शेष एनओसी निर्गत करें, जिससे लंबित टोलों में कार्य प्रारंभ किया जा सके। समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण, मरम्मत, पेयजल एवं शौचालय सुविधा की स्थिति की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण एवं मरम्मत संबंधी कार्य पंचायत समिति फंड से शीघ्र संपन्न कराएं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जिले में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की स्थापना हेतु भूमि चिह्नित कर शीघ्र एनओसी प्रदान करने का निर्देश सभी अंचल अधिकारियों को दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा अन्य विभागों के कार्यों की भी क्रमवार समीक्षा की गई एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। बैठक के अंत में ह्लडॉ. आंबेडकर समग्र सेवा अभियानह्व के अंतर्गत आयोजित शिविरों की समीक्षा की गई। शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की प्रगति पर विशेष ध्यान देते हुए जिला पदाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी अपने विभाग से संबंधित आवेदनों की सतत निगरानी करते हुए उनका शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें। डीआरसीसी विभाग की धीमी निष्पादन प्रक्रिया पर असंतोष व्यक्त करते हुए जिला पदाधिकारी ने योजना पदाधिकारी को तत्परता से कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही नए राशन कार्ड हेतु प्राप्त आवेदनों का शिविर स्थल पर ही निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश अनुमंडल पदाधिकारी को दिया गया। इस बैठक में उप विकास आयुक्त श्रीमती अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता श्री ललित भूषण रंजन, अपर समाहर्ता एवं जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी श्री जयप्रकाश नारायण, बंदोबस्त पदाधिकारी श्री शैलेश कुमार, जिला भूर्जन पदाधिकारी श्री सच्चिदानंद सुमन, सिविल सर्जन श्री विनोद कुमार सिंह, वरीय उप समाहर्ता श्री मेराज जमील, श्रीमती रत्ना प्रियदर्शनी, सुश्री बेबी प्रिया, श्री रितेश कुमार यादव, जिला योजना पदाधिकारी श्री अविनाश कुमार, डीपीओ आईसीडीएस श्रीमती विनीता कुमारी, सभी कार्यपालक अभियंता तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### फर्नीचर के आड़ में शराब की तस्करी,ट्रक पर लोड 293 कार्टून विदेशी शराब का खेप जब्त

**अररिया,** अररिया की जोकीहाट थाना पुलिस ने रानी चौक एनएच 327 ई पर वाहन चेकिंग के क्रम में पश्चिम बंगाल से आ रही दिल्ली नंबर की एक ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराबों का खेप बरामद किया। ट्रक पर शराब के खेप को लकड़ी के फर्नीचर के आड़ और ट्रक में बने गुप्त तहखाने में छिपाकर रखा गया था। पुलिस ने ट्रक से 293 कार्टून विदेशी शराब बरामद किया।इस बात की जानकारी एसपी अंजनी कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी दी।मामले में ट्रक के चालक और उसके सहयोगी को भी गिरफ्तार किया गया। एसपी अंजनी कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जोकीहाट थानाध्यक्ष राजीव झा को गुप्त सूचना मिली थी कि पश्चिम बंगाल से शराब का बड़ा खेप सड़क मार्ग से होकर गुजरने वाला है। सूचना पर रानी चौक एनएच 327ई के समीप पुलिस द्वारा नाका लगाकर वाहनों का चेकिंग शुरू किया गया।वाहन चेकिंग के क्रम में सिल्लीगुड़ी से आ रही ट्रक संख्या डीएल1एम-5588 को जब रुकने का इशारा किया गया तो पहले तो ट्रक के ड्राइवर गाड़ी को भगाना चाहा।लेकिन फिर गाड़ी को सड़क के किनारे खड़ी कर चालक और उसके सहयोगी उतरकर भागने लगे। जिसे पुलिस ने खदेडकर पकड़ा। जिसके बाद ट्रक की तलाशी ली गई। ट्रक में उपर बेंत का फर्नीचर लोड था। फर्नीचर को हटाने पर ट्रक में बने तहखाने से काफी मात्रा में लोड अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया। 293 कार्टून में 14 हजार 64 बोतल में कुल 2531.52 लीटर विदेश शराब बरामद किया गया। मामले में जोकीहाट थाना में कांड संख्या 167/2025 धारा-111 बीएनएस एवं 30 (ए) बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत दर्ज किया गया। मामले में गिरफ्तार ट्रक चालक संजीत पासवान पिता स्व. देवनाथ पासवान वैशाली जिला के बेलसर थाना क्षेत्र के अनिरुद्ध पतेरही वार्ड संख्या 14 का रहने वाला है। वहीं उसका सहयोगी उसी गांव का बिकास कुमार पिता स्व. जगनारायण पासवान है। छापेमारी टीम में जोकीहाट थानाध्यक्ष राजीव झा,एसआई बसंत कुमार सिंह, इमतियाज खान,एएसआई विनय कुमार सहनी,होमगार्ड जवान देवी लाल साह शामिल थे।

### बारुण के अष्टभुजी धाम पिपरा में महा आरती धूमधाम से संपन्न

रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह



औरंगाबाद :- जिले के बारुण प्रखंड मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित प्रसिद्ध ग्राम पिपरा स्थित अष्टभुजी माता मंदिर के प्रांगण में ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष चतुर्दशी एवं अमावस्या के मिलन संयोग के मौके पर महाआरती का आयोजन किया गया। योग्य आचार्यों के सान्निध्य में वेद मंत्रोंच्चार के साथ माता अष्टभुजी एवं परिसर स्थित ग्राम देवी, हनुमान जी,भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी,काली माता,शिव परिवार,विश्वकर्मा जी संत रैदास,गोवर्धन पहाड़ स्थित राधा कृष्ण सहित सभी देवी देवताओं की पंचोपचार विधि से पूजा अर्चना की गई।महा आरती में सैकड़ो ग्रामीण शामिल हुए।अष्टभुजी धाम महोत्सव आयोजन समिति के उपाध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में आयोजित महाआरती का संचालन संयोजक सुरेश विद्यार्थी द्वारा किया गया। सचिव राजा दिलीप सिंह,कोषाध्यक्ष रामेश्वर भगत,आलोक कुमार गुप्ता,संरक्षक अजीत मिश्रा के आतिथ्य भाव में महाआरती के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बड़ेम नवीनगर के प्रख्यात समाजसेवी एवं नबीनगर विधानसभा एवं अन्य क्षेत्रों में आधा दर्जन से अधिक महोत्सव के संस्थापक एवं राजकीय दर्जा दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले संजीव कुमार सिंह की गरिमामई उपस्थिति रही।महा आरती के पश्चात संजीव कुमार सिंह ने अपने संबोधन के क्रम में कहा कि अष्टभुजी धाम पर आकर मैं अभीभूत हूं एवं इसके विकास के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। जब लोगों ने स्थल की प्राचीनता के बारे में बताया तो उन्होंने कहा कि इसको राजकीय दर्जा दिलाने के लिए भरपूर प्रयास करूंगा। जनप्रतिनिधि नहीं रहते हुए भी मैं इस स्थल के विकास के लिए कृत संकल्पित हूं।ग्रामीण अर्जुन साव, सुरेंद्र प्रसाद,श्रीपति प्रसाद साहू,लाल मोहर प्रजापति सहित,कर्म देव पाल, बृजनंदन प्रजापति,नीतीश पांडेय,भोला राजवंशी फौदार रवानी,पत्रकार रवि कुमार,शिक्षक आनंद कुमार सहित अन्य लोगों ने मुख्य अतिथि को सभी मंदिरों का दर्शन कराया।आचार्य नीरज मिश्रा चंद्रमोहन मिश्रा,मधुसूदन त्रिवेदी द्वारा वेद मंत्रोंच्चार के साथ जब महा आरती की शुरूआत की गई तो श्रद्धालु भक्त भाव विह्वल हो गए।

# कोसडीहरा में स्व.जगनारायण साव की स्मृति में शोक सभा का आयोजन किया गया

रिपोर्ट - अमरेन्द्र कुमार सिंह



गोह(औरंगाबाद) गोह प्रखंड के कोसड़ीहरा गांव में सोमवार को दोपहर स्वर्गीय जगनरायण साव की स्मृति में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में कानू विकास संघ, जिला शाखा के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित हुए और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।शोक सभा मे श्याम सुंदर जिला प्रवक्त इंद्र देव प्रसाद झ जिला संरक्षक सह प्रखंड अध्यक्ष रणविजय साव,सत्यानारायण साव,राजेन्द्र साव सुरेन्द्र प्रसाद,रामशिष साव दीपक कुमार,मंद साव,राजेश साद,कृष्ण प्रसाद,बच्चन साव सहित कई लोग शामिल हुए।

सभा में स्व.जगनारायण साव के सामाजिक योगदान को याद करते हुए सभी ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि स्व.जगनारायन एक मिलनसार, समाजसेवी और संघर्षशील व्यक्ति थे, जिनकी कमी हमेशा खलेगी।शोकसभा का संचालन संगठन के सदस्यों द्वारा किया गया और सभा का समापन भावपूर्ण माहौल में हुआ।

# मुंगेर में आस्था की आड़ में हिंसा, महमदा - गढ़ीरामपुर का मंदिर बना रणभूमि

**आस्था, अंधविश्वास और स्वार्थ की तिकड़ी ने मिलकर इंसानियत को किया कलंकित**

**नयारामनगर थाना क्षेत्र में जमीन पर जंग, मंदिर बना रणभूमि**

**महमदा - गढीरामपुर गांव के बीच लड़ाई जमीन की या जमीर की ?**

**फिलहाल, यहां पर सब कुछ शांति शांति है...**



रंजीत विद्यार्थी

मुंगेर : मुंगेर जिला अंतर्गत नयारामनगर थाना क्षेत्र के महमदा पाटम- गढीरामपुर में एक बार फिर आस्था, अंधविश्वास और स्वार्थ की तिकड़ी ने मिलकर इंसानियत को कलंकित कर दिया. मामला महमदा और गढ़ीरामपुर गांव के बीच का है. जहां चैती दुर्गा मंदिर और श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी की भूमि को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा है. समय-समय पर यहां दोनों गांव के बीच हिंसक घटनाएं भी घटती रही है. जो जिला प्रशासन एवं पुलिस के लिए परेशानियों का सबब है. ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि भूमि किसकी ? चैती दुर्गा मंदिर की या श्री राम जानकी ठाकुड़बारी की ? लेकिन जवाब में निकलीं लाठियां, चले पत्थर और गूंजने लगीं हिंसा की आवाजे. पौराणिक प्रतिमा के आसन की जगह अब टूटी खिड़कियां, उखड़े दरवाजे और छतों से फेंके गए पत्थर रह गए हैं. महमदा पाटम और गढीरामपुर गांव के बीच तनाव को देखते हुए पुलिस घटनास्थल पर कैंप कर रही है. दंडाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गई है. आस्था के नाम पर हिंसा भरके नहीं, इसलिए जिला प्रशासन और पुलिस चौकस दिख रही है. पुलिस ने रविवार की रात्रि 08 लोगों को इस मामले में हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. इसके अलावा हिरासत में लिए गए लोगों के इनपुट के आधार पर पुलिस घटना में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापामारी अभियान चला रही है. घटना के दूसरे दिन भी पुलिस कैंप कर रही है. नयारामनगर थाना अध्यक्ष तारकेश्वर प्रसाद सिंह स्वयं घटनास्थल पर पुलिस बल के जवानों के साथ मुस्तैयत दिखे. मुंगेर सदर एसडीपीओ अभिषेक आनंद ने भी घटना के दूसरे दिन घटनास्थल का मुयायना किया और अपने अधीनस्थ पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया.

**नया नहीं है चैती दुर्गा मंदिर और श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी का विवाद**

चैती दुर्गा मंदिर महमदा पाटम एवं श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी गढीरामपुर के बीच यह कोई नया विवाद नहीं है यह विवाद लंबे समय से चला आ रहा है जो समय-समय पर हिंसा का रूप भी लेता रहा है.

दरअसल, चैती दुर्गा मंदिर और ठाकुड़बारी की जमीन को लेकर पहले ही अदालती फैसला गढ़ी रामपुर के पक्ष में आ चुका था। मंदिर में दुर्गा प्रतिमा की स्थापना भी बंद कर दी गई थी। पर जब ठाकुड़बारी ट्रस्ट ने वहां राधा-कृष्ण प्रतिमा स्थापित करने की तैयारी की बस वहीं से फिर धार्मिक ज्वालामुखी फूट पड़ा. गेट बनाने की कोशिश की जा रही थी, लेकिन कुछ लोगों को ये गेट धर्म से ज्यादा जमीन की 'हदें' लांघता दिखा. रातों-रात गेट तोड़ा गया. फिर क्या था महमदा पाटम और गढीरामपुर गांव के बीच 'धार्मिक महाभारत' शुरू हो गई.

**मंदिर टूटा और बिजली काटी, क्या यही है धर्म रक्षा ?**

ट्रांसफार्मर से बिजली काट दी, ई-रिक्शा तोड़े, मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त किया गया,खिड़की-दरवाजे उखाड़ दिए, मंदिर में बैठे बच्चों के साथ गाली-गलौज की गई. पुलिस की मौजूदगी में ये ₹धार्मिक यज्ञ₹ शांत नहीं हुआ,बल्कि कायरता का 'प्रसाद' पुलिस के सामने ही बांटा गया.

**पुलिस छावनी में तब्दील हुआ महमदा पाटम - गढीरामपुर गांव**

मंदिर को क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना के बाद महमदा पाटम और गढीरामपुर गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया. एसपी सैयद इमरान मसूद के नेतृत्व में दर्जन भर थानों की फोर्स ने गांव में डेरा डाल दिया। महमदा गांव के कुल आठ लोगों को हिरासत में लिया गया. पूछताछ जारी है, पर जैसे ही लाठी रुकी, गाँव वालों ने पूछा : ₹अब हमारा मंदिर बचा या सिर्फ मलबा ?₹

**धर्म का चोला पहनकर हिंसा का खेल**

आस्था जब अहंकार और कब्जे की भूख में बदल जाए, तो वह सिर्फ पूजा नहीं, राजनीति और निजी स्वार्थ का अखाड़ा बन जाती है। महमदा और गढ़ी रामपुर की लड़ाई सिर्फ एक जमीन की नहीं, बल्कि उस सोच की है, जो मंदिर को निर्माण नहीं, संघर्ष का केंद्र बना देती है।

**बोले एसपी**

एसपी सैयद इमरान मसूद ने लोगों से अपील किया है कि कानून अपने हाथ में ना ले. पुलिस अपना कार्य कर रही है. घटना में शामिल असमाजिक तत्व किसी भी कीमत पर बक्से नहीं जाएंगे. एसपी ने कहा कि असमाजिक तत्वों के बारे में किसी को कोई जानकारी मिले तो सीधे स्थानीय थाना को सूचना दें या मुझे सीधे भी दे सकते हैं. एसपी ने बताया कि फिलहाल पुरी तरह से स्थिति नियंत्रण में है

# भारत आतंकवाद को बख्शेगा नहीं : रूडी की दोहा में दो टूक

**रूडी ने कतर में रखा भारत का रुख, कहा-आतंकी और उन्हें पालने वाले एक समान**

**सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में बहुदलीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल की कतर यात्रा**

**राजीव प्रताप रूडी की प्रमुख भागीदारी**

**अनुराग ठाकुर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री आनंद शर्मा और कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी शामिल**



नई दिल्ली । पूर्व केंद्रीय मंत्री और सारण से सांसद राजीव प्रताप रूडी बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के साथ कतर की आधिकारिक यात्रा पर हैं, जिसका नेतृत्व सांसद सुप्रिया सुले कर रही हैं। दोहा पहुँचने पर भारतीय राजदूत विपुल द्वारा प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर दूतावास परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भारत की शांति और सहिष्णुता की परंपरा को सम्मानित किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने कतर की शूरा परिषद की उपाध्यक्ष महामहिम डॉ. हमदा अल सुलैती तथा अन्य कतरी सांसदों से संवाद किया। चर्चा के दौरान 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के संदर्भ में भारत की चिंता और दृढ़ रुख से अवगत कराया गया। सांसद रूडी के साथ इस प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रमुख प्रतिनिधि शामिल हैं जिसमें आप सांसद विक्रमजीत सिंह साहनी, कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी, भाजपा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर, टीडीपी सांसद लवु कृष्ण देवतरायालु, कांग्रेस सांसद आनंद शर्मा, वी मुरलीधरन और सैयद अकबरुद्दीन है। इस अवसर पर राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह परमाणु धमकियों से नहीं डरता। यदि भारत पर कोई आतंकी हमला हुआ, तो हम उसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। भारत आतंकवाद और आतंकवाद को प्रश्रय देने वाले देशों में कोई भेद नहीं करता। कतर ने भी अपनी आतंकवाद विरोधी शून्य सहिष्णुता नीति को दोहराते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद की एकजुट निंदा की आवश्यकता पर बल दिया। दोहा प्रस्थान से पूर्व दिल्ली एयरपोर्ट पर श्री रूडी ने कहा कि भारत आज भी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से संघर्ष कर रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने आतंकियों को करारा जवाब दिया है। यह प्रतिनिधिमंडल स्पष्ट संदेश लेकर जा रहा है कि पाकिस्तान एक आतंकवादी देश है जो आतंकियों को पनाह देता है। प्रतिनिधिमंडल आगे मिस्त्र, इथियोपिया और दक्षिण अफ्रीका की यात्रा भी करेगा, जहां भारत की विदेश नीति और वैश्विक आतंकवाद पर रुख को और विस्तार से प्रस्तुत किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### राजद के प्रदेश महासचिव पंकज कुमार यादव को गोली मारने वाला अपराधी गिरफ्तार



**गिरफ्तार आरोपी के पास से एक देसी कट्टा व चार जिंदा कारतूस बरामद**

**दिव्य दिनकर संवाददाता**

मुंगेर : राजद के बिहार प्रदेश महासचिव पंकज कुमार यादव को बीते 03 अक्टूबर 2024 को मॉर्निंग वॉक के दौरान गोली मारने वाला मिट्ठू यादव को पुलिस ने बीती रात्रि गिरफ्तार किया है. मुंगेर एसपी सैयद इमरान मसूद ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर पत्रकारों को बताया कि विगत 03 अक्टूबर को कासिम बाजार थाना में कासिम बाजार थाना क्षेत्र के नवटोलिया निवासी राम चरित्र प्रसाद के पुत्र पंकज कुमार के द्वारा दिए गए फर्द बयान में बताया गया कि सफिया सराय हवाई अड्डा मैदान में टहलने के दौरान अपाची मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति नवटोलिया निवासी शिवनारायण यादव के पुत्र मिट्ठू यादव व नरेश यादव के पुत्र नमन कुमार के द्वारा जान करने के नियत से उनके ऊपर गोली चलाई गई. जिसमें गोली लगने के बाद वह जख्मी हो गए. एसपी ने बताया कि इस घटना के संबंध में पंकज कुमार के फर्द बयान के आधार पर कासिम बाजार थाना कांड संख्या 280 /24 के तहत एफआईआर दर्ज किया गया था। इस कांड में संलिप्त अपराध कर्मी कासिम बाजार थाना क्षेत्र के नवटोलिया निवासी शिवनारायण यादव के पुत्र मिट्ठू यादव ,जो कांड दर्ज होने के बाद फिरार चल रहे थे .उसके घर पर होने की सूचना मिली .तत्पश्चात सूचना मिलते ही कासिम बाजार थानाध्यक्ष रूबिकांत कच्छप एवं एसटीएफ सहित अन्य पुलिस बलों व पटना तकनीकी टीम के साथ एक विशेष टीम का गठन किया गया. विशेष टीम द्वारा आसूचना संकलन एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर कांड में संलिप्त अपराध कर्मी नवटोलिया निवासी शिवनारायण यादव के पुत्र मिट्ठू यादव के घर पर विधिवत छापेमारी की गई .जिसमें मिट्ठू यादव पुलिस को देखकर भागने लगा. पुलिस टीम द्वारा पीछा करने के बाद धर दबोचे गए अभियुक्त के पास से एक देसी कट्टा व चार जिंदा कारतूस बरामद हुआ. उसके बाद मिट्ठू यादव को गिरफ्तार किया गया. बता दें कि कांड में फिरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही थी. परिणाम स्वरुप कांड में फरार चल रहे एक अभियुक्त नरेश यादव के पुत्र नमन कुमार ने विगत वर्ष 25अक्टूबर को ही माननीय न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था .गिरफ्तार अभियुक्त के द्वारा घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की गई है .इस कांड के अन्य बिंदुओं पर जांच की जा रही है. छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुंगेर अभिषेक आनंद, कासिम बाजार थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल व एसटीएफ जमालपुर की टीम शामिल थी.

### बेगूसराय में बिना वारंट पत्रकार के घर कार्रवाई करने पहुंची पुलिस, लोगों ने बनाया बंधक

**ग्रामीणों ने जमकर हंगामा भी किया.**

**बार फिर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा होने लगा है.**

**बिना वारंट के एक पूर्व सैनिक और यूट्यूब पत्रकार संतोष राय के घर पहुची थी**

**रणजीत विद्यार्थी**



बेगूसराय (मुंगेर): मुंगेर प्रमंडल अंतर्गत बेगूसराय जिला के बलिया थाने की पुलिस पूर्व सैनिक सह यूट्यूब पत्रकार के घर बिना वारंट के पहुंची थी. तभी गांव के लोगों ने पुलिस को बंधक बनाकर पुलिस के सामने ही पुलिस के खिलाफ जमकर हंगामा शुरू कर दिया. मिली जानकारी के अनुसार, तकरीबन 04 घंटे तक पुलिस को वहां के स्थानीय लोगों ने बंधक बनाकर हंगामा किया. वहीं पुलिस उस जगह काफी बेवस नजर आई. पूरे मामले का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. बताते चलें कि बलिया थाना क्षेत्र के सदानंदपुर गांव में पुलिस को बंधक गया था.

बताया जा रहा है कि पूर्व सैनिक एवं यूट्यूब पत्रकार संतोष राय के घर पर काफी संख्या में उसे पकड़ने के लिए पुलिस पहुंची थी. तभी लोगों ने पुलिस के खिलाफ हंगामा किया और वारंट मांगना शुरू कर किया. इस दौरान पुलिस उसके खिलाफ वारंट नहीं दिखा पाई. जिसके कारण लोग भड़क गए और पुलिस को बंधक बना लिया. फिर वहां जमकर हंगामा शुरू कर दिया. बता दें कि यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. जिसमें देखा गया कि बलिया थाने की पुलिस को लोगों ने बंधक बनाकर लोग उसके सामने ही जमकर हंगामा कर रहे हैं. हालांकि कई घंटे तक पुलिस को लोगों का आक्रोश झेलना पड़ा और किसी तरह से उस जगह से बलिया थाने की पुलिस निकाला पड़ा. वहीं, लोगों का कहना है कि बेवजह पूर्व सैनिक एवं यूट्यूब पत्रकार संतोष राय को तंग किया जा रहा है. उसे पर झूठा मुकदमा दर्ज किया जा रहा है. लोगों ने बताया कि अचानक बिना वारंट के ही पकड़ने के लिए काफी संख्या में पुलिस, पूर्व सैनिक एवं यूट्यूब पत्रकार संतोष राय के घर पर पहुंच गई. जब लोगों ने उसके खिलाफ वारंट मांगा, तो पुलिस ने वारंट नहीं दिखाई. लोगों ने बताया है कि पुलिस की गुंडागर्दी बेगूसराय में चरम पर है. बेवजह पुलिस पूर्व सैनिक एवं यूट्यूब पर पत्रकार को तंग कर रहे हैं.

# धूमधाम से मना वट सावित्री व्रत, महिलाओं ने वट वृक्ष की विधिवत की पूजा अर्चना



**जमालपुर।** जमालपुर के कई हिस्सों में सोमवार को वट सावित्री व्रत धूमधाम के साथ मनाया गया। महिला व्रतियों ने वटवृक्ष की पूजा कर अपने पति की लंबी आयु की कामना की। वट वृक्ष की पूजा के उपरांत व्रती महिलाओं ने मन में पति की दीघार्यु की कामना लिए वट वृक्ष की परिक्रमा की। सुबह से विभिन्न मंदिरों के निकट स्थित वटवृक्ष के नीचे महिला व्रतियों का भीड़ इकट्ठा होने लगी। हाथों में पूजा की थाल लिए जिसमें पूजा की अन्य सामग्रियों के अलावा बांस की लकड़ी से बना पंखा एवं मौसमी फल लेकर पूजा करने महिला व्रती पहुंची। जमालपुर-धरहरा मुख्य मार्ग में स्थित शिव साईं धाम मंदिर, चैती दुर्गा स्थान, फरीदपुर, दौलतपुर, गायत्री नगर, सफियाबाद, नयागांव, आशिकपुर में मंदिर के निकट स्थित वट वृक्ष के नीचे वट सावित्री व्रत की पूजा करने वाली महिलाओं की काफी भीड़ देखी। वटवृक्ष पर रोली का धागा लपेट कर परिक्रमा करते हुए मन्नत मांगी। धर्मिक मान्यता है कि महासती सावित्री ने वटवृक्ष के नीचे ही मृत्यु के देवता यमराज से अपने मृत पति के लिए पुनःजीवन हासिल किया था। तभी से वटवृक्ष पूज्य हो गया।

**यदुवंशी महासभा की ओर से वट सावित्री पर्व की दी शुभकामनाएं**

यदुवंशी महासभा की ओर से देशभर की महिलाओं को वट सावित्री पर्व की शुभकामनाएं दी। महासभा की राष्ट्रीय महासचिव शबनम यादव एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मानसी कुमारी ने वट सावित्री व्रत पति-पत्नी के बीच प्रेम और समर्पण की शक्ति का जश्न मनाता है। सावित्री और सत्यवान पत्नी के समर्पण की शक्ति का उदाहरण हैं, जो मृत्यु को भी मात दे सकती है। यह त्यौहार वैवाहिक बंधन को मजबूत करता है और परिवारों में शांति और समृद्धि लाता है। वहीं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संगीता यादव एवं बिंदा यादव ने सभी महिलाओं को बधाई शुभकामनाएं दी है।

**आदर्श एवं पतिव्रता नारियों के लिए एक प्रतीक है वट सावित्री व्रत**

शिव साईं धाम मंदिर के पुजारी संतोष झा ने बताया कि भारतीय संस्कृति में वट सावित्री व्रत आदर्श एवं पतिव्रता नारियों के लिए एक प्रतीक है। पौराणिक ग्रंथों में स्कंद पुराण तथा भविष्योत्तर पुराण में कहा गया है कि ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को यह व्रत करने से विवाहित महिलाओं को उनके वैवाहिक जीवन से जुड़े कई लाभ प्राप्त होते हैं। जबकि निर्णयामृत में कहा गया है कि ज्येष्ठ मास की अमावस्या को व्रत किया जाना चाहिए। वट सावित्री व्रत सौभाग्य को देने वाला और संतान की प्राप्ति में सहायता देने वाला व्रत माना गया है।

## काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया



साहिबगंज :शहर के नॉर्थ कॉलोनी रेलवे इंस्टीट्यू के समीप बीते आधी रात को अचानक सफेद रंग की स्कार्पियो में आग लगने से चारों तरफ अफरा तफरी मच गई। वहीं स्कार्पियो में आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई, दमकल वाहन के आने में विलंब होते देख आसपास के लोगों ने रेलवे क्वाटर में रहने वाले लोगों से पानी की सहायता मांगी, और कुछ लोगों ने हिम्मत जुटाते हुए बाल्टी बाल्टी से पानी भर भर कर आग बुझाने में जुट गए। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। जब वाहन में लगी आग पर काबू पा लिया गया तो उसके बाद दमकल वाहन घटना स्थल पर पहुंची, जिससे मौके पर मौजूद लोगों ने नाराजगी जाहिर की। वहीं मौके पर मौजूद स्कार्पियो वाहन के चालक प्रिंस कुमार ने बताया कि यह स्कार्पियो मिजाचौकी थाना को भाड़ा पर दिया गया है। यह वाहन गैस गोदाम सकरूगढ़ के निवासी शिवकुमार पासवान का है। चालक प्रिंस कुमार ने बताया कि सकरूगढ़ से मिजाचौकी जाने के क्रम में रेलवे इंस्टीट्यूट के समीप अचानक गाड़ी के अंदर शॉर्ट सर्किट होने से गाड़ी के भीतर चिंगारी निकलने लगी, तुरंत गाड़ी को रोके, और बाहर निकले। देखते ही देखते गाड़ी के इंजन में आग लग गई, और आग ने विकराल रूप ले लिया। और गाड़ी के दोनों टायरों से जोड़दार धमाका हुआ। बताया कि गाड़ी में आग लगने की सूचना नगर थाना और अग्निशमन विभाग को दिए। नगर पुलिस आने के बाद भी दमकल वाहन समय से नहीं पहुंची। फिर कुछ देर बाद आसपास के लोगों की मदद से आग कर काबू पा लिया गया। लेकिन इस आगजनी से गाड़ी का काफी हिस्सा जलने से भारी नुकसान होने का अंदेशा जताया।

### सीसीएल के मगध-संघमित्रा क्षेत्र में द्विपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**दिव्य दिनकर:जिला ब्यूरो, कुन्दन पासवान**

**टंडवा:चतरा।** सीसीएल के मगध-संघमित्रा क्षेत्र में क्षेत्रीय स्तरीय द्विपक्षीय सुरक्षा समिति-2025 की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ ने की। यह बैठक मगध-संघमित्रा क्षेत्र के प्रबंधन एवं श्रमिक संगठन प्रतिनिधियों के बीच हुई, जिसमें खदानों की सुरक्षा और अन्य संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। क्षेत्र में परिचालन इकाइयों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और व्यावसायिक सुरक्षा के 'शून्य हानि' स्तर को प्राप्त करने के लिए विभिन्न उपायों पर भी चर्चा की गई। बैठक के दौरान मगध-संघमित्रा क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की गई और सुरक्षा मानक में सुधार के लिए महत्वपूर्ण जानकारी ली गई

बैठक के दौरान श्रमिक संगठन प्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त किए तथा खदानों में सुरक्षा मानकों को बढ़ाने के लिए सुझाव दिए। क्षेत्रीय महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ ने आश्वस्त किया कि खदानों में सुरक्षा मानकों को बेहतर बनाने के लिए सुरक्षा समिति के सदस्यों के सुझावों को लागू किया जाएगा। बैठक का समापन शंभू नाथ, वरिष्ठ प्रबंधक (खनन) मगध-संघमित्रा क्षेत्र के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। बैठक की सफलता में क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी एस.एन. प्रसाद तथा उनकी टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बैठक में जेएमएस, आरकेएमयू, बीएमएस, एटक, सीआईटीयू, सीएमयू तथा आरसीएमयू के श्रमिक संगठन प्रतिनिधि, ठेकेदार मजदूर प्रतिनिधि और मगध-संघमित्रा क्षेत्र के प्रबंधन उपस्थित हुए।

## पश्चिम मंडल कार्यसमिति का बैठक मंटू बाबा के आवास पर किया

**भाजपा नेता राकेश सिंह ने कार्यकर्त्ताओ को अपना बूथ सबसे मजबूत करने की बात कही**



**सोनपुर**, दरियापुर पश्चिम मंडल कार्यसमिति का बैठक सखनौली मे सरपंच सह मंडल अध्यक्ष मंटू बाबा के आवास पर किया गया जिसकी अध्यक्षता मंटू बाबा ने किया और संचालन भाजपा नेता पवन सिंह ने किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह ने कार्यकर्त्ताओ को सम्बोधित करते हुए अपना बूथ सबसे मजबूत करने की बात कही और पटना मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यक्रम मे लोगो से बड़ी संख्या मे परसा विधानसभा से चलने की अपील की इस अवसर पर जिलाउपाध्यक्ष विकास गुप्ता भाजपा नेता हरेंद्र सिंह पूर्व मुखिया हरी सहनी कृष्णकांत सिंह उप सरपंच जयमाला देवी लगनी देवी मंटू गुप्ता मुनचुन लालबाबू शर्मा सुमंत कुमार मोनू सिंह रंजीत सिंह मनीष गुप्ता कुणाल सिंह उमेश महतो पंचायत समिति मुकेश कुमार सोनू सिंह अजय साह गोपाल जी राकेश दुबे राजेश सिंह बच्चा पांडेय सहित सैकड़ो कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

### वट सावित्री व्रत रखकर पति के लिए सुहागिनों ने मांगी लंबी उम्र की कामना



**संवाददाता राम कुमार**

बालूमाथ। प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को वट सावित्री पूजा के अवसर पर सुहागिनों ने वट वृक्ष की पूजा अर्चना की इस दौरान बालूमाथ प्रखंड के प्रखंड परिसर,बड़का बालूमाथ,कन्या मध्य विद्यालय के अलावा कई जगहों पर बरगद पेड़ के समक्ष सभी सुहागिन महिलाओं ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा अर्चना कर अपने-अपने पति के लंबी उम्र के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र के लिए वट सावित्री व्रत रखकर अपने पति से आशीर्वाद लिया ।पूजा के बाद सभी सुहागिन महिलाओं ने वट के पेड़ में धागा बांधकर अपने पति की लंबी उम्र का कामना की,पूजा के बाद पुरोहित दीनानाथ वैद के द्वारा सभी सुहागिन महिलाओं को बर पेड़ के नीचे सावित्री कथा प्रेरणा लेने की बात कही ।पूजा करने के बाद अपने-अपने घर जाकर सभी महिलाएं अपने पति को प्रसाद खिलाकर व पैर छू कर आशीर्वाद ली। इसके अलावा टमटम टोला, मुरपा,जोगीयाडीह,नगड़ा गणेशपुर,तसतबार,शेरेगड़ा,के अलावा कई स्थानों पर सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री पूजा की ।अंत में सुहागिन महिलाओं ने अपने पति के हाथ से उपवास तोड़ी ।इस अवसर पर प्रखंड के कई मंदिरों में विशेष पूजा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपवास महिलाएं,मीना देवी,रेखा देवी,सरिता देवी,चाँदनी देवी,गीता देवी,पूनम देवी के अलावा सैकड़ो महिलाए शामिल रही।

### जिला स्तरीय पदाधिकारीक का आभार यह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

**साहिबगंज:**-बोरियो प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़ा पंचगढ़ मे बीआरपी व सीआरपी महासंघ साहिबगंज के द्वारा जिला स्तरीय पदाधिकारीक का आभार यह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.जिसमें क्षेत्रिय शिक्षा संयुक्त निदेशक सह जिला शिक्षा-पदाधिकारी,जिला शिक्षा अधीक्षक,अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, अतिरिक्त शिक्षा कार्यक्रम पहाधिकारी एवं सभी सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी को बीआरपी व सीआरपी के बहु प्रतिक्षित मांग के पूर्ण होने में उनके योगदान के लिए सम्मान किया गया.इस सम्मान कार्यक्रम मे जिले के सभी बीआरपी व सीआरपी उपाधित हुए। जिला अध्यक्ष अशोक पाल एवं जिला महासचिव फैजल अफरोज ने क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक सह जिला शिक्षा पदाधिकारी व जिला शिक्षा अधीक्षक को शॉल देकर सम्मानित किया गया एवं साथ में सभी जिलास्तरीय पदाधिकारीयों को सम्मानित किया गया ।बैठक में मुख्य रूप से मो उत्सव आलम,अनुज कुमार, धमेन्द्र कुमार,राजेश कुमार,संजय कुमार सिंह,चन्दन कुमार सिंह,मो रियाजुद्दीन, बुद्धदेव प्रसाद,माखन यादव,दुर्गेश,मो कौसर आलम,राभाषण गुप्ता,सुल्तान अहमद,मजरुल इस्लाम,अशोक कुमार सहिये कई सीआरपी व वीआरपी मौजूद थे।

# गोह प्रखंड मुख्यालय में बीस सूत्री कार्यक्रम की बैठक आयोजित, योजनाओं की प्रगति पर हुई समीक्षा



**रिपोर्ट - अमरेन्द्र कुमार सिंह**

**गोह (औरंगाबाद)** गोह प्रखंड मुख्यालय के सभागार में सोमवार को बीस सूत्री कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार दिनकर ने की। सर्व प्रथम बीस सूत्री अध्यक्ष उमेश पासवान को बिडिओ राजेश कुमार दिनकर ने और सीओ अजय कुमार सिंह ने उपाध्यक्ष ओम प्रकाश कुमार ऊर्फ कुंजन सिंह को बुके देकर स्वागत किया।

इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र में चल रही विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क निर्माण, कृषि, मनरेगा, पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन और महिला सशक्तिकरण जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा हुई। बीडीओ राजेश कुमार दिनकर ने कहा कि सरकार की मंशा है कि सभी योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस बैठक में जदयू प्रखंड अध्यक्ष कुंजन सिंह, उमेश पासवान, सुनील शर्मा, राजीव बिद्यार्थी, कुमार आर्य, बबलू शर्मा ऊर्फ राघवेंद्र धारी, दीनानाथ चन्द्रवंशी, अवध पटेल, अजय कुमार, रामशंकर द्विवेदी सहित कई अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और बीस सूत्री से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने अपने-अपने सुझाव और समस्याएं बैठक में रखीं, जिनका बीडीओ ने गंभीरता से संज्ञान लिया और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, और अंत में सभी ने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### मांडर चान्हो में सुहागिनों ने की वट सावित्री की पूजा

दिव्य दिनकर संवाददाता



मांडर - मांडर में सोमवार को सुहागिनों ने वट सावित्री की पूजा कर अपने पति के अखंड सौभाग्य की कामना की. इसके बाद सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी. वट सावित्री की पूजा को लेकर क्षेत्र में स्थित वट वृक्ष के समीप सुबह से ही सुहागिनों की भीड़ लगी रही. थी. इधर चान्हो प्रखंड में भी सुहागिनों ने वट सावित्री का व्रत रखा और वट वृक्ष की पूजा कर पति के दीघार्यु होने की कामना की!

### सुहागिनों ने की पूजा-अर्चना,पति के दीघार्यु की कामना महिलाएं वट सावित्री व्रत श्रद्धा और भक्ति के साथ



### मनाई गई

दिव्य दिनकर:जिला ब्यूरो,कुन्दन पासवान

चतरा। जिले अंतर्गत वट वृक्ष की पूजा कर महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु, उत्तम स्वास्थ्य और सुखी दांपत्य जीवन की कामना की,हिन्दू धर्म में आस्था और नारी शक्ति का प्रतीक वट सावित्री व्रत इस साल 26 मई 2025, सोमवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई। विशेष रूप से विवाहित महिलाओं द्वारा अपने पति की लंबी आयु, उत्तम स्वास्थ्य और सुखी दांपत्य जीवन की कामना के लिए मनाया।

वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या को मनाया जाता है। इस दिन महिलाएं वट (बरगद) वृक्ष की पूजा कर व्रत रखती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वट वृक्ष में त्रिदेव-ब्रह्मा, विष्णु और महेश-का वास होता है, जिससे इसकी पूजा का महत्व और भी अधिक हो जाता है।

#### सावित्री ने यमराज से सत्यवान के प्राण वापल पाए थे

इस व्रत से जुड़ी कथा सावित्री और सत्यवान की है, जिसमें सावित्री ने अपने दृढ़ संकल्प, प्रेम और निष्ठा से यमराज से अपने पति के प्राण वापस पाये थे। यह कथा भारतीय संस्कृति में नारी धर्म, साहस और अटूट विश्वास का प्रेरणास्त्रोत मानी जाती है। व्रत के दिन महिलाएं पारंपरिक वस्त्रों और श्रृंगार में वट वृक्ष की परिक्रमा करती हैं,अरवा धागा बांधती हैं और कथा सुनती हैं।

सबसे खास बात यह है कि, इस बार वट सावित्री व्रत सोमवार को मनाई गई, जिससे यह सोमवती अमावस्या भी बन रही है। यह संयोग अत्यंत दुर्लभ और सौभाग्यशाली माना जाता है। साथ ही, चंद्रमा इस दिन अपनी उच्च राशि वृषभ में संचार करें,जो शुभ संकेत है। यह पर्व महिलाओं को न केवल आध्यात्मिक बल देता है, बल्कि पारिवारिक संस्कार को भी मजबूती देता है। यह पर्व भारतीय समाज में संस्कार, परंपरा और श्रद्धा का जीवंत उदाहरण है, जो हर साल नई पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ता है।

### समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण कार्य की हुई समीक्षा



दिव्य दिनकर:जिला ब्यूरो, कुन्दन पासवान

चतरा। विकास भवन स्थित उप विकास आयुक्त कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में समाज कल्याण अन्तर्गत स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण, बिजली कनेक्शन एवं 0 से 05 वर्ष के बच्चों का आधार कार्ड बनाने की समीक्षा बैठक की गयी। कार्यपालक अभियंता एनआरईपी चतरा के द्वारा प्रशासनिक स्वीकृती प्रदान किये जाने के काफी विलम्ब से निविदा करने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त किया एवं तीन माह के अन्दर सभी स्वीकृत 38 आंगनबाड़ी केन्द्रों का भवन निर्माण पूर्ण करने और जिला अभियंता जिला परिषद चतरा को स्वीकृत 14 आं० केन्द्रों का भवन निर्माण दो महिने के अन्दर पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा को चिन्हित 592 आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल की व्यवस्था एवं चिन्हित 234 आंगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय का निर्माण 01 माह के अन्दर पूर्ण करने और उक्त चिन्हित सभी एजेंसी को प्रत्येक सप्ताह का भौतिक प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमण्डल चतरा को विभिन्न बाल विकास परियोजना पदाधिकारी से आवेदन प्राप्त करते हुए शतप्रतिशत आंगनबाड़ी केन्द्रों में विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण करने एवं परियोजना पदाधिकारी, यूआईडी, चतरा को सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं को आधार का कार्य हेतु प्रशिक्षित करने का निदेश दिया गया। बैठक में जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा, कार्यपालक अभियंता एनआरईपी , कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा, कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमण्डल, चतरा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, चतरा एवं परियोजना पदाधिकारी, यूआईडी चतरा समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री के बिहार दौरे को लेकर पुलिस अलर्ट, डीजीपी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

पटना,

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद पहली बार आगामी 29 मई को बिहार के दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री 29 मई को पटना पहुंचेंगे और 30 मई को रोहतास जिले में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के इस दौरे को लेकर बिहार पुलिस पूरी तरह से अलर्ट हो गई है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विनय कुमार ने पटना में पुलिस अधिकारियों की बड़ी बैठक बुलाई है।



बिहार पुलिस मुख्यालय में डीजीपी की अध्यक्षता में चल रही अहम बैठक में पुलिस के तमाम आला अधिकारी मौजूद हैं। बैठक में प्रधानमंत्री के बिहार दौरे के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर रहे हैं। डीजीपी विनय कुमार ने एटीएस प्रमुख एडीजी पंकज दराद के साथ प्रधानमंत्री की सुरक्षा से जुड़े हर पहलू पर चर्चा की है।

प्रधानमंत्री का पटना और रोहतास के बिक्रमगंज में कार्यक्रम तय है। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर पुलिस मुख्यालय ने हाई अलर्ट जारी किया है। पटना और रोहतास के एसपी के साथ पुलिस मुख्यालय के सभी प्रभाग के एडीजी और पटना रेंज के आईजी को अलर्ट भेजा गया है। आतंकी संगठनों और नक्सली संगठनों से प्रधानमंत्री की जान का खतरा बताया गया है और सुरक्षा के सभी मानकों का पूरा ख्याल रखने को कहा गया है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री 29 मई को पटना पहुंचेंगे, जहां वे जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वे बिहटा एयरपोर्ट की आधारशिला रखेंगे। पटना में उनका भव्य रोड शो भी होगा। रोड शो के दौरान जगह-जगह महिलाएं प्रधानमंत्री की आरती करेंगी और उन पर फूल बरसाए जाएंगे। रोड के दोनों ओर कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे।

प्रधानमंत्री भाजपा प्रदेश कार्यालय में बिहार के भाजपा सांसदों, विधायकों, विधान पार्षदों और पार्टी पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे। इस बैठक का उद्देश्य आगामी बिहार विधानसभा चुनाव-2025 की तैयारी और जमीनी कार्य की समीक्षा करना है।

प्रधानमंत्री अपने दौरे के दूसरे दिन यानि 30 मई को बिक्रमगंज में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे, वहां से वे जनता को करोड़ों रुपये की योजनाओं की सौगात भी देंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में औरंगाबाद के नबीनगर में सुपर थर्मल पॉवर प्लॉन्ट का शिलान्यास करना भी शामिल है।

# रामपुर गांव में मवेशी चोरी, आरोपी गिरफ्तार



दिव्य दिनकर संवाददाता तारापुर।

तारापुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में मवेशी चोरी की एक घटना का खुलासा हुआ है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी गई गाय को बरामद कर लिया है और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामपुर गांव निवासी नौशाद की एक गाय 24 मई की मध्य रात्रि में उसके गौशाला से चोरी हो गई थी। गाय की तलाश करते हुए नौशाद को पता चला कि उसकी गाय गांव के ही औरन के गुहाल में बंधी हुई है। जब उसने औरन से अपनी गाय लौटाने की मांग की, तो औरन ने न केवल गाली-गलौज की बल्कि मारपीट की धमकी भी दी और गाय लौटाने से साफ इनकार कर दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और औरन को समझाने का प्रयास किया, परंतु उसने अड़ियल रुख अपनाते हुए कहा, ₹जो करना है कर लो, हम गाय नहीं लौटाएंगे।₹

इसके बाद पीड़ित ने तत्काल तारापुर थाना को सूचित किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और औरन के गुहाल से गाय को बरामद कर लिया। बरामदगी के बाद पुलिस ने आरोपी औरन को गिरफ्तार कर लिया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे जेल भेज दिया।गाय को जिम्मेनामा पर उसके मालिक नौशाद को सौंप दिया गया है।

### सुहाग की सलामती के लिए सुहागिनों ने किया वट सावित्री व्रत



दिव्य दिनकर संवाददाता तारापुर।

सुहाग की लंबी आयु की कामना को लेकर सुहागिनों ने वट सावित्री पूजन किया। ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को प्रतिवर्ष ऐसा अवसर आता है। सुहागिनों ने व्रत रखें तथा वट वृक्ष की पूजा की। मान्यता है कि वट वृक्ष में ब्रह्मा विष्णु और महेश का वास होता है। विद्वत जनों ने बताया कि पूजन का शुभ मुहूर्त सोमवार को अमावस्या 12.11 बजे से मंगलवार सुबह 8.31 बजे तक होगा। अभिजीत मुहूर्त में पूजा करना शुभ माना जाता है। सुबह 11:51 बजे से दिन के 3:00 तक का मुहूर्त सबसे शुभ माना गया था और इसी बीच में ग्रामीण क्षेत्रों में वट वृक्ष के नीचे महिलाओं की लंबी कतार पूजन के लिए उपस्थित हुई थी। बहुत सारे घरों में ही गमला में वट वृक्ष का पौधा लगाकर महिलाओं ने पूजन किया। मान्यता है कि सावित्री ने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस लिए थे । व्रत से पति की दीघार्यु और वैवाहिक जीवन में सुख समृद्धि आती है, इसके लिए विधि विधान से पूजा किया जाता है। सुहागिन महिलाएं वटवृक्ष की पूजा करती है । वटवृक्ष के नीचे ही सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस लिए थे। पूजन के क्रम में महिलाएं वट वृक्ष के पेड़ को जल चढ़ाती हैं, उसमें हल्दी रोली लगाकर फूल समर्पित करती हैं, कच्चे सूत का धागा वट वृक्ष के चारों ओर सात या 11 बार परिक्रमा करते हुए लपेटकर हर फेरे पर मन में पति की लंबी उम्र की कामना करती है। दीपक जलाया जाता है और बैठ करके बट सावित्री व्रत की कथा पढ़ती हैं और सुनती हैं। अंत में मां सावित्री की आरती करती हैं । व्रत का पारन अगले दिन सूर्योदय के बाद जलपान कर करती है। यह पूजन सनातनियों में सभी घरों की सुहागिन करती हैं।

# बिहार सरकार कोरोना वायरस के नये वेरिएंट से निपटने के लिए तैयार

## -राज्य में कोरोना वायरस की समीक्षा के लिए हुई उच्चस्तरीय बैठक




पटना,

पटना के विकास भवन स्थित स्वास्थ्य विभाग के सभागार में कोरोना संक्रमण की वर्तमान स्थिति एवं उससे निपटने की तैयारियों की समीक्षा के उद्देश्य से सोमवार को स्वास्थ्य विभाग ने एक उच्चस्तरीय बैठक की। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता विकास आयुक्त सह स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने की। बैठक में कोरोना वायरस की वर्तमान स्थिति, स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता, जांच एवं उपचार की व्यवस्था तथा दवाओं एवं ऑक्सीजन सहित आवश्यक संसाधनों की आपूर्ति की समीक्षा की गई।

अपर मुख्य सचिव ने इस मौके पर आमजन से अपील करते हुए कहा कि कोरोना के नये वेरिएंट से घबराएं नहीं, बल्कि सतर्क और जागरूक रहें। भारतीय सार्स-कोव-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम (आईएनएसएसीओजी) के अनुसार भारत में कोरोना के दो नये सब-वेरिएंट झ एनबी.1.8.1 और एलएफ.7 की पहचान की गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इन दोनों को मात्र ₹निगरानी में रखे गए वेरिएंट₹ की श्रेणी में रखा है।

उन्होंने बैठक के दौरान सभी सिविल सर्जनों एवं मेडिकल कॉलेजों के अधीक्षकों को संदिग्ध मामलों की पहचान, सक्रिय निगरानी और समय पर जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सभी जिलों को किसी भी संभावित परिस्थिति के लिए तैयार रहने के भी निर्देश दिए गए हैं।

स्वास्थ्य विभाग सभी जिलों को पर्याप्त मात्रा में जांच किट, मास्क, दवाएं, ऑक्सीजन और आवश्यक उपकरणों की आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। अपर मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता, प्रभावी समन्वय एवं जवाबदेही को सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। साथ ही जन जागरूकता बढ़ाने और नियमित निगरानी की प्रक्रिया को मजबूत करने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सचिव मनोज कुमार सिंह, बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉर्पोरेशन (बीएमएसआईसीएल) के प्रबंध निदेशक धर्मेंद्र कुमार, स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त सचिव डॉ. अनुपमा सिंह के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

इस बैठक में राज्य के सभी जिलों के सिविल सर्जन, सरकारी मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्य एवं अधीक्षक के साथ ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (एम्स), पटना, इंदिरा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आईजीआईएमएस), राजेंद्र मेमोरियल रिसर्च इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आरएमआरआई), ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, बिहटा के प्रतिनिधियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया।

# चौपारण के भदान में नकली विदेशी शराब की अवैध मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़, बड़ी मात्रा में स्पिरिट, शराब और सामग्री जब्त

## उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई, तस्करों में मचा हड़कंप

दिव्य दिनकर

**चौपारण, राजेश सहाय**

चौपारण:प्रखंड अंतर्गत दैहर पंचायत के ग्राम भदान में उत्पाद विभाग ने सोमवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध नकली विदेशी शराब की मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। इस छापेमारी से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है, वहीं अवैध शराब कारोबार से जुड़े तस्करों में हड़कंप मच गया है।



गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस छापेमारी में उत्पाद विभाग ने ग्राम भदान स्थित एक मुर्गी फार्म एवं उससे थोड़ी दूरी पर एक घर से भारी मात्रा में अवैध शराब और शराब निर्माण की सामग्री जब्त की। विभाग के अवर निरीक्षक सुमितेश कुमार ने जानकारी दी कि मौके से लगभग 30 पेटियों में 270 लीटर नकली विदेशी शराब, 210 लीटर कच्चा स्पिरिट, तैयार रंगीन शराब, कैरामेल और अन्य केमिकल जब्त किए गए हैं। इसके अलावा विभिन्न ब्रांड के सैकड़ों ढक्कन, लेबल, स्टिकर और खाली बोतलें भी बड़ी मात्रा में बरामद हुई हैं।इस गोरखधंधे का संचालन ग्राम भदान निवासी उमेश सिंह द्वारा किया जा रहा था, जो मुख्य अभियुक्त है। उत्पाद विभाग ने उसके खिलाफ प्रासंगिक धाराओं के तहत सुसंगत कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आ रही है कि यह गिरोह नकली विदेशी ब्रांड्स की पैकिंग कर उसे बाजार में खपाने का काम कर रहा था, जिससे न सिर्फ राजस्व को नुकसान हो रहा था, बल्कि लोगों की जान भी खतरे में डाली जा रही थी।छापेमारी दल में अवर निरीक्षक सुमितेश कुमार के साथ सैयद बसरुद्दीन, साधू चरण हेम्ब्रम, अनूप कुमार सिंह, एंटोनी बाग्गे सहित सशस्त्र गृह रक्षक बल के जवान भी शामिल थे।

पूरी टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्यवाही को अंजाम दिया और घटनास्थल से सभी आपत्तिजनक वस्तुएं जब्त कर ली गईं।यह कार्रवाई न केवल अवैध शराब कारोबार पर करारा प्रहार है, बल्कि इससे यह स्पष्ट होता है कि उत्पाद विभाग इस तरह की गैरकानूनी गतिविधियों के प्रति सतर्क है।मुख्य अभियुक्त उमेश सिंह और उसके नेटवर्क की खोज में टीम लगी हुई है। सूत्रों के अनुसार, इस अवैध कारोबार का जाल आसपास के क्षेत्रों में भी फैला हो सकता है। उत्पाद विभाग ने संकेत दिया है कि इस नेटवर्क की जड़ तक पहुंचने के लिए और भी छापेमारियां की जाएंगी।इस घटना ने यह दिखा दिया है कि अवैध शराब माफिया किस हद तक जाकर कानून को धता बताते हैं।

# करों में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया वट सावित्री व्रत



करों, देवघर संवाददाता

आज सोमवार को करों प्रखंड के विभिन्न गाँवों की सौभाग्यवती महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र, अखंड सौभाग्य और पारिवारिक सुख-समृद्धि की कामना करते हुए श्रद्धा और विधि-विधान से वट सावित्री व्रत का पालन किया। करों स्थित धार्मिक और पौराणिक स्थलों राय टोला, रजवार टोला, कुम्हार टोला और बढ़ई टोला में पुरोहित मंटु ओझा और बापी ओझा के मार्गदर्शन में पूजा-अर्चना संपन्न हुई। इस अवसर पर केन्दवेरिया, रानीडीह, डिण्डाकोली, सिरिया, कमलकर, चाँदचौरा, पंचगड़िया, सालतर और गोविन्दपुर समेत कई गाँवों की महिलाओं ने व्रत रखते हुए सोलह श्रृंगार किया और वटवृक्ष के समीप पूजन सामग्री जैसे फल-फूल, अक्षत, पान, आलता, सिंदूर, पंखा और लाल धागा अर्पित किए। परंप्९रा के अनुसार महिलाओं ने वटवृक्ष की परिक्रमा करते हुए उसमें सूत लपेटा और पंखा ढुलाया। साथ ही सत्यवान-सावित्री की पौराणिक कथा का सामूहिक श्रवण पंडितों द्वारा किया गया। पूरे वातावरण में आस्था और भक्ति की भावनाएँ स्पष्ट रूप से दिखाई दीं।

# राजनीतिक गरिमा और वक्त की नजाकत का सवाल

## >> विचार

“ हिंदी पट्टी की राजनीति की प्रकृति को समझते हुए प्रधानमंत्री को इस मांग को मानने के लिए मजबूर होना पड़ा झवैसे भी इस साल के अंत में बिहार में विधानसभा चुनाव होने हैं। यह श्रेय पूरी तरह राहुल को जाता है कि उन्होंने मोदी को इस किस्म की कवायद की जरूरत स्वीकार करने के लिए मजबूर कर दिया। शायद राहुल को विश्वास हो चला है कि वे सरकार को ऑपरेशन सिंदूर पर भी सफाई देने के लिए मजबूर कर दें गेझ यह पूछकर कि भारत ने कितने विमान खोए; भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता के लिए‘ट्रंप को क्यों बीच में डाला गया’;शेष दुनिया में कोई एक देश भी क्यों खुलकर भारत के समर्थन में खड़ा क्यों नहीं मिला? बकौल राहुल यह ‘भारत की विदेश नीति ध्वस्त हो गई’ का नतीजा है।

**ज्योति मल्होत्रा**

पहलगाम में हुए नरसंहार के जवाब में भारत को पाकिस्तान पर दंडात्मक सैन्य कार्रवाई क्यों करनी पड़ी, दुनिया को यह समझाने के लिए भेजे जाने वाले बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने को लेकर जो माहौल बना है, उसमें निश्चित तौर पर शालीनता की कमी देखी गई। शशि थरूर, मनीष तिवारी, सलमान खुर्शीद और अमर सिंह ने इन प्रतिनिधिमंडलों में शामिल होने के पीएम मोदी के आह्वान पर अपनी पार्टी, कांग्रेस से अलग होकर प्रतिक्रिया दी कांग्रेस द्वारा सरकार को भेजी गई सूची में उनके नाम नहीं थे। इस पुरानी पार्टी को इस मुद्दे पर जिस प्रकार किरकिरी झेलनी पड़ गई। इसका पूर्वानुमान उसे होना चाहिए था। सोचा भी नहीं जा सकता कि राहुल गांधी की कांग्रेस वही कांग्रेस है, जिस पर कभी इंदिरा गांधी का राज रहा था। साल 1971 में पाकिस्तान के साथ युद्ध करने से पहले के हफ्तों में, उन्होंने और उनके सबसे करीबी सहयोगियों ने कई महीनों तक कूटनीतिक अभियान चलाकर माहौल बनाया, ताकि पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) में पैदा हुए मानवीय संकट को दुनिया के सामने रखा जा सके। साल 1994 की बात है, पीवी नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री थे और भारत को कश्मीर मुद्दे पर जेनेवा में मानवाधिकार परिषद में आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा था - तब राव ने अटल बिहारी वाजपेयी को फोन करके पूछा कि क्या वे भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। भारत के संसदीय इतिहास में वह क्षण एक तरह से राजनीतिक किंवदंती के रूप में याद किया जाता है झ 1994 में उप विदेश मंत्री रहे सलमान खुर्शीद, जो कोई भी उनसे मिलने आता, उसे यह बताने में कभी नहीं चूकते कि वाजपेयी के साथ काम करना कितना सहज है। साल 2018 में वाजपेयी के निधन के बाद खुर्शीद ने द प्रिंट नामक वेबसाइट को बताया : ‘हमें एक-दूसरे को मनाने की या बहस करने की कभी जरूरत नहीं पड़ी। सहज रूप से हमारी सोच एक-सी थी और वे (वाजपेयी) बहुत कमाल के इंसान थे उनके पास वह ‘मखमली स्पर्श’ था, जो एक प्रेरक नेता होने के लिए चाहिए। अब बहुत से लोग मोदी पर ‘मखमली स्पर्श’ विहीन होने का आरोप नहीं लगा सकते। निश्चित रूप से, मोदी का तरीका अपना संदेश सपाट रूप से संप्रेषित करने का है। होना तो यह चाहिए था कि मोदी फोन उठाकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को कॉल करते और उनसे कहते : ‘भाई, मैं सोच रहा हूं कि भारत को इस घड़ी एक स्वर में दुनिया को बताना चाहिए कि पाकिस्तान के अंदर क्या चल रहा है; किस प्रकार हमारा यह पड़ोसी मुल्क कट्टरता और आतंकवाद का इस्तेमाल कर खेल कर रहा है; तिस पर यह धमकी कि कुछ





करके देखो परमाणु हथियार चला दूंगा, एक ऐसा खतरनाक घालमेल जिसके सामने किम जोंग उन जैसा भी फीका पड़ जाए। दुर्भाग्यवश, राष्ट्रहित में अहंकार और राजनीतिक मतभेद भुलाकर काम करने की क्षमता का प्रदर्शन करने वाला इस प्रकार का आह्वान इन दिनों संभव नहीं है। राजनीति के क्षेत्र में शालीनता की कमी ही अब इसकी पहचान बन चुकी है। कोई भी पक्ष दूसरे का सम्मान नहीं करता। पीएम मोदी का मानना है कि राहुल लोगों से कटे हुए वंशवादी नेता हैं, जिसे सीखने से परहेज है और बदतर यह कि पार्टी उन्हें हटा भी नहीं सकती, भले ही उनके नेतृत्व तले कांग्रेस चुनाव-दर -चुनाव हारती जा रही हो। उधर राहुल का मानना है कि पीएम मोदी लोकतांत्रिक संस्थाओं के सबसे बड़े विध्वंसक हैं। सार्वजनिक मंचों से दोनों एक-दूसरे की बेइज्जती करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। जब वे एक-दूसरे से भिड़ नहीं रहे होते, तब उनके करीबी सहयोगी यह कमी पूरी करते हैं। देश के दो शीर्ष नेताओं के बीच ताने, कटाक्ष, सरासर बेइज़्जती करना झ यह सब देखना सुखद नहीं। सब जानते हैं कि राजनीति कोई पिकनिक नहीं और न ही अब वह जमाना है कि कोई एक मारे तो दूसरा गाल आगे कर देना इसकी प्रमुख धारणा हो। लेकिन इंदिरा गांधी और नरसिम्हा राव, दोनों ही समझते थे कि विदेश नीति एक व्यापक इंद्रधनुष है, जो हमारे जीवन के विभिन्न रंगों को खुद में समाहित करने में सक्षम है। भले ही कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपने प्रमुख सांसदों को सीधे आमंत्रित करने को सियासी खेल करने के रूप में लिया हो, लेकिन वह इसे हज़्म करते हुए प्रधानमंत्री से कह सकती थी कि विश्व को भारत का पक्ष समझाने में कांग्रेस भारतीय प्रयासों की- भाजपा के नहींझ बराबर की सहयोगी बनेगी। राहुल का तरीका यह है कि जन-जन तक अपनी पहुंचाने के लिए वे बहुत दिलचस्प मुद्दे उठाते रहते हैं, मसलन जातिवार जनगणना। हिंदी पट्टी की राजनीति की प्रकृति को समझते हुए प्रधानमंत्री को इस मांग को मानने के लिए मजबूर होना पड़ा झवैसे भी इस साल के अंत में बिहार में विधानसभा चुनाव होने हैं। यह श्रेय पूरी तरह राहुल को जाता है कि उन्होंने मोदी को इस किस्म की कवायद की जरूरत स्वीकार करने के लिए मजबूर कर दिया। शायद राहुल को विश्वास हो चला है कि वे सरकार को ऑपरेशन सिंदूर पर भी सफाई देने के लिए मजबूर कर देंगेझ यह पूछकर कि भारत ने कितने विमान खोए; भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता के लिए‘ट्रंप को क्यों बीच में डाला गया’;शेष दुनिया में कोई एक देश भी क्यों खुलकर भारत के समर्थन में खड़ा क्यों नहीं मिला? बकौल राहुल यह ‘भारत की विदेश नीति ध्वस्त हो गई’ का नतीजा है। लेकिन क्या ऐसा ही है? भगवान जाने कि क्या पूरा देश वही जानना चाहता है, जो राहुल जानना चाहते हैं। लेकिन सभी राजनेताओं को समय की नज़ाकत की समझ होनी चाहिए। फिलहाल तो जनता का मूड यही है कि पहलगाम में हुए नरसंहार का बदला लिया जाए। यह संदेश कि भारत निर्दोष लोगों की हत्या को और बर्दाश्त नहीं करेगा, पूरी तरह से दिया जा चुका है- रहीम यार खान एयरबेस के रनवे को बींधकर रख देना, पाकिस्तान के रणनीतिक कमांड से कुछ ही दूरी पर स्थित सरगोधा और नूर खान हवाई अड्डे पर बमबारी करनाझ इनमें निहित ऐसे कई संदेश हैं जिनसे बाकी दुनिया को अवगत कराना बाकी है। जहां तक यह सवाल कि क्या ट्रंप ने भारत-पाक संघर्ष में ‘मध्यस्थता’ की और क्या भारत को इसे अपनी बेइज्जती मानना चाहिए कि उनके विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने 10 मई की सुबह अपने भारतीय और पाकिस्तानी समकक्षों को एक के बाद एक कई फोन किए झ तो, अब समय आ गया है कि भारतीय राजनीतिक वर्ग बुनियादी विदेश नीति का एक छोटा-सा पाठ सीख ले। तथ्य यह है कि दुनिया के नेता हमेशा एक-दूसरे के संपर्क में रहते हैं। कई लोग शायद इस बात से चिंतित थे कि कहीं भारत के हमले ऐसे मोड में न तब्दील हो जाएं, जो भगवान न करे, एक ‘परमाणु फ्लैश पॉइंट’ बन जाए। यह शायद सच है कि जब 7 मई को टकराव शुरू हुआ, तब भारत ने पाक के एयरबेसों पर हमला करने के बारे में नहीं सोचा था झ यह 8 मई को पाकिस्तान द्वारा बारामूला से लेकर भुज तक ड्रोनों- मिसाइलों से हमलों के जवाब में करना पड़ा, जिसमें आदमपुर भी शामिल था। स्वाभाविक है कि चिंतित हुए वैश्विक नेता ऐसे पलों में भारत और पाकिस्तान के नेताओं को फोन करके शांति बनाने को कहते झ क्या आप भी ऐसा नहीं करते, यदि दोनों आपके दोस्त होते? लेकिन यह भी तथ्य है कि जब तक ट्रंप के सहयोगी पूरी तरह हरकत में आते, तब तक भारतीय वायु सेना अपना काम निबटा चुकी थी। कुछ घंटों बाद, पाकिस्तानी डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को फोन किया और शांति स्थापना की गुहार लगाई। राहुल ने जो भी सवाल उठाए हैं, उनका भी समय आएगा। इस बीच, यहां देखें कि उनके साथी कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने मोदी के निमंत्रण पर ‘हामी’ भरने वाले अपने ट्वीट में क्या कहा है, जिसमें उन्होंने 1975 की फिल्म ‘आक्रमण’ के गीत के इस एक मुखड़े का हवाला देते हुए पुष्टि की कि वे ऑपरेशन सिंदूर के बाद विदेश जाने वाले प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बनना चाहेंगे : ‘देखो वीर जवानों अपने खून पर ये इल्जाम न आए, मां न कहे कि मेरे बेटे वक्त पड़ा तो काम न आए। तिवारी, थरूर, सिंह और खुर्शीद भले ही हमारे वक्त के ‘अमर, अकबर, एंथनी’ हों या न हों, लेकिन उन्होंने अपने-अपने तरीके से शेष देश को राह दिखाई है।

## संपादकीय

# ईडी की विश्वसनीयता

यह कोई नई बात नहीं है कि देश की जांच एजेंसियों पर सरकार की आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करने को लेकर विपक्षी राजनीतिक दलों की तरफ से पक्षपात के आरोप लगे हों। सरकारी जांच एजेंसियों को वे विपक्ष के नेताओं को डराने-धमकाने का हथियार बताते रहे हैं। अब इन्हीं चिंताओं और सवालों पर देश की शीर्ष अदालत ने भी मोहर लगाई है। विपक्षी नेता खासकर धनशोधन निरोधक अधिनियम के तहत की जा रही कार्रवाइयों पर रोक लगाने की गुहार लगाते रहे हैं। उनका आरोप रहा है कि प्रवर्तन निदेशालय सरकार के हितों की पूर्ति के लिये दुराग्रह से कार्रवाई करता है। हालांकि, अदालत का मानना रहा है कि भ्रष्टाचार, देशविरोधी गतिविधियों तथा आतंकवादी संगठनों को मदद पहुंचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई अतार्किक नहीं है। सवाल इस बात को लेकर भी उठते रहे हैं जितने आरोप पत्र ईडी द्वारा दायर किए जाते हैं, उसकी तुलना में दोषसिद्धि की संख्या में बेहद ज्यादा अंतर क्यों है। जो इस बात की ओर इशारा करता है कि मामले दुराग्रह से प्रेरित होते हैं। अदालत भी मानती है कि ठोस प्रमाण के बिना किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। लेकिन एक हालिया मामले में प्रवर्तन निदेशालय की कारगुजारियों पर कोर्ट ने उसे कड़ी फटकार लगाते हुए सीमाएं लांघकर संघीय ढांचे के अतिक्रमण करने की बात कही है। कोर्ट ने यह टिप्पणी तमिलनाडु में शराब की दुकानों के लाइसेंस देने में बरती गई कथित धांधली में राज्य विपणन निगम के विरुद्ध धनशोधन मामले में ईडी की जांच पर की है। दरअसल, निगम द्वारा शीर्ष अदालत में मामला ले जाए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने न केवल जांच रोकी बल्कि ईडी की कारगुजारियों पर सख्त टिप्पणियां भी की हैं। निस्संदेह, ईडी को इस सुप्रीम नसीहत पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। कोर्ट को यहां तक कहना पड़ा कि प्रवर्तन निदेशालय संघीय अवधारणा का उल्लंघन कर रहा है। उल्लेखनीय है कि पीएमएलए की धाराओं के दुरुपयोग को लेकर शीर्ष अदालत पहले भी ईडी के खिलाफ सख्त टिप्पणी कर चुकी है। निस्संदेह, अदालत की इस सख्त टिप्पणी से उन तमाम विपक्षी दलों को संबल मिलेगा जो आए दिन ईडी व अन्य जांच एजेंसियों का सत्तापक्ष द्वारा दुरुपयोग करने का आरोप लगाते थे। वहीं दूसरी ओर तमिलनाडु राज्य विपणन निगम की दलील थी कि जिन शराब की दुकानों के लाइसेंस देने में अनियमितताओं के मामले में ईडी ने हस्तक्षेप किया है, उसमें वर्ष 2014 से कार्रवाई की जा रही है। साथ ही इस मामले में चालीस से अधिक प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी हैं। वहीं निगम कई मामलों में शिकायतकर्ता है। ऐसे में इस मामले में ईडी के कूदने पर सवाल उठे हैं। यही वजह है कि कोर्ट ने ईडी की इस जांच पर रोक लगा दी है। उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु सरकार भी ईडी की कार्रवाई को संवैधानिक अधिकारों व संघीय ढांचे का उल्लंघन बताती रही है। विश्वास किया जाना चाहिए कि कोर्ट की सख्त टिप्पणी के बाद ईडी केंद्र की इच्छाओं के अनुरूप आंख बंद कर कार्रवाई करने की बजाय अपनी कार्यशैली में अपेक्षित परिवर्तन करेगी।

# जड़ों से उखड़े लोगों को फिर से बसाने की चुनौती

**सुरेश सेठ**

पिछले दिनों ऑपरेशन सिंदूर ने पहलगाम आतंकी की विधवाओं और आतंकवाद से लड़ते शहीद हुए जवानों की विधवाओं का दर्द कम करने और अनाथ हुए बच्चों को संबल देने की कोशिश की। सत्ता से जुड़ी आवाजें दावा करती हैं कि प्रतिकार हो गया, आतताइयों को सबक सिखा दिया गया। लेकिन उन लोगों के दर्द का क्या, जो सरहद के गांवों से विस्थापित होकर अपने घर-बार समेट कर अनजाने ठिकानों की ओर चल पड़े? पंजाब की सीमाओं पर तो ऐसे खेत भी हैं जो आधे हिस्से में सरहद के पार चले जाते हैं। कहीं फसलें समय से पहले काट ली गईं, और जहां नहीं काटी जा सकीं, वहां न केवल फसलें तबाह हुईं, जिससे किसानों की मेहनत भी मिट्टी में मिल गई। उखड़ना और फिर से बसना-शायद यही इन लोगों की नियति बन गई है। युद्धविराम के बाद कुछ सरहदी गांवों के लोग जब लौटे, तो उन्हें तबाही का मंजर देखना पड़ा। इस हिंसा के साथ एक और डरावना पहलू भी जुड़ा था- आतंकी और माफिया गिरोहों की हिंसा, जिन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में अपनी गैर-कानूनी गतिविधियों का जाल फैला रखा है। ये लोग दिनदहाड़े लूटमार करते हैं और लोगों को उनके अपने घरों में ही पराया बना देते हैं। बाढ़, तूफान और हिंसक घटनाएं आम लोगों के जीवन का कटु सत्य बन चुकी हैं। कुल मिलाकर, जो लोग दुर्भाग्यवश अपनी जड़ों से उखड़ गए हैं, उनकी संख्या लाखों तक पहुंच चुकी है। ये विस्थापन न केवल युद्ध और आतंकवाद के कारण हुआ, बल्कि जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई और भूमि-क्षरण जैसी प्राकृतिक आपदाओं ने भी इस त्रासदी को बढ़ाया। किसान सिर्फ शांति का इंतजार नहीं करता; वह अपनी फसल के लिए समय पर पानी



और कटाई के समय साफ मौसम की आशा करता है। लेकिन हालात उलटे हो गए-जहां शांति चाहिए थी, वहां हिंसा मिली; जब पानी की जरूरत थी, तब सूखा पड़ा, और मौसम साफ के समय इतनी मूसलाधार बारिश हुई कि बादल फटने लगे। उधर मणिपुर में भी एक छद्म युद्ध आतंकियों द्वारा जातिगत आरक्षण के मुद्दे को लेकर लड़ा जा रहा है। आगजनी और हिंसा के चलते वर्ष 2024 में मणिपुर से हजारों लोग विस्थापित हुए। जिनेवा स्थित मॉनिटरिंग सेंटर के अनुसार, केवल असम में ही पिछले एक दशक में आई भीषण बाढ़ों के कारण 25 लाख लोग आंतरिक विस्थापन का शिकार हुए हैं। इसी तरह, देशभर में आए भीषण चक्रवातों ने 16 लाख से अधिक लोगों को उजाड़ दिया। बंगाल की खाड़ी में अक्तूबर 2024 के अंत में आए चक्रवात ‘दाना’ ने 10 लाख से अधिक लोगों को विस्थापित कर दिया। त्रिपुरा का भी यही हाल रहा है। पिछले 40 वर्षों में प्रतिकूल मौसम की वजह से वहां 3.15 लाख लोग अपने घरों से उजड़ चुके हैं। पश्चिम बंगाल में आए चक्रवात ‘रेमल’ ने 2 लाख 8 हजार लोगों को उनके घर-द्वार छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया था। इसके साथ ही ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों के उफान के कारण लगभग 3 लाख 38 हजार लोग विस्थापित हुए हैं। निस्संदेह, ऑपरेशन सिंदूर सफल रहा, लेकिन इस कार्रवाई से सीमा पर बसे लोगों से लेकर दूर-दराज़ के क्षेत्रों तक की जिंदगियां अव्यवस्थित हो गईं। लोग फिर से अपनी जड़ों से उखड़ने को मजबूर हो गए। जंग, आखिर जंग होती है। आज जब हम सामान्य जीवन की ओर लौटने की कोशिश कर रहे हैं, यह सोचना जरूरी है-क्या इन उखड़े हुए लोगों को फिर से उनकी जड़ें मिलेंगी? क्या उनके वे सपने, जो बारूद की गंध में घुलकर टूट गए या बिखर गए, दोबारा संवर पाएंगे? जिन नौजवानों की आंखों से भविष्य की चमक धुंधला गई है, उसका समाधान कैसे होगा? स्पष्ट है कि न युद्ध से, न प्रदूषणजनित अव्यवस्था से और न ही प्राकृतिक आपदाओं से मानवीय संकट को दूर करने के गंभीर प्रयास हो रहे हैं। इस दिशा में सत्ता की संवेदनशीलता अपरिहार्य है। इस संसार के नीति-नियंताओं को यह सोचना होगा कि आम लोगों की ज़िंदगी में फिर से सपनों में रंग कैसे भरे जाएं। उन युवाओं के लिए उम्मीद की कोई बुनियाद रखनी होगी, जो गांवों से शहर और शहरों से फिर गांव लौटने को मजबूर हैं, जो परदेस में ज़िंदगी की तलाश में जाते हैं और वहां उन्हें अपराधियों की तरह बेड़ियों में वापस भेज दिया जाता है। अब जरूरी है कि उनके लिए ‘सपनों की बागवानी’ की जाए। यह बागवानी भी उन्हीं हाथों से होनी चाहिए, जिन्होंने औरतों के खोए हुए सिंदूर के प्रतिकार स्वरूप आतंकवाद पर प्रहार किया था। खंडित सपनों को पूरा करने के लिये नई मंज़िलों का निर्माण हो-ऐसी मंज़िल जिसमें साधारण व्यक्ति को भी वही स्थान मिले, जो सदियों से सत्ता और वर्चस्व के अभ्यस्त लोगों को मिलता आया है।

**(लेखक साहित्यकार हैं।)**

# परंपरा से पर्यावरण रक्षा

**रतन सिंह**

मायरा यानी भात भरने की परम्परा में भी जुड़ा है पर्यावरण प्रेम। भात भरना एक परंपरा है। हमारे देश में बहन की पुत्री या पुत्र की शादी में मायरा भरने की परम्परा सदियों पुरानी है। कोई भी महिला अपने पुत्र या पुत्री की शादी तय होते ही गुड़ की भेली व चावल लेकर मायके जाती है और अपने भाई को देते हुए उसे शादी में आने के लिए आमंत्रित करती है। भाई अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार उपहार आदि लेकर जाता है, इसी को भात भरना या मायरा भरना कहा जाता है। इस अवसर पर बहन शादी में आये अपने भाई का स्वागत करती है और भाई चुनड़ी ओढ़ा कर बहन का सम्मान करता है। एक ओर भाई-बहन का प्रेम है और दूसरी ओर बहन के बच्चों यानी भानजे-भानजियों के प्रति ननिहाल का प्रेम। राजस्थान या कहीं और के भी कई रिवाज ऐसे हैं जहां परंपरा में पर्यावरण का प्रेम छलकता है। राजस्थान में भाई जब भात लेकर बहन के ससुराल जाता है तब सबसे पहले गांव की सीमा में घुसते ही खेजड़ी के पेड़ को चुनड़ी ओढ़ाता है। उल्लेखनीय है कि भात भरने में सबसे महत्वपूर्ण रस्म बहन को चुनड़ी ओढ़ाना होता है और ठीक यही रस्म गांव की सीमा जिसे स्थानीय भाषा में कांकड बोलते है, में प्रवेश करते ही भाई खेजड़ी



के पेड़ को चुनड़ी ओढ़ा कर उसे सम्मान देता है। जो प्रदेश के लोगों के मन में पर्यावरण के प्रति प्रेम और जागरूकता को प्रदर्शित करता है। अर्थात् पेड़ों को सहेजने की प्रथा। राजस्थान में खेजड़ी के पेड़ को पर्यावरण की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण समझा जाता है। दरअसल, जो भाई खेजड़ी वृक्ष को अपनी बहन के समान समझता है, जाहिर है वह उसका संरक्षण ही करेगा और खेजड़ी वृक्ष का संरक्षण मतलब पर्यावरण का संरक्षण। इस तरह राजस्थान में सदियों पहले यह परम्परा बनाई गई और खेजड़ी के वृक्ष को बहन का दर्जा दिया गया ताकि कोई भी व्यक्ति उसे नुकसान पहुंचाने की न सोचे। राजस्थान में ऐसी और भी कई परम्पराएं है जो सीधे सीधे पर्यावरण से जुड़ी हैं। प्रसंगवश यहां बता दें कि देश के अन्य हिस्सों में पर्यावरण को बचाये रखने के लिए या पर्यावरण की महत्ता को दर्शाने के लिए ऐसे अनेक रीति-रिवाज हैं जो लोगों को जागरूक करने या धर्म अथवा आस्था से जोड़कर पर्यावरण को संवारने का संकल्प जाहिर करवाते हैं।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक और प्रकाशक व संपादक सरोज चौधरी द्वारा विजय प्रेस, नया टोला पटना से मुद्रित तथा 302, मां तारा कंपलेक्स, नारायण मूर्ति पथ, नागेश्वर कॉलोनी, बोरिंग रोड पटना से प्रकाशित! संपादक सरोज चौधरी, R.N.I. No:- BIHHIN/ 2016/72168

# सिम तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने साइबर और टेलीकॉम अपराध नेटवर्क का खुलासा किया है। मामले में मध्यप्रदेश के रहने वाले पांच युवकों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित दुबई के एक एजेंट के संपर्क में थे जो सिमकार्ड को गेमिंग ऐप्स में प्वाइंट एकत्र करने के लिए इस्तेमाल करता था। पुलिस ने आरोपितों को 398 सक्रिय भारतीय सिम कार्ड की अवैध खरीद और विदेश में सिम कार्ड की तस्करी में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान उज्जैन के रहने वाले अंकित कुमावत (30) और देवास के रहने वाले अश्विन कुमार (37), मनीष कुमार (35), लोकेन्द्र सेंधव (32) और द्वारका प्रसाद (42) के रूप में की गई है। पुलिस अन्य आरोपितों की तलाश कर रही है। 15 फरवरी 2025 को आईजीआई हवाई अड्डे के टर्मिनल 3 पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के अधिकारियों ने दुबई जाने वाली इंडिगो उड़ान में यात्रा करने वाले सुनील रावत को संदिग्ध व्यवहार और पैडम एक्स-रे जांच के आधार पर रोका। जांच में उनके पास 398 सक्रिय भारतीय सिम कार्ड (212 एयरटेल और 186 वोडाफोन आइडिया) मिले, जो विभिन्न व्यक्तियों के नाम पर पंजीकृत थे। जांच के दौरान सुनील रावत ने बताया कि उसके स्कूल के दोस्त फैसल ने उसे सिम कार्डों का पार्सल लाने और नौकरी का अवसर देने के लिए 35,000 रुपये की पेशकश की थी।

# कैदी पैरोल लेकर 15 साल तक रहा गायब, अब हुआ गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उम्र कैद की सजा पाया कैदी पैरोल लेकर 15 साल तक गायब रहा। अब दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने उसे बरेली से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान शाहजहांपुर, यूपी निवासी धीरेंद्र सिंह तोमर (46) के रूप में हुई है। वह राजन सिंह बनकर अपने रिश्तेदार की गाड़ी चला रहा था। टीम उसे लेकर दिल्ली आ गई। बाद में जेल प्रशासन को उसकी गिरफ्तारी की सूचना दे दी गई। धीरेंद्र और उसके गैंग ने दिल्ली के न्यू अशोक नगर, उत्तराखंड के हल्द्वानी, अलमोड़ा और लोहाघाट, चंपावत में चार टैक्सी चालकों को अगवा कर लूटपाट के बाद उनकी हत्या कर दी थी। मामले में दो आरोपित अब भी फरार चल रहे हैं। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा ने बताया कि 17 मार्च 2001 को न्यू अशोक नगर इलाके में दो लोग अचेत हालत में मिले थे। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां एक को मृत घोषित कर दिया गया। दूसरे की समय पर इलाज मिलने की वजह से जान बच गई। पुलिस ने मामले में धीरेंद्र और उसके एक साथी दिलीप नेगी को गिरफ्तार कर लिया। इन लोगों ने जयपुर से टैक्सी किराए पर ली। इसके बाद दिल्ली लाकर चालक और सहयोगी की हत्या कर दी। बाद में टैक्सी लूटकर फरार हो गए। समय पर इलाज मिलने से सहयोगी तो बच गया। मामले में एक अक्तूबर 2007 को दिलीप और धीरेंद्र को उम्र कैद हो गई। दो अन्य साथी अजय और धीरज को भगोड़ा करार दे दिया गया। तीन नवंबर 2010 को धीरेंद्र एक माह की पैरोल पर रिहा हुआ। उसे दिसंबर में सरेंडर करना था, लेकिन वह गायब हो गया।

# कपड़े की फैक्टरी में लगी आग

**नई दिल्ली।** यहां उद्योग नगर क्षेत्र में सुबह एक कपड़े की फैक्टरी में आग लगने से हड़कंप मच गया। यह घटना एफ-11, उद्योग नगर, गेट नंबर-2 के पास स्थित एक फैक्टरी में सुबह करीब 5:25 बजे सामने आई। मामले की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। फिलहाल कूलिंग का कार्य अभी जारी है। दमकल अधिकारियों के अनुसार घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है और फैक्टरी में मौजूद सामग्री की जांच की जा रही है। स्थानीय पुलिस और फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई हैं। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है।

# हरियाणा कांग्रेस विधायक गीता भुक्कल ने आपत्तिजनक बयान पर सांसद जांगड़ा के इस्तीफे की मांग की

**नई दिल्ली।** हरियाणा की कांग्रेस विधायक गीता भुक्कल ने पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ित परिवारों के प्रति भाजपा के राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा के आपत्तिजनक बयान को लेकर उनके इस्तीफे की मांग की है। उन्होंने बयान को निंदनीय और शर्मनाक बताते हुए कहा कि भाजपा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नकली नारा देने वाली पार्टी है और उसे बहन-बेटियों का मान-सम्मान करना नहीं आता। गीता भुक्कल ने कहा, 'भाजपा के राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा अक्सर आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करते हैं और हाल ही में उन्होंने धर्म और जाति के नाम पर अपमानजनक बातें करके सभी हदें पार कर दीं। उन्हें शर्म आनी चाहिए और माफी मांगनी चाहिए।' उन्होंने पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि पहलगाम में एक दुखद घटना हुई, जिसमें 26 से अधिक लोगों की जान चली गई। कई परिवार बिखर गए, अपने प्रियजनों को खो दिया। कितनी मां-बहनों के सिंदूर उजड़ गए। ऐसे में पूरा देश एकजुट होकर सरकार और सेना के समर्थन में आया है। वहीं, भाजपा के सांसद ऐसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसकी हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। विधायक ने कहा कि भाजपा में कई और नेता हैं।

# सज्जनता के साथ शक्ति भी जरूरी:मोहन भागवत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि भारत को इतना सामर्थ्यवान बनना चाहिए कि कोई भी शक्ति उसे पराजित न कर सके। उन्होंने संघ प्रार्थना की एक पंक्ति का उल्लेख करते हुए बताया कि यह केवल भावना नहीं बल्कि हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि अपना स्वयं का बल ही वास्तविक बल होता है और सुरक्षा के मामले में हमें किसी अन्य पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। भागवत ने संघ की विचार पत्रिकाओं के संपादकों को दिए साक्षात्कार में देश, समाज और हिंदुत्व से जुड़े कई अहम विषयों पर विस्तार से विचार रखे। उन्होंने आत्मनिर्भर सुरक्षा, सामाजिक समरसता, संघ में महिलाओं की भूमिका और धर्म आधारित जीवन मूल्यों पर स्पष्ट दृष्टिकोण प्रस्तुत किया।उन्होंने कहा कि विश्व में कुछ लोग आक्रामक प्रवृत्ति के होते हैं और केवल सज्जनता से उनकी रोकथाम संभव नहीं है। सज्जनता के साथ



शक्ति भी जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि जब सज्जनता में शक्ति नहीं होती तो वह असहाय बन जाती है और शक्ति यदि सज्जनता से रहित हो तो हिंसा में बदल सकती है। इसलिए दोनों का संतुलन आवश्यक है।उल्लेखनीय है कि मोहन भागवत का यह साक्षात्कार भारत के ऑपरेशन सिंदूर के पहले लिया गया था। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए अत्याचारों से जुड़े एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि अब वहां का हिंदू समाज पहले से अधिक जागरूक और आत्मविश्वासी हो गया है। पहले ऐसे हालात में पलायन होता था लेकिन अब वहां के हिंदू कहते हैं कि वे भागेंगे नहीं बल्कि अपने अधिकारों के लिए वहीं संघर्ष करेंगे। भागवत ने इसे हिंदू समाज के बढ़ते आत्मबल और संगठन का संकेत बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्वभर में फैले हिंदू समाज के साथ खड़ा है। संघ मर्यादाओं के भीतर रहकर जहां भी संभव हो सहायता करता है। संघ का उद्देश्य केवल भारत में नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर हिंदू समाज को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है।हिंदुत्व को लेकर चल रही बहस पर उन्होंने कहा कि हिंदुत्व कोई संप्रदाय नहीं है और न ही यह कोई बंद विचारधारा है। यह सत्य, करुणा, शुचिता और तपस्या जैसे मूल्यों पर आधारित जीवन दृष्टि है जिसमें विविधताओं का सम्मान और स्वीकार है। उन्होंने कहा कि हिन्दुस्थान एक धर्मप्राण राष्ट्र है और धर्म ही सृष्टि को संचालित करता है। यह मानना या न मानना व्यक्ति की इच्छा पर निर्भर करता है लेकिन सत्य को मानने से लाभ होता है और नहीं मानने पर हानि होती है। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदुत्व को कट्टर या राजनीतिक विचार कहना गलत है और यह केवल भ्रम फैलाने का प्रयास है। भागवत ने कहा कि राष्ट्र की एकता का विचार संविधान में भी निहित है। हम सभी एक समाज और एक राष्ट्र हैं। यह अपनत्व का विचार है ना कि ध्रुवीकरण का। उन्होंने यह भी कहा कि कोई स्वयं को हिंदू कहे या भारतीय या इंडिक- यदि उसकी भावना एकता की है तो शब्दों से फर्क नहीं पड़ता। समरसता के विषय पर उन्होंने कहा कि केवल कानून से सामाजिक विषमता समाप्त नहीं होती क्योंकि इसका निवास मन में होता है।

# एनआईए अधिकारियों ने सऊदी हैंडलर्स से मिलने वाले फंड पर भी लगाई रोक




**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** विजयनगरम विस्फोट साजिश मामले में आरोपितों की सुनवाई लगातार आज तीसरे दिन खत्म हो गई है। दिल्ली एनआईए अधिकारियों ने सिराज और समीर के बयान दर्ज किए। सुनवाई के तीसरे दिन कई अहम बातें सामने आईं। पता चला कि सिराज और समीर ने विस्फोटों के लिए हैदराबाद, विजयनगरम, दिल्ली, बेंगलुरु और मुंबई में रेकी की थी। अधिकारियों ने विशाखापत्तनम के एक सेवानिवृत्त राजस्व अधिकारी की भूमिका के बारे में पूछताछ की। पता चला कि समूह में तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र के 12 लोग शामिल थे।बताया जा रहा है कि एनआईए अधिकारियों ने सऊदी हैंडलर्स से मिलने वाले फंड पर भी रोक लगा दी है। अधिकारियों ने आतंकवाद से विदेशी संबंधों, धमाकों की साजिश और वित्तीय लेन-देन पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट्स, संगठन के खातों और विदेशी संबंधी टेलीफोन कॉल्स की जांच की है।

# प्रधानमंत्री मोदी से मिले मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने नई दिल्ली प्रवास के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सौजन्य भेंट की। इस दौरान उनके बीच विभिन्न मुद्दों पर बातचीत हुई। इसके पहले शनिवार को नीति आयोग की गवर्निंग बॉडी की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी की मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव सहित अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों से भेंट हुई थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शीर्ष नेताओं की उपस्थिति में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में हिस्सा लिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का दो दिवसीय नई दिल्ली प्रवास सार्थक और सफल रहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की शासी परिषद (गवर्निंग काउंसिल) की 10वीं बैठक में भाग लिया। यह बैठक 'विकसित राज्य फॉर विकसित भारत @2047' थीम पर केंद्रित थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में शामिल होकर प्रधानमंत्री मोदी का



मार्गदर्शन प्राप्त किया और इस बैठक को भारत के भविष्य निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में सभी राज्य 'टीम इंडिया' की भावना के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज मध्यप्रदेश विकास और लोक कल्याण के संकल्प पथ पर अग्रसर है और निरंतर नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के 'विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत'के निर्माण के विजन से प्रेरित होकर मध्यप्रदेश को देश के अग्रणी राज्यों की प्रथम पंक्ति में स्थापित करने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है।

# लालू प्रसाद यादव के परिवार में कुछ लोग फूट डालने का षड्यंत्र रच रहे: पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि कुशवाहा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** तेजप्रताप यादव को जिस तरह से बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सुप्रीमो लालू यादव ने घर और दल से बाहर का रास्ता दिखाया है, उसे लेकर राजनीतिक गलियारों में तमाम तरह की कानाफूसी हो रही है। इस बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि ने दावा किया है कि कुछ लोग लालू प्रसाद यादव के परिवार में फूट डालने का षड्यंत्र रच रहे हैं। सोमवार को समाचार एजेंसी से बातचीत के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'हाल की घटना ने कई लोगों को हैरान कर दिया है। तेजप्रताप के तलाक का मामला कुछ समय से चल रहा है, परिवार को इसका हल निकालने की कोशिश करनी चाहिए। दूसरी ओर अगर तेजस्वी यादव को राजनीतिक रूप से आगे बढ़ना है और अपना कद बढ़ाना है, तो उन्हें परिवार और पार्टी में अनुभवी और उपयुक्त वरिष्ठ नेताओं का समर्थन चाहिए।उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता है कि यह इतनी बड़ी घटना नहीं थी। तेजप्रताप का तलाक वाला मामला काफी दिनों से चल रहा है।



वह युवा नेता हैं, कहीं न कहीं तो किसी से कनेक्शन तो रहता ही है। यह बड़ी बात नहीं है। मुझे लगता है कि इसे ज्यादा तूल दिया गया। परिवार में फूट डालने के लिए कुछ लोग षड्यंत्र कर रहे हैं। बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने एक पोस्ट के जरिए अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया। लालू ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। अतएव उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित किया जाता है। अपने निजी जीवन का भला-बुरा और गुण-दोष देखने में वह स्वयं सक्षम है। उससे जो भी लोग संबंध रखेंगे, वे स्वविवेक से निर्णय लें। लोकजीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती रहा हूं। परिवार के आज्ञाकारी सदस्यों ने सार्वजनिक जीवन में इसी विचार को अंगीकार कर अनुसरण किया है।

# ऑपरेशन 'सिंदूर' के बाद उभरते खतरों से मुकाबले को सतर्क रहें तीनों सेनाएं : सीडीएस

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने उत्तरी एवं पश्चिमी कमान मुख्यालयों का दौरा किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बाद सशस्त्र बलों की रणनीतिक समीक्षा और ऑपरेशनल स्थितियों का आकलन किया। उन्होंने उभरते खतरों से निपटने के लिए तीनों सेनाओं में निरंतर सतर्कता एवं एकजुटता पर जोर दिया। सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने आज जम्मू एवं कश्मीर के उधमपुर में भारतीय सेना की उत्तरी कमान और हरियाणा के चंडी मंदिर सैन्य स्टेशन में पश्चिमी कमान का दौरा किया।

उन्होंने सेना के कमांडरों लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा एवं लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार तथा उन वरिष्ठ स्टाफ अधिकारियों से बातचीत की, जो ऑपरेशन सिंदूर की योजना एवं क्रियान्वयन में सक्रिय रूप से शामिल थे। उन्होंने यात्रा के दौरान उत्तरी एवं पश्चिमी क्षेत्रों में रणनीतिक समीक्षा और संचालन संबंधी आकलन किया।उधमपुर में सीडीएस को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकी नेटवर्क एवं आतंक को समर्थन देने वाली शत्रु की



परिसंपत्तियों को प्रभावहीन करने और अपनी सैन्य परिसंपत्तियों एवं नागरिकों की रक्षा के लिए उठाए गए उत्तरी सेना के सफल जवाबी कदमों के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें शत्रु की ओर से निशाना बनाए गए सीमावर्ती क्षेत्रों में नागरिकों के पुनर्वास के संबंध में उत्तरी सेना के किए गए प्रयासों के बारे में भी बताया गया। उत्तरी सेना के कमांडर ने सीडीएस को उत्तरी सेना की संचालन एवं लॉजिस्टिक्स संबंधी निरंतर तैयारियों के बारे में जानकारी दी और सीमाओं की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के बारे में आश्वस्त किया। साथ ही जम्मू एवं कश्मीर में आतंकवाद को खत्म करने के लिए संपूर्ण प्रयास करने का भी भरोसा दिया गया।चंडी मंदिर सैन्य स्टेशन में पश्चिमी सेना के कमांडर ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुश्मन के प्रयासों पर प्रतिक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पश्चिमी सीमाओं पर मौजूदा सुरक्षा स्थिति को रेखांकित करते हुए संचालन संबंधी माहौल, रक्षा तैयारियों और अभियान के प्रमुख परिणामों का विस्तृत विवरण दिया गया। इसके अलावा उन्नत लॉजिस्टिक्स क्षमता, उच्च स्तर की संचालन दक्षता में योगदान, वास्तविक समय की स्थिति के बारे में जानकारी, पश्चिमी सेना की सैन्य क्षमता को मजबूत करने की प्रक्रिया पर भी प्रकाश डाला गया।

# मालदीव के विदेश मंत्री समुद्री साझेदारी पर उच्च स्तरीय बैठक में शामिल होने दो दिवसीय यात्रा पर आएंगे नई दिल्ली

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** मालदीव के विदेश मंत्री डॉ. अब्दुल्ला खलील भारत-मालदीव समुद्री साझेदारी पर होने वाली बैठक में हिस्सा लेने नई दिल्ली आएंगे। यह बैठक 26 मई को नई दिल्ली में होगी। वे 25 से 27 मई तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार बैठक में भारत-मालदीव विजन डॉक्यूमेंट की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। यह दस्तावेज अक्टूबर 2024 में राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू की भारत यात्रा में तैयार हुआ था। दस्तावेज में समुद्री सुरक्षा, आर्थिक सहयोग और विकास को प्राथमिकता दी गई है।डॉ. खलील विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से भी मुलाकात करेंगे। इस दौरान द्विपक्षीय मुद्दों और सहयोग पर चर्चा होगी। दोनों नेता नई साझेदारियों पर भी विचार कर सकते हैं। उल्लेखनीय है



कि भारत मालदीव को प्रमुख समुद्री पड़ोसी और रणनीतिक भागीदार मानता है। यह साझेदारी भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति का हिस्सा है। यह यात्रा 'विजन महासागर' नीति को भी मजबूती देती है। डॉ. खलील की यह इस वर्ष तीसरी भारत यात्रा होगी। वे इससे पहले जनवरी और मार्च में भारत आ चुके हैं। लगातार हो रही यात्राएं मजबूत राजनीतिक संवाद का संकेत हैं।

# विदेश मंत्री जयशंकर ने पहली बार कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से की बात

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पहली बार कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से फोन पर बात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और कनाडा के बीच रिश्ते बेहतर बनाने पर चर्चा की। अनीता आनंद ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर यह जानकारी दी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर को भारत-कनाडा संबंधों पर उपयोगी बातचीत के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'कनाडा और भारत के रिश्ते मजबूत करने, आर्थिक सहयोग बढ़ाने और हमारी साझा प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने पर आज हुई उपयोगी बातचीत के लिए मंत्री डॉ. जयशंकर का धन्यवाद। मैं आगे भी मिलकर काम करने की उम्मीद करती हूं।'इसके थोड़ी देर बाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी अपने आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर अनीता आनंद से हुई बातचीत की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि इस बातचीत में भारत और कनाडा के रिश्तों की संभावनाओं पर चर्चा हुई। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से हुई बातचीत सराहनीय रही। हमने भारत-



कनाडा रिश्तों की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्हें सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देता हूं।' कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी भारत के साथ आर्थिक सहयोग बढ़ाना चाहते हैं। भारतीय मूल की 58 साल की सांसद अनीता आनंद को इस महीने की शुरुआत में कनाडा की नई विदेश मंत्री नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति तब हुई जब प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कैबिनेट में बदलाव की घोषणा की। यह फेरबदल लिबरल पार्टी की संसद चुनावों में जीत के करीब दो हफ्ते बाद किया गया।

14 मई को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अनीता आनंद को कनाडा की विदेश मंत्री बनने पर बधाई दी।चुनाव से पहले अनीता आनंद कनाडा की नवाचार, विज्ञान और उद्योग मंत्री थीं। इससे पहले वह रक्षा मंत्री समेत कई अहम जिम्मेदारियां संभाल चुकी हैं। उन्होंने मेलानी जोली की जगह ली है, जो अब कनाडा की उद्योग मंत्री हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे के बाद कनाडा का प्रधानमंत्री चुने जाने पर मार्क कार्नी को बधाई दी थी।

# हिन्दी भवन में हुआ पंडित गोपाल प्रसाद व्यास की रचनावली का लोकार्पण

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पंडित गोपाल प्रसाद व्यास जी द्वारा रचित साहित्य आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना पहले था। अतित व्यतित नहीं होता है बल्कि रास्ता दिखाता है। अपने पत्रिकारिता के दौरान मैंने धमवीर भारती जैसे लोगों से मुझे बहुत कुछ सिखने मिला। उन्होंने रचनावली के आने पर बधाई देते हुए कहा कि यह रचनावली व्यास जी के असंख्य चाहने वालों के लिए आनंद एवं ज्ञान का स्रोत सिद्ध होगी। यह बातें राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने रविवार को हिन्दी भवन के सभागार में हिन्दी भवन के संयोजक, हिन्दी भवन न्यास समिति के संस्थापक मंत्री पंडित गोपाल प्रसाद व्यास की छपी रचनावली का लोकार्पण करते हुए कही।कार्यक्रम की शुरुआत पंडित गोपाल प्रसाद व्यास के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ हुआ। इस दौरान पंडित व्यास की नौ एवं 13 खण्डों में छपी रचनावलीलोकार्पण मंच पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह, पूर्व राज्यपाल व पूर्व कैबिनेट सचिव प्रभात कुमार, हिन्दी भवन के अध्यक्ष डॉ गोपाल चंद्र मिश्र, कवि सुरेन्द्र शर्मा, हास्य कवि डॉ अशोक चक्रधर, चिराग जैन, अरुण जैमिनी, आलोक पौराणिक, इंदिरा मोहन आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर अत्यंत प्रतिष्ठित लाल किला कवि सम्मेलन के लगातार 25 वर्षों तक संयोजक रहे पंडित गोपाल प्रसाद व्यास के साथ कार्यक्रम में पहुंचे कवियों ने श्री व्यास के सम्मान में काव्यांजलि प्रस्तुत की। इस दौरान गोपाल प्रसाद व्यास रचनावली के संपादक तथा हिन्दी भवन के मंत्री डॉ गोविंद व्यास जी ने बताया कि 2005 में व्यास जी के निधन के बाद से ही उनके पाठकों की भारी मांग पर रचनावली प्रकाशित किए जाने के प्रयास किए जा रहे थे, परंतु व्यास जी द्वारा रचित विपुल साहित्य का संपादन कोई सहज कार्य नहीं था। अनेक बार कई जगह बिखरे हुए व्यास जी के रचनाकर्म को सहेजने, उसे क्रमबद्ध किए जाने, जीर्ण-शीर्ण हो जाने के कारण ठीक से पढ़ी न जा सकने वाली रचनाओं को यथासंभव शुद्ध रूप में पाठकों तक पहुंचाने के प्रयासों में, और कई बार अन्य अनेकों अनापेक्षित कारणों से भी विलंब हुआ।

# विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री, डिप्टी एनएसए अगले सप्ताह जाएंगे अमेरिका

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री और राष्ट्रीय उप सुरक्षा सलाहकार (डिप्टी एनएसए) पवन कपूर जल्द वाशिंगटन जाएंगे। शीर्ष पदस्थ सूत्रों ने बताया कि उनका यह दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर तय किया गया है।दोनों शीर्ष अधिकारी अगले सप्ताह अमेरिका रवाना हो सकते हैं। वे ऐसे समय में वहां जा रहे हैं जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई मौकों पर भारत और पाकिस्तान के बीच पिछले दिनों जारी संघर्ष को रोकने में मध्यस्थता का दावा कर चुके हैं। ट्रंप ने कहा था कि संघर्ष विराम के लिए उन्होंने दोनों पक्षों से लंबी बातचीत की थी। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति के दावे को खारिज करते हुए भारत कह चुका है कि संघर्ष विराम के लिए खुद पाकिस्तान ने गुहार लगाई थी जो ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना की कार्रवाई से छटपटा रहा था। उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में गत 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में 26 निर्दोष लोगों के मारे जाने के बाद भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू करते हुए पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया था। विदेश मंत्री एस. जयशंकर



ने भी इस सप्ताह एक साक्षात्कार में कहा था कि भारत के सैन्य ऑपरेशन के दौरान 7 मई से 10 मई के बीच अमेरिका समेत कई देशों ने भारत से संपर्क कर तनाव न बढ़ने देने की अपील की थी। नीदरलैंड की मीडिया आउटलेट एनओएस के साथ साक्षात्कार में उन्होंने कहा था कि हमले और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत का नतीजा थी, जिसके लिए दुश्मन देश (पाकिस्तान) ने पहले पहल की थी।

उन्होंने कहा था कि सैन्य संघर्ष के दौरान दूसरे देशों द्वारा संचार चैनल स्थापित करना स्वाभाविक है। विदेश मंत्री ने कहा था, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने मुझसे बात की जबकि अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की। ट्रंप ने यह भी दावा किया था कि भारत ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते का भी प्रस्ताव रखा है जिसमें 'मूलतः' कई अमेरिकी वस्तुओं पर 'शून्य टैरिफ' की बात कही गई है। उन्होंने कतर की राजधानी दोहा में कहा था, 'उन्होंने हमारे समक्ष एक डील की पेशकश की है जिसमें मूलतः वे हम पर शून्य टैरिफ लगाने की इच्छा जता रहे हैं। इस बीच कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में आठ सदस्यीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने भी अमेरिका और कैरेबियाई देशों की अपनी यात्रा शुरू की।

# साइबर ठगी करने वाले शातिरों को पुलिस ने दबोचा, खुले चौंकाने वाले राज

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** दिल्ली के साइबर पुलिस स्टेशन साउथ वेस्ट की टीम ने सोमवार को तीन कुख्यात ठगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राहुल वर्मा (रायपुर, छत्तीसगढ़), शांतनु रिचोरिया (झांसी, यूपी) और अर्जुन सिंह (सहारनपुर, यूपी, उम्र 25 वर्ष) के रूप में हुई है। इनके पास से पुलिस ने तीन स्मार्टफोन, चार सिम कार्ड, चार बैंक पासबुक और तीन चेकबुक बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक, दिल्ली के राज नगर पालम कॉलोनी निवासी महेंद्र जैन ने साइबर पुलिस में शिकायत दर्ज की थी कि उन्हें व्हाट्सएप वीडियो कॉल के जरिए ठगा गया। 21 मार्च को एक कॉलर, जो खुद को नासिक पुलिस की क्राइम ब्रांच का इंस्पेक्टर संजय बता रहा था, ने जैन को बताया कि उनके आधार कार्ड का दुरुपयोग कैनरा बैंक में फर्जी डेबिट/क्रेडिट कार्ड बनाने में हुआ है। कॉलर ने एक फर्जी कार्ड की तस्वीर दिखाकर दावा किया कि यह एक बड़ी एयरलाइन कंपनी के मालिक द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग में इस्तेमाल हो रहा है। डराने-धमकाने के बाद जैन ने अपनी बचत, सावधि जमा और पत्नी के गहने बेचकर पेटीएम और आरटीजीएस के जरिए 25 लाख रुपये ठगों को ट्रांसफर कर दिए। शिकायत के बाद साइबर पुलिस ने 10 अप्रैल को एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए इंस्पेक्टर प्रवेश कौशिक के नेतृत्व में एसआई चेतन राणा, एचसी मनेंद्र और एचसी विजयपाल की टीम गठित की गई। डीसीपी सुरेंद्र चौधरी और एसीपी विजय कुमार के मार्गदर्शन में टीम ने तकनीकी निगरानी, डिजिटल फुटप्रिंट और मनी ट्रेल का विश्लेषण किया। जांच में पता चला कि ठग दिल्ली के होटलों से फर्जी व्हाट्सएप नंबरों के जरिए अपराध को अंजाम दे रहे थे। वे पूरे देश से खच्चर खातों (धोखेबाजी के लिए प्रयोग किए जाने वाले अकाउंट) का इस्तेमाल करते थे। पूछताछ में खुलासा हुआ कि राहुल वर्मा ने पहले अपना बैंक खाता ठगों को दिया, फिर मुनाफा देखकर खुद इस गोरखधंधे में शामिल हो गया। वह खातों को किराए पर देने और खच्चर खाताधारकों को होटलों में लाने का काम करता था।

## पूर्व पार्षद को शिकस्त देकर लगातार तीसरी बार कॉलेजियम हैड बने देशबंधु कौशिक

**हिसार।** जिला ब्राह्मण सभा के कॉलेजियम चुनाव में 72 नंबर कॉलेजियम में बड़ा उलटफेर करते हुए देशबंधु कौशिक ने पूर्व पार्षद कै. नरेंद्र शर्मा को शिकस्त देकर तीसरी बार कॉलेजियम चुनाव जीता है।जिला ब्राह्मण सभा के सदस्य एवं भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश कौशिक ने रविवार को बताया कि जिला ब्राह्मण सभा कॉलेजियम नंबर 72 से पूर्व पार्षद रहे कै. नरेंद्र शर्मा को हराकर कर देशबंधु कौशिक ने तीसरी बार अपनी जीत को बरकरार रखा है। चुनाव अधिकारी दयानंद वत्स व उनकी टीम ने जीत का प्रमाण पत्र देशबंधु कौशिक को सौंपा। उन्होंने बताया कि जिला ब्राह्मण सभा के बीते कार्यकाल में देशबंधु कौशिक कार्यकारिणी सदस्य व निगरानी कमेटी प्रमुख भी रहे हैं।देशबंधु कौशिक ने अपनी इस जीत को समाज की जीत बताते हुए इसका श्रेय समाज के सदस्यों व अपनी टोली के सदस्यों को दिया, जिनके आशीर्वाद, सहयोग व मार्गदर्शन के चलते उन्होंने लगातार तीसरी बार जीत दर्ज की है। इस अवसर पर नरेश कौशिक, कुलभूषण शर्मा, राहुल, अंकित, जितेंद्र कौशिक, मोहित, भानु शर्मा व सुभाष शर्मा आदि भी उपस्थित रहे।

## समाज की उन्नति में महिलाओं का अमूल्य योगदान : रितु सुनेजा

**हिसार।** निरंकारी मिशन द्वारा सुभाष नगर स्थित निरंकारी भवन में जिला स्तरीय महिला समागम का आयोजन किया गया। समागम में हिसार, बरवाला, उकलाना, आदमपुर, हांसी व बास आदि क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मिशन की श्रद्धालु महिलाओं ने भाग लिया। इस समागम की अध्यक्षता रितु सुनेजा ने की जबकि मंच संचालन मीनू ने किया।महिला समागम में रितु सुनेजा ने कहा कि निरंकारी मिशन का एक ही उद्देश्य है कि ब्रह्म की प्राप्ति, भ्रम की समाप्ति। मिशन की प्रमुख माता सुदीक्षा के आशीर्वाद से मिशन इस उद्देश्य की पूर्ति में लगा है। उन्होंने कहा कि ईश्वर को जानकर ही भक्ति संभव है। इसलिए निरंकारी मिशन उपनिषद वाक्य एको ब्रह्म के अनुरूप कहता है कि एक को जानो, एक को मानो और एक हो जाओ। उन्होंने कहा कि महिला समाज की रीढ़ है और यदि वह आध्यात्मिक मार्ग पर चलते हुए अपना पारिवारिक व सामाजिक धर्म निभाती है तो उससे न केवल उनकी आध्यात्मिक उन्नति होती है, बल्कि परिवार में भी सुख शांति रहती है। रितु सुनेजा ने कहा कि निरंकारी प्रमुख माता सुदीक्षा जी ने महिलाओं के अलग समागम की शुरुआत की है ताकि नारी शक्ति वास्तव में अध्यात्म मार्ग को आत्मसात करती हुई आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि जो कार्य नारी शक्ति कर सकती है वो कोई और नहीं कर सकता है। इसलिए महिलाओं को उनकी शक्ति पहचानने की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य के साथ यह समागम आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान मिशन के हिसार ब्रांच संयोजक संजय खुराना, प्रवक्ता रमेश चुघ आदि भी मौजूद रहे।

## प्री-मानसून बारिश से जलभराव, मेयर ने संभाली कमान

**सोनीपत।** सोनीपत में शनिवार रात हुई तेज प्री-मानसून वर्षा ने नगर निगम की तैयारियों की पोल खोल दी। जलनिकासी व्यवस्था चरमरा गई और शहर के कई हिस्सों में जलभराव हो गया। नगर निगम के अधिकारी निष्क्रिय बने रहे तो रविवार की सुबह मेयर राजीव जैन स्वयं मैदान में उतरकर हालात का जायजा लेते दिखाई दिए। भारी बारिश के बाद सोनीपत शहर के शनि मंदिर अंडरपास, सेक्टर-14 मार्किट, डीएवी स्कूल रोड (सेक्टर-15), गीता भवन चौक, मिशन रोड, ककरोई रोड, परशुराम चौक, दहिया चौक, और रोहतक रोड फ्लाईओवर के पास जलभराव की स्थिति बन गई। मेयर राजीव जैन ने रविवार सुबह शहर का दौरा किया। उन्होंने जाम जालियों को साफ करवाया, डिस्पोज़ल पंप चालू कराया और जलनिकासी शुरू करवाई। ककरोई रोड पर रवि धर्म कांटे वाली गली में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के निर्देश भी दिए। मेयर राजीव जैन ने कहा कि प्री-मानसून बारिश से प्रभावित इलाकों की पहचान कर ली गई है। जल्द ही अधिकारियों की बैठक बुलाकर स्थाई समाधान के लिए योजना बनाई जाएगी ताकि भविष्य में आपातकालीन स्थिति में टीमें तैयार रहें। नगर निगम अधिकारी ने बताया कि हमारी टीमों को सक्रिय कर दिया गया है। सभी चिन्हित स्थलों की नियमित सफाईएवं जलनिकासी सुनिश्चित की जाएगी।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर 36 बिरादरी में उत्साह : डॉ. अरविंद शर्मा

**झज्जर।** राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि रोहतक के पास पहरावर गांव में 30 में को होने जा रहे भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर 30 बिरादरी में भारी उत्साह नजर आ रहा है। इससे साफ है कि कार्यक्रम में भारी भीड़ जुटेगी और लोग भगवान परशुराम के आदर्शों से प्रेरणा लेंगे। मंत्री शर्मा ने ये बात पहरावर में होने वाले कार्यक्रम के निमित्त शनिवार रात को बहादुरगढ़ में स्थानीय निवासियों के साथ बैठक में कही।मंत्री शर्मा ने सूर्य कवि पंडित लख्मीचंद धर्मशाला और गौरी शंकर मंदिर में आमजन की समस्याएं सुनी और राज्य स्तरीय परशुराम जन्मोत्सव का आमंत्रण दिया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वर्ष 2014 के बाद संत महापुरूष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत संत महापुरुषों की जयंती को सरकार के स्तर पर मनाने का निर्णय लिया गया। तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की सोच को आगे बढ़ाया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री का जातिगत जनगणना का निर्णय उनकी दूरदर्शिता का परिचय : नायब सिंह सैनी

**● एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक में शामिल हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री**

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रव्यापी जातिगत जनगणना का ऐतिहासिक निर्णय लेकर दूरदर्शी नेतृत्व का परिचय दिया है। यह निर्णय सामाजिक न्याय की दिशा में एक अभूतपूर्व कदम है जो समाज के सबसे वंचित और उपेक्षित वर्गों को उनके अधिकार और अवसर देने का मार्ग प्रशस्त करेगा। मुख्यमंत्री सैनी रविवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस बैठक में ऑपरेशन सिंदूर में सशस्त्र बलों के पराक्रम और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साहसी नेतृत्व की प्रशंसा कर एक प्रस्ताव भी पारित किया गया। इस एक दिवसीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह,




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा भी शामिल हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि सरकार का सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का मंत्र इस निर्णय में जीवंत रूप से प्रकट हुआ है। यह कदम वंचित समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को समझने में मदद करेगा, जिससे उनकी शिक्षा, रोजगार और समग्र प्रगति के लिए लक्षित नीतियां बन सकेंगी। आपका यह प्रयास समाज के हर कोने तक विकास की रोशनी पहुंचाने की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लंबे समय से चली आ रही मांग को स्वीकार कर अपनी उदारता और दूरदर्शिता का परिचय दिया। यह कदम सिद्ध करता है कि सरकार सभी के विचारों का सम्मान करती है और देशहित में बड़े निर्णय लेने में सक्षम है और यह नेतृत्व भारत को वैश्विक मंच पर और गौरव दिलाएगा। सैनी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने लंबे समय तक जातिगत जनगणना के मुद्दे पर केवल राजनीति की, जिसके कारण समाज के वंचित वर्गों को उनके अधिकारों से वंचित रखा गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना और जन धन योजना जैसी क्रांतिकारी योजनाओं से गरीबों और वंचितों के प्रति अपनी संवेदनशीलता को बार-बार सिद्ध किया है। अब जातिगत जनगणना का यह निर्णय इन प्रयासों को और मजबूती देगा, जिससे समाज का हर तबका सरकार के कल्याणकारी शासन का लाभ उठा सकेगा।

## पानीपत में रिक्त पड़े पंचों के उप चुनाव 15 जून को: जिला उपायुक्त



एजेंसी

**पानीपत।** पानीपत में खाली पड़े 28 पंचों के लिए उपचुनाव 15 जून को होगें। इस चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया 30 मई को शाम 3 बजे तक जारी रहेगी। पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनाव का नामांकन 30 मई तक (29 मई राजपत्रित अवकाश को छोड़कर) भर सकते हैं। इच्छुक प्रत्याशी उक्त अवधि में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक अपना नामांकन भर सकते है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि शनिवार 31 मई को सुबह 10 बजे से नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। सोमवार 2 जून को दोपहर 3 बजे तक उम्मीदवार द्वारा नामांकन वापस लिया जा सकता है और इसी दिन दोपहर बाद 3 बजे उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। इसके बाद रविवार, 15 जून को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। इसी दिन मतगणना होगी और परिणाम की घोषणा की जाएगी। कही भी पुनः मतदान की स्थिति बनती है तो मंगलवार 17 जून को पुनः मतदान करवाया जाएगा। समालखा उपमंडल के गांव चुलकाना के वार्ड 20 के पंच पद के लिए होगा। यह महिला श्रेणी के लिए है। जौरासी खास के वार्ड 11 का चुनाव महिला के लिए है।

# हर गांव व क्षेत्र के समुचित विकास को लेकर सरकार संकल्पित : गौरव गौतम

एजेंसी

**पलवल।** हरियाणा सरकार में खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि पलवल के हर गांव, हर मोहल्ले, हर गली तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना और सबका साथ-सबका विकास के मूल मंत्र को साकार करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पलवल शहर के साथ-साथ हर गांव व क्षेत्र के समुचित विकास को लेकर सरकार संकल्पित है।प्रदेश सरकार में खेल, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता तथा कानून एवं विधायी राज्य मंत्री गौरव गौतम ने गांव लाडियाका में 10 लाख रुपए की लागत से बने अंबेडकर भवन का उद्घाटन व करीब 65 लाख रुपए की लागत से बनाए जाने वाले कम्युनिटी सेंटर का शिलान्यास, करीब 20 लाख रुपए की लागत से बनीवाला रास्ता और 30 लाख रुपए की लागत से मार्किट कमेटी रोड सहित अन्य विकास कार्यों के शिलान्यास व उद्घाटन किए। इसके अलावा उन्होंने करीब 35 लाख रुपए की लागत से गांव राजूपुर से भोलड़ा रोड की रिपेरिंग तथा करीब 66 लाख रुपए की लागत से माला सिंह फार्म हाउस से मोहन सिंह ढाणी रोड तक सडक़ मार्ग का



चौडीकरण व सुदृढ़ीकरण, गांव घोडी से रामपुर रोड और रामपुर खोर से थंथरी रोड व बारात घर शेड के उद्घाटन एवं शिलान्यास किए। इस अवसर पर खेल मंत्री गौरव गौतम ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी देश और प्रदेश का विकास करवाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। चाहे सडक़ों को बनाने की बात हो या स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन के क्षेत्र की बात हो।गांवों में फिरनी व खेत खलिहानों के रास्तों को पक्का किया जा रहा है। इसके अलावा ई-लाइब्रेरी, व्यायामशालाएं और स्वास्थ्य केंद्र का भी निर्माण करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज विभिन्न गांवों में करोड़ों रुपए की लागत के विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास किए गए हैं, जिनका ग्रामीणों को आने वाले समय में भरपूर लाभ मिलेगा।

# वीर सैनिकों व शहीदों को समर्पित होगा परशुराम जन्मोत्सव: डॉ अरविंद शर्मा

एजेंसी

**पानीपत।** हरियाणा के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा है कि 30 मई को गौड़ ब्राहमण विद्या प्रचारिणी संस्था के तीसरे कैंपस पहरावर (रोहतक) में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर राज्य स्तरीय समारोह देश के वीर सैनिकों एवं शहीदों को समर्पित होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कोने-कोने में लोगों में जोश, उत्साह है और इस समारोह में बढ़चढ़ कर 36 बिरादरी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगी। सहकारिता मंत्री डॉ.अरविंद शर्मा संजय कालोनी में भगवान परशुराम धर्मशाला में पहुंचे, उन्होंने कहा कि पहरावर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव सैनिकों और शहीदों के सम्मान में, भगवान परशुराम की शान में, 36 बिरादरी के कल्याण में, ब्राहमण है । उन्होने कहा कि गौड ब्राहमण विद्या प्रचारिणी संस्था बहुत पुरानी संस्था है। शर्मा ने इस मौके पर कहा कि यह कार्यक्रम सामाजिक कार्यक्रम है और 15 एकड़ में इस कार्यक्रम का आयोजन होगा जहां पर सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इस



कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली करेंगे। कार्यक्रम में हरियाणा के मंत्रीगण, विधायकगण के साथ-साथ आस पास के राज्यों के मंत्रीगण भी वशिष्ठ अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। उन्होंने सभी को एक बार फिर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आमंत्रण देते हुए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के लिए आहवान किया। इस अवसर पर भगवान परशुराम धर्मशाला प्रधान रामफल शर्मा, सतीश गौतम, रघुबीर सरपंच मांडी, राजू डिडवाडी, सुरेन्द्र शर्मा सनौली, हवा सिंह, बलवान शर्मा, पार्षद अजय शर्मा, आदि उपस्थित रहे।

# पीएम के मन की बात कार्यक्रम से सकारात्मक ऊर्जा का होता है संचार : श्याम सिंह राणा

एजेंसी

**रेवाड़ी।** हरियाणा के कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने कुंड में बावल विधायक डॉ. कृष्ण कुमार और भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना पोपली के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक कार्यक्रम मन की बात को सुना। इस कार्यक्रम के बाद कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा और विधायक डॉ कृष्ण कुमार खोल मंडल द्वारा आयोजित परिचय बैठक में भी शामिल हुए। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की



बात कार्यक्रम में स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का आग्रह, विधार्थियों के लिए परीक्षा की नई सोच और पर्यावरण संरक्षण में जनभागीता की बात बड़ी प्रेरणादायक रूप से की है। जल संरक्षण पर उन्होंने कहा कि बारिश की बूंदों को संरक्षित करके भी हम बहुत सारा पानी बर्बाद होने से बचा सकते हैं। विधायक डॉ.कृष्ण कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम समाज को बहुत बड़ी प्रेरणा देता है और समाज को इस कार्यक्रम से बहुत बड़ी सीख मिलती है। कुंड पहुंचने पर भाजपा नेता डॉ.अरविंद यादव, मंडल अध्यक्ष सुभाष यादव, जीतू चेयरमैन और यशु प्रधान ने मंत्री व विधायक को पगड़ी पहनाकर सम्मानित कर गुलदस्ता भेंट किया।

## प्रदेश में समान रूप से तेजी से हो रहे विकास कार्य : श्याम सिंह राणा

एजेंसी


**रेवाड़ी।** प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा है कि केंद्र व प्रदेश सरकार विजन 2047 के लक्ष्य को सामने रखते हुए विकास कार्यों को गति प्रदान कर रही है। प्रदेश विकास कार्यों में तेजी से अग्रणी बन रहा है । कृषि मंत्री बावल विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ.कृष्ण कुमार के साथ गांव टीट में ग्रामीणों की जनसमस्याओं को सुन रहे थे। गांव टीट में पहुंचने पर समाजसेवी दिनेश यादव टीट, जीतू चेयरमैन व प्रदीप ठेकेदार सहित ग्रामीणों ने कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व विधायक डॉ कृष्ण कुमार को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रदेश के सभी वर्ग खुश है । सरकार द्वारा चलाई जा रही नीतियों का फायदा आम आदमी तक सीधा पहुंच रहा है ।

सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है ओर जो वायदे करती है उसको पूरा करती है। विधायक डॉ. कृष्ण कुमार ने क्षेत्र की कुछ समस्याओं को कृषि मंत्री के समक्ष रखा जिस पर मंत्री ने उन्हें शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया।

# शिक्षा केवल रटने और अकादमिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं रहनी चाहिए : बंडारू दत्तात्रेय

एजेंसी

**पानीपत।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने पानीपत के समालखा में आयोजित विद्या भारती के प्रांतीय आचार्य सम्मेलन को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने मूल्य आधारित और समावेशी शिक्षा के महत्व पर जोर दिया, जो उद्योग की उभरती जरूरतों और भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप हो। उन्होंने शिक्षकों, अकादमिक नेताओं और विद्वानों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल रटने और अकादमिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। यह छात्रों में नैतिक मूल्य, आलोचनात्मक सोच और नवाचार की भावना विकसित करे। उन्होंने समावेशी, सुलभ और सामाजिक-आर्थिक विविधता के अनुकूल शिक्षा प्रणाली की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि छात्रों को अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ नैतिकता, सामाजिक जिम्मेदारी और वैश्विक कार्यबल की मांगों के अनुरूप कौशल से लैस करना होगा। उन्होंने शिक्षकों से छात्रों का करुणा और ज्ञान के साथ मार्गदर्शन करने का आह्वान किया। दत्तात्रेय ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार की



सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हरियाणा सरकार अनेक पहल कर रही है। संस्थान द्वारा संचालित लगभग 25000 शिक्षण संस्थानों में एक लाख 50 हजार आचार्यों द्वारा लगभग 32 लाख से अधिक विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान की जा रही है। उन्होंने विद्या भारती के शैक्षिक सुधारों और शिक्षक उत्कृष्टता को प्रोत्साहन देने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रांतीय आचार्य सम्मेलन जैसे मंच राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो शैक्षणिक नवाचार और सर्वोत्तम प्रथाओं पर विचार-विमर्श को बढ़ावा देते हैं। विद्या भारती के उपाध्यक्ष अवनीश भटनागर, एंटी करप्शन ब्यूरो के निदेशक व संस्थान के पूर्व छात्र शक्ति पाठक एवं विद्या भारती के महामंत्री देशराज शर्मा ने भी सम्मेलन में अपने विचार रखें।

# संविधान हमें अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है : राव नरबीर सिंह

एजेंसी

**गुरुग्राम।** उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि हमारा संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की आत्मा है। संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता, न्याय और भाईचारे के आदर्शों की ओर अग्रसर करता है। यह बात उन्होंने अर्टिमिस अस्पताल में राजनीति की पाठशाला संस्था द्वारा आयोजित हमारा संविधान हमारा अभिमान कार्यक्रम में कही।

उन्होंने कहा कि संविधान की प्रस्तावना न केवल नागरिकों को उनके अधिकारों की जानकारी देती है, बल्कि उन्हें सशक्त नागरिक के रूप में समाज के प्रति अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित भी करती है। राव न रबीर सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान 26 नवम्बर 1949 को अपनाया गया और 26 जनवरी 1950 को इसे लागू किया गया। भारत का संविधान भारत के लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समतावादी ढांचे को परिभाषित करने वाला आधारभूत दस्तावेज है। पिछले सात दशकों में, इसने राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक परिवर्तनों के माध्यम से राष्ट्र का मार्गदर्शन किया है, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और



बंधुत्व सुनिश्चित किया है-जो भारत के शासन के मूल सिद्धांत हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में जीवन यापन के सभी आवश्यक तत्व समाहित हैं। यह हमें बताता है कि समाज में किस प्रकार संयम, समरसता और सहयोग के साथ जीवन जीया जाए। इसके माध्यम से नागरिक न केवल अपने अधिकारों से परिचित होते हैं, बल्कि अपने कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक बनते हैं। राव ने कहा युवाओं को संविधान के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देना आवश्यक है। क्योंकि वे ही राष्ट्र निर्माण के भावी शिल्पकार हैं। उन्होंने सभी उपस्थितों से आह्वान किया कि वे संविधान का गहन अध्ययन करें, उसमें निहित अधिकारों और कर्तव्यों को आत्मसात करें, और भारत को एक सशक्त, समरस और प्रगतिशील राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दें। कैबिनेट मंत्री ने इस दौरान प्रखर कवि एवं पूर्व सांसद स्वर्गीय श्रीकांत वर्मा को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

**गुरुग्राम को पॉलीथिन मुक्त बनाने का आह्वान:** पर्यावरण मंत्री ने कहा कि गुरुग्राम एक तेजी से विकसित होता शहर है, और ऐसे में विकास के साथ उत्पन्न हो रही समस्याओं का समय पर समाधान भी अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि बढ़ते शहरीकरण के चलते पर्यावरण संरक्षण एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है, और इसके समाधान हेतु जनसहभागिता अनिवार्य है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे पॉलीथिन मुक्त गुरुग्राम अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें। अपने शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल बनाने में योगदान करें। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम को हम सब मिलकर ही स्वच्छ, सुंदर और स्वास्थ्यवर्धक बना सकते हैं।

## फरीदाबाद में आकाशीय बिजली गिरने से तीन भैसों की मौत

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में तडक़े तेज बारिश व आंधी तूफानी के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से तीन भैंसों की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद पीड़ित के यहां गांव के लोगों का जमावड़ा लग गया और सभी इस घटना को लेकर अचंभित है। दरअसल तिगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव भुआपुर निवासी राजेंद्र पुत्र तुल्ली पेशे से किसान है और पशुधन पालते है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन की तरह रात को वह अपने प्लाट में तीन भैंसों सहित अन्य पशुओं को बांधकर गए थे। रविवार सुबह हुई तेज बरसात और आंधी के दौरान यहां आकाशीय बिजली गिरी, जब बारिश बंद हो गई, तब उन्होंने प्लाट पर जाकर देखा तो प्लाट पर बंधी तीनों भैंसें मरी हुई पड़ी थी। जांच करने पर पता चला कि आकाशीय बिजली गिरने से उनकी भैंसों की मौत हुई है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से इस पशुधन की हानि की एवज में मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

# गुरुग्राम में हुई 74 एमएम बरसात से शहर में कई जगह पर हुआ जलभराव

एजेंसी

**गुरुग्राम।** आधी रात के बाद हुई मूलसलाधार बरसात से शहर पानी-पानी हो गया। अनेक क्षेत्रों में बरसात का पानी भर गया, जो कि रविवार शाम तक भी भरा रहा। नगर निगम ने शहर में जल्द जलभराव के दावे किए, लेकिन पुराना सिविल अस्पताल, पुराना दिल्ली रोड समेत कई स्थानों पर सडक़े तालाब जैसी नजर आई। बीती रात को गुरुग्राम में तेज आंधी के बीच मूसलाधार बरसात हुई। बरसात व आंधी से काफी स्थानों पर पेड़ भी टूट गए। टूटे पेड़ों को हटाने के लिए नगर निगम कर्मचारियों के अलावा यातायात पुलिस ने भी काम किया। गुरुग्राम में 74 एमएम बारिश हुई। जिस कारण से कई इलाकों में जलजमाव हो गया। गुरुग्राम-जयपुर एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन के नाले से पानी बाहर निकलकर मुख्य सडक़ तक आ गया। पानी के साथ गंदगी भी बाहर आ गई और



सडक़ पर फैल गई। इस कारण दुपहिया वाहन चालकों को अधिक परेशानी हुई। सर्विस लेन में काफी गहरा पानी भर गया, जिससे दुपहिया वाहन चालक एक्सप्रेस-वे पर ही चलने को मजबूर हुए। बरसात से गर्मी से तो राहत मिली, लेकिन आमजन की समस्या जलभराव से बढ़ गई। जलभराव में लोगों के वाहन पानी में फंसे रहे। गुरुग्राम की कई निचली कालोनियों में जलभराव हुआ। इसी तरह से कई मुख्य सडक़ें भी बरसाती पानी से लबालब रही। नगर निगम भले ही जल निकासी के दावे कर रहा हो, लेकिन पुराना सिविल अस्पताल और राजकीय ब्वॉयज स्कूल के आगे घुटनों से भी ज्यादा पानी शाम तक भरा रहा। इसी तरह पुराना दिल्ली रोड पर केंद्रीय विद्यालय के सामने आने-जाने वाली सडक़ पर काफी गहरा पानी भरा रहा। दुपहिया, तिपहिया वाहन इस पानी में फंसकर बंद भी हो गए।

# मूंगफली तेल महंगा, सोयाबीन रिफाइंड, पाम तेल नरमी



**इंदौर।** सप्ताहांत खाद्य तेलों में भाव ऊपर नीचे हुए। प्रोडक्शन सेंटरों की तेजी के समर्थन से मूंगफली तेल महंगा बिका। सोयाबीन रिफाइंड तथा पाम तेल सस्ता बिका। तिलहनों में रिफाइनरी प्लांटों की लिवाली रही, इससे भाव ऊंचे रहे। मूंगफली तेल 1360 से 1380 रुपये प्रति 10 किलोग्राम खुला जो 1410 से 1430 रुपये पर रुका। हालांकि कारोबार के दौरान भाव ऊपर नीचे हुए। सोयाबीन रिफाइंड 1230 से 1235 रुपये पर खुलकर 1225 से 1230 रुपये बिका। पाम तेल 1275 से 1280 रुपये खुलकर 1265 से 1270 रुपये होकर थमा। तिलहन जिन्सों में मांग से मिश्रित रंगत दर्ज की गई। पशु आहार कपास्या खली में लिवाली से मजबूती रही।

# चना कांटा, मसूर, तुअर में नरमी, दालों में घट-बढ़



इंदौर, 25 मई (वार्ता) संयोगितागंज अनाज मंडी में सप्ताहांत दलहन जिन्सों में नरमी दर्ज की गई। दालों के दामों में मिश्रित रंगत रही। चावल में खरीदी से तेजी रही। सोमवार को चना कांटा 6050 से 6100 रुपये खुलने के बाद 6000 से 6075 रुपये होकर थमा। मूंग 8000 से 8500 रुपये पर खुलने के बाद नीचे में 7200 रुपये बिकी। भाव 7600 से 7700 रुपये बोले गए। कारोबार में तुअर 6400 से 7500 रुपये खुलकर 6400 से 7200 रुपये बिकी। उड़द 7500 से 8000 पर खुलकर 7200 से 7800 रुपये रही। मसूर 6350 से 6400 पर खुलने के बाद 6190 से 6150 रुपये प्रति क्विंटल बिकी। दालों में भाव मांग सुस्ती से ऊपर नीचे हुए। सप्ताहांत चना दाल, तुअर दाल, मूंग दाल में भाव कम हुए। गेहूं आटा में लिवाली सुस्ती से मंदा रहा। वहीं दलिया भी सस्ती बिकी। इस बीच चना बेसन में भाव कम हुए। चावल में मजबूती रही।

## बंपर लाभांश से राजकोषीय हालात बेहतर करने में मिलेगी मदद; 70000 करोड़ अतिरिक्त खर्च कर सकेगी सरकार

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 2.69 लाख करोड़ रुपये के बंपर लाभांश से सरकार की राजकोषीय स्थिति बेहतर हो सकेगी। साथ ही, दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में वृद्धि को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। एसबीआई ने इकोरैप रिपोर्ट में कहा, हमारा अनुमान है कि बंपर लाभांश से राजकोषीय घाटा बजट स्तर से 0.2 फीसदी कम होकर जीडीपी का 4.2 फीसदी रहेगा। यह वैकल्पिक रूप से करीब 70,000 करोड़ के अतिरिक्त खर्च का रास्ता भी खोलेगा, जबकि अन्य चीजें में कोई बदलाव नहीं होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2025-26 के बजट में 2.56 लाख करोड़ का लाभांश मिलने का अनुमान लगाया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह अधिशेष भुगतान मजबूत सकल डॉलर की बिक्री, उच्च विदेशी मुद्रा लाभ और ब्याज आय में लगातार वृद्धि की वजह से है। आरबीआई जनवरी में एशिया के अन्य केंद्रीय बैंकों की तुलना में विदेशी मुद्रा भंडार का शीर्ष विक्रेता था। सितंबर, 2024 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 704 अरब डॉलर के शिखर पर पहुंच गया था। आरबीआई से बंपर लाभांश मिलने से सरकार बुनियादी ढांचे पर अपना खर्च बढ़ा सकती है।

## भारत अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति है, यह एक मामूली उपलब्धि नहीं हैः आनंद महिन्द्रा

**नई दिल्ली।** भारत के लिए अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर एक बड़ी और गौरवपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल कर लिया है। इस उपलब्धि पर उद्योगपति आनंद महिन्द्रा ने सोशल मीडिया पर एक भावुक और प्रेरक प्रतिक्रिया दी है, जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं। आनंद महिन्द्रा ने एक्स पर दुनिया की टॉप 10 अर्थव्यवस्थाओं की सूची साझा करते हुए अपने बिजनेस स्कूल के दिनों को याद किया। उन्होंने लिखा, जब मैं बिजनेस स्कूल में था, तब भारत का जीडीपी में जापान से आगे निकलना महज़ एक कल्पना जैसा लगता था। आज यह मील का पत्थर हकीकत बन चुका है- भारत अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति है। यह एक मामूली उपलब्धि नहीं है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि इस उपलब्धि पर जश्न के साथ-साथ आगे की चुनौतियों पर भी ध्यान देना जरूरी है। खासकर प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाना अगला बड़ा लक्ष्य होना चाहिए। इसके लिए उन्होंने इन्फ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा और मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में सुधार की निरंतर आवश्यकता बताई। इस रिपोर्ट को लेकर नीति आयोग के बीवीआर सुब्रमण्यम ने भी कहा कि भारत की इकोनॉमी अब 4 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो चुकी है।

# सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी की बढ़ी चमक

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने के भाव में कमजोरी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 400 रुपये से लेकर 440 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। भाव में गिरावट आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 97,640 रुपये से लेकर 97,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 89,500 रुपये से लेकर 89,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में आज मामूली तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज एक लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 97,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 89,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना आज 97,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और



22 कैरेट सोना 89,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 97,690 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 97,640 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 89,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 97,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 97,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 89,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 89,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

जयपुर में 24 कैरेट सोना 97,790 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 97,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 89,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# विदेशी मुद्रा भंडार 4.9 अरब डॉलर गिरकर 685.7 अरब डॉलर पर




**एजेंसी**
**मुंबई।** स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आारक्षित निधि में भारी कमी होने से 16 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.9 अरब डॉलर लुढ़ककर 685.7 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.6 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 690.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 16 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 27.9 करोड़ डॉलर की मजबूती के साथ 581.7 अरब डॉलर पर पहुंच गई। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 5.1 अरब डॉलर की भारी गिरावट आई और यह घटकर 81.2 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह एसडीआर 4.3 करोड़ डॉलर कम होकर 18.5 अरब डॉलर रह गया। इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि में 30 लाख डॉलर की कमी आई और यह पिछले सप्ताह के मुकाबले घटकर 4.4 अरब डॉलर पर आ गई।

# एक हफ्ते में 2,950 रुपये तक महंगा हुआ सोना, चांदी भी पूरे सप्ताह में 2,900 रुपये उछला

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने में तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 510 रुपये से 560 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। भाव में तेजी आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 98,080 रुपये से लेकर 98,230 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 89,900 रुपये से लेकर 90,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 99,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। साप्ताहिक आधार पर देखा जाए तो सोमवार से शनिवार तक के कारोबार के बाद देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोने के भाव में 2,950 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की मजबूती दर्ज की गई है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी पिछले एक सप्ताह के दौरान 2,700 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो चुका है। सोने की तरह



चांदी की कीमत में भी सोमवार से शनिवार तक के कारोबार के बाद 2,900 रुपये प्रति किलोग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 98,230 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 90,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 98,080 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 98,130 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

# इंडोनेशिया के राष्ट्रपति और चीन के पीएम ने की टैरिफ पर चर्चा, मलयेशिया ने कहा- हम एकजुट हों

**एजेंसी**
**बीजिंग।** चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो से मुलाकात की और अमेरिका के वैश्विक व्यापार युद्ध तथा आर्थिक वैश्वीकरण के समक्ष चुनौतियों के दौरान व्यापार और निवेश बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। ली दक्षिण-पूर्व एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था इंडोनेशिया की तीन दिवसीय यात्रा पर शनिवार दोपहर को इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता पहुंचे। यह इस साल उनकी पहली विदेश यात्रा का पहला पड़ाव था। इंडोनेशिया और चीन 20 प्रमुख विकासशील देशों और उभरती अर्थव्यवस्थाओं व ब्रिक्स के सदस्य देश हैं। ली रविवार शाम को इंडोनेशिया-चीन व्यापार स्वागत समारोह में अपने संबोधन के लिए 60 प्रमुख चीनी व्यवसायियों को अपने साथ लाए। उन्होंने अपने भाषण में इस बात पर जोर दिया कि बढ़ती बाहरी चुनौतियों के बावजूद चीन की अर्थव्यवस्था ने इस साल तेजी से विकास हासिल किया है। ली ने इस कार्यक्रम में कहा, वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय स्थिति गतिरोध की स्थिति



में है, एकतरफावाद और संरक्षणवाद बढ़ रहा है, धमकाने वाला व्यवहार बढ़ रहा है। इस कार्यक्रम में सुबियांटो भी मौजूद थे।

ली ने कहा कि इस वर्ष गुटनिरपेक्ष आंदोलन की 70वीं वर्षगांठ है, जिसे एशियाई और अफ्रीकी देशों द्वारा इंडोनेशिया के बांडुंग शहर में आयोजित किया गया था, जब सात दशक से अधिक समय पहले विश्व एक ऐतिहासिक चौराहे पर था। ली ने कहा कि एकजुटता, मैत्री और सहयोग की बांडुंग भावना ने वैश्विक दक्षिण देशों की एकता और सहयोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।ली ने कहा, सात दशक से भी अधिक समय बाद, दुनिया एक बार फिर महत्वपूर्ण चौराहे पर है।उन्होंने सभी देशों से बातचीत और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के माध्यम से मतभेदों को सुलझाते हुए साझा आधार तलाशने का आह्वान किया। मलेशिया ने कहा- अमेरिकी टैरिफ से निपटने के लिए एकजुट रहना चाहिए मलेशिया के विदेश मंत्री मोहम्मद हसन ने कहा कि दक्षिण पूर्व एशियाई देशों को क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण में तेजी लानी चाहिए।

# राइजिंग नॉर्थ ईस्ट शिखर सम्मेलन में 4.30 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव आए : सिंधिया

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर भारत भी अब आर्थिक मजबूती की दिशा में देश के साथ मिलकर आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। उत्तर पूर्व क्षेत्र विकास मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित राइजिंग नॉर्थ ईस्ट शिखर सम्मेलन में 4.30 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव आए हैं।

दिल्ली में दो दिन तक चले राइजिंग नॉर्थ ईस्ट शिखर सम्मेलन के समापन के मौके पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा की उत्तर पूर्व वैश्विक साझेदारी और आपसी हित के केंद्र के रूप में उभर कर सामने आया है। उत्तर पूर्व क्षेत्र विकास मंत्रालय में मुख्य रूप से कृषि खेल निवेश प्रोत्साहन पर्यटन बुनियादी ढांचा वस्त्र और हस्तशिल्प आर्थिक गलियारा इकोनामिक कॉरिडोर और पशुपालन के क्षेत्र में आठ उच्च स्तरीय कार्य बल का गठन किया है जिससे उत्तर पूर्व के




प्रत्येक राज्य को अपने विकास का रोड मैप तैयार करने में सहायता मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उत्तर पूर्व क्षेत्र विकास मंत्रालय निवेशकों, विदेशी राजनयिकों, राजदूतों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ चर्चा कर रहा है और उन्हें उत्तर पूर्व के राज्यों में निवेश के अवसरों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। पिछले एक साल में मंत्रालय ने इस दिशा में व्यापक राष्ट्रव्यापी और अंतरराष्ट्रीय जुड़ाव के प्रयास का नेतृत्व किया है। इन प्रमुख पहलों में भारत के मुख्य शहरों में नौ घरेलू रोड शो, 95 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों के साथ राजदूतों की बैठकें, छह राज्य स?तरीय गोलमेज सम्मेलन और सार्वजनिक उपक्रमों, उद्योग मंडलों और कॉर्पोरेट्स के साथ कई परामर्श बैठकें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन चर्चाओं से वास्तविक परिणाम सामने आए हैं और 4.30 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।राइजिंग नॉर्थ ईस्ट शिखर सम्मेलन 2025 पर टिप्पणी करते हुए मंत्री ने कहा कि उत्तर पूर्व क्षेत्र विकास मंत्रालय की स्थापना के बाद से यह पहली बार है कि इस पैमाने पर निवेश शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी, अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी और वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल समेत उद्योग जगत के प्रमुखों ने उत्तर पूर्व क्षेत्र में अवसरों का पता लगाने के लिए सामूहिक रूप से 1,55,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की घोषणा की थी।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर



**एजेंसी**
**नई दिल्ली।**अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे।तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.92 प्रतिशत उबलकर 61.76 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसी तरह लंदन ब्रेंट क्रूड 0.39 प्रतिशत की तेजी लेकर 65.03 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# अगले सप्ताह 9 नए आईपीओ की लॉन्चिंग, तीन कंपनियां करेंगी शेयरों की लिस्टिंग

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में तेजी का माहौल बनते ही प्राइमरी मार्केट में भी हलचल नजर आने लगी है। सोमवार से शुरू हो रहे कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट काफी गुलजार रहने वाला है। इस सप्ताह 9 नए आईपीओ की लॉन्चिंग होने वाली है। इनमें से 4 मेनबोर्ड सेगमेंट के हैं। इसके साथ ही पिछले सप्ताह 22 मई को सब्सक्रिप्शन के लिए खुले एक आईपीओ में भी कल (26 मई) तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ लॉन्चिंग के अलावा इस सप्ताह तीन कंपनियां अपने शेयरों की लिस्टिंग के जरिए स्टॉक मार्केट में कारोबार की शुरुआत करेंगी। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन 26 मई को एजीस वोपैक टर्मिनल्स का 2,800 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में 28 मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 223 रुपये से 235 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 63 शेयर का है। कंपनी के शेयरों का एलॉटमेंट 29 मई को किया जाएगा। इनकी लिस्टिंग 2 जून को बीएसई और एनएसई पर होगी। इसी तरह लीला ब्रांड के तहत लग्जरी होटल और रिसॉर्ट चल चलने वाली कंपनी श्लॉस बैंगलोर लिमिटेड का 3,500 करोड़ रुपये का आईपीओ भी 26 मई को ही सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में 28 मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 413 रुपये से 435 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 34 शेयर का है। कंपनी के शेयरों का एलॉटमेंट 29 मई को किया जाएगा। वहीं इनकी लिस्टिंग 2 जून को बीएसई और एनएसई पर होगी। इसके अगले दिन 27 मई को प्रोस्ट्रैम इन्फो सिस्टम का 168 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में 29 मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 95 रुपये से 105 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 142 शेयर का है। कंपनी के शेयरों का एलॉटमेंट 30 मई को किया जाएगा। वहीं इनकी लिस्टिंग 3 जून को बीएसई और एनएसई पर होगी। इसी दिन एस्टोनिया लैब्स का 37.67 करोड़ रुपये का आईपीओ भी सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में 29 मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 128 रुपये से 135 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,000 शेयर का है। कंपनी के शेयरों का एलॉटमेंट 30 मई को किया जाएगा। वहीं इनकी लिस्टिंग 3 जून को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर होगी। इसी तरह ब्लू वाटर लॉजिस्टिक्स का 40.50 करोड़ रुपये का आईपीओ भी 27 मई को ही सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में भी 29 मई तक बोली लगाई जा सकेगी।

# जेआईएल और अन्य के खिलाफ कार्रवाई, छापेमारी में 1.70 करोड़ रुपये नकद और अचल संपत्ति से जुड़े दस्तावेज जब्त

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड (जेआईएल), जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) और अन्य कंपनियों के परिसरों पर कई गई छापेमारी में 1.70 करोड़ रुपये नकद और अचल संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज जब्त किए हैं। घर खरीदने वालों से कथित धोखाधड़ी के मामले में धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) की जांच के तहत यह कार्रवाई की गई। ईडी ने 23 मई को दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और मुंबई में कुल 15 ठिकानों पर छापेमारी की थी। यह कार्रवाई धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की गई। जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा, जांच में जेएएल, उसकी सहयोगी कंपनियों, प्रमोटर्स और निदेशकों के कार्यालयों और परिसरों को शामिल किया गया। इसके अलावा, जेएएल के गौरसंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, गुलशन होम्ज



प्राइवेट लिमिटेड और महागुण रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड जैसे मुख्य कारोबारी साझेदारों के ठिकानों पर भी छापे मारे गए। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) और उत्तर प्रदेश पुलिस ने जेएएल, जेआईएल और उनके प्रमोटर्स, निवेशकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी, जिससे बाद धनशोधन की जांच शुरू हुई। प्राथमिकी में बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश के आरोप लगाए गए हैं। इसमें कहा गया है कि जेपी विशटाउन (जेआईएल) और जेपी ग्रीन्स (जेएएल) ने परियोजना में फ्लैट और प्लॉट देने के नाम पर घर खरीददारों और निवेशकों को गुमराह किया और उनसे पैसे निवेश करवाए गए।

# रुपए ने लगाई लंबी छलांग, डॉलर के मुकाबले हो गया मजबूत

**नई दिल्ली।** भारतीय रुपए की मजबूती का दौर लगातार जारी है। रुपए ने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 40 पैसे की जबरदस्त तेजी दिखाते हुए 85.05 प्रति डॉलर के स्तर को छू लिया। डॉलर की कमजोरी और घरेलू शेयर बाजारों की मजबूती ने इस उछाल में अहम भूमिका निभाई। साथ ही विदेशी निवेश में वृद्धि और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सरकार को रिकॉर्ड डिविडेंड देने की घोषणा ने भी रुपए को मजबूती प्रदान की है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 85.02 प्रति डॉलर पर खुला और मजबूत होकर 84.98 के स्तर तक पहुंचा। बाद में यह 85.05 प्रति डॉलर पर स्थिर हुआ, जो पिछले सत्र के मुकाबले 40 पैसे की मजबूती को दर्शाता है। रुपया 85.45 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस दौरान, छह प्रमुख वैश्विक मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर इंडेक्स 0.34फीसदी गिरकर 98.67 पर आ गया। घरेलू शेयर बाजारों में भी तेजी देखने को मिली, जहां बीएसई सेंसेक्स 630.68 अंक चढ़कर 82,351.76 पर और निफ्टी 187 अंक की बढ़त के साथ 25,040.15 के स्तर पर पहुंच गया।

# टॉप 10 की 6 कंपनियों का मार्केट कैप 78 हजार करोड़ गिरा, रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे ज्यादा नुकसान

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 6 कंपनियों के मार्केट कैप में 78 हजार करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आ गई। इनमें सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। दूसरी ओर, टॉप 10 में शामिल 4 कंपनियों के मार्केट कैप में 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। इनमें सबसे अधिक मुनाफा भारती एयरटेल को हुआ। इस सप्ताह के कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), इंफोसिस और हिन्दुस्तान यूनिलीवर के मार्केट कैप में 78,166.08 करोड़ रुपये की गिरावट आ गई। दूसरी ओर, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, आईटीसी और एचडीएफसी बैंक के मार्केट कैप में 15,946.03 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। कारोबार के दौरान 19 मई से 23 मई के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 40,800.40 करोड़ रुपये घट कर 19,30,339.56 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 17,710.54 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 12,71,395.95 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा इंफोसिस का मार्केट कैप 10,488.58 करोड़ रुपये गिर कर 6,49,876.91 करोड़ रुपये के स्तर पर, हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 5,462.80 करोड़ रुपये कम होकर 5,53,974.88 करोड़ रुपये के स्तर पर, आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 2,454.31 करोड़ रुपये घट कर 10,33,868.01 करोड़ रुपये के स्तर पर और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का मार्केट कैप 1,249.45 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 7,05,446.59 करोड़ रुपये



के स्तर पर और पहुंच गया। दूसरी ओर, भारती एयरटेल का मार्केट कैप सोमवार से शुक्रवार के कारोबार के बाद 10,121.24 करोड़ रुपये बढ़ कर 10,44,682.72 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह बजाज फाइनेंस का मार्केट कैप 4,548.87 करोड़ रुपये बढ़ कर 5,74,207.54 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसके अलावा आईटीसी का मार्केट कैप 875.99 करोड़ रुपये की मजबूती के साथ 5,45,991.05 करोड़ रुपये के स्तर पर और एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 399.93 करोड़ रुपये की तेजी के साथ 14,80,723.47 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज 19,30,339.56 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के साथ देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक (कुल मार्केट कैप 14,80,723.47 करोड़ रुपये), टीसीएस (कुल मार्केट कैप 12,71,395.95 करोड़ रुपये), भारती एयरटेल (कुल मार्केट कैप 10,44,682.72 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (कुल मार्केट कैप 10,33,868.01 करोड़ रुपये), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कुल मार्केट कैप 7,05,446.59 करोड़ रुपये), इंफोसिस (कुल मार्केट कैप 6,49,876.91 करोड़ रुपये), बजाज फाइनेंस (कुल मार्केट कैप 5,74,207.54 करोड़ रुपये), हिंदुस्तान यूनिलीवर (कुल मार्केट कैप 5,53,974.88 करोड़ रुपये) और आईटीसी (कुल मार्केट कैप 5,45,991.05 करोड़ रुपये) के नाम सबसे मूल्यवान टॉप 10 कंपनियों के लिस्ट में दूसरे से दसवें स्थान पर बने रहे।

# लाहौर कलंदर्स ने चार साल में तीसरी बार जीता पीसीएल का खिताब

**एजेंसी**

**लाहौर।** जिम्बाब्वे के हरफनमौला सिकंदर रजा ने टॉस से महज 10 मिनट पहले इंग्लैंड से यहां पहुंचकर लाहौर कलंदर्स को चार साल में पाकिस्तान सुपर लीग का तीसरा खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। खिताब जीतने पर कलंदर्स को पुरस्कार के रूप में 500,000 डॉलर भी मिले जो करीब 4.24 करोड़ रुपए बनते हैं। वहीं उपविजेता टीम ग्लेडिएटर्स को 200,000 डॉलर मिले, जो लगभग 1.69 करोड़ रुपए बनते हैं। अगर इस राशि को अगर आईपीएल की इमानी राशि से जोड़कर देखा जाए तो यह काफी कम हैं क्योंकि आईपीएल का खिताब जीतने वाली टीम को 20 करोड़ रुपए मिलेंगे। वहीं क्क्रु की खिताबी राशि से कहीं अधिक राशि पीसीएल नीलामी में खिलाड़ियों पर खर्च की जाती है। इसमें ऋषभ पंत एक उदाहरण हैं जो इस बार 27 करोड़ में बिके थे। लाहौर ने रोमांचक फाइनल में बड़े स्कोर का सफलता से पीछा करते हुए क्वेटा ग्लैडिएटर्स को एक गेंद शेष रहते छह विकेट से हराया। रजा ने नॉटिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था जिसे जिम्बाब्वे शनिवार को पारी से हार गया था। उन्होंने रविवार को सात गेंदों पर नाबाद 22 रन बनाए जबकि कुसल परेरा ने 31 गेंदों में नाबाद 62 रनों की पारी खेली जिससे लाहौर ने 19.5 ओवर में चार विकेट पर 204 रन बनाकर जीत दर्ज की। क्वेटा ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद 9 विकेट पर 201 रन बनाए थे।

# कीसी कार्टी का 'डबल' शतक, आयरलैंड के गेंदबाजों की उड़ी नींद

**डबलिन** ।केंसल एवेन्यू में विंडीज प्लेयर कीसी कार्टी ने आयरलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में अपने बल्ले से गद्दर मचा दिया। सीरीज के दूसरे मैच में शतक लगाने वाली कार्टी ने तीसरे वनडे में भी शतक लगाया। इस तरह लगातार दो पारियों में उनके डबल शतक हो गए हैं। उन्होंने अपने इस शतक की बदौलत विंडीज को 50 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 385 रन तक पहुंचा दिया। कार्टी के पास दोहरा शतक लगाने का भी मौका था लेकिन 48वें ओवर में उन्हें मैकार्थी ने आऊट कर दिया। वह विंडीज की ओर से वनडे की एक पारी में छठे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर बन गए हैं। विंडीज की शुरूआत खराब रही थी। ब्रैंडन किंग 1 तो इविन लुईस 14 रन बनाकर आऊट हो गए। लेकिन इसके बाद कीसी कार्टी और कप्तान शाई होप ने पारी को संभाला और 168 तक पहुंचा दिया। शाई होप 75 गेंदों पर 9 चौके और 2 छक्कों की मदद से 75 रन बनाए। कीसी ने इसके बाद आमिर जंगू और जस्टिन ग्रीव्स के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया। ग्रीव्स ने 23 गेंदों पर 5 चौके और तीन छक्कों की मदद से 50 रन बनाए। कीसी कार्टी ने 142 गेंदों पर 15 चौके और 8 छक्कों की मदद से 170 रन बनाए। इसके बाद रोस्टन चेज और मोंटी ने स्कोर 385 तक पहुंचा दिया। आयरलैंड की ओर से बैरी मैकार्थी ने 3 तो लियाम मैकार्थी ने 2 विकेट लीं।

# टीम हारी, लेकिन सुनील नरेन ने किया अपना काम, बनाया बड़ा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** टी20 क्रिकेट में कोलकाता नाइट राइडर्स के स्टार स्पिनर सुनील नरेन ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। नरेन ने किसी एक टी20 टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। उन्होंने कोलकाता के लिए 209 विकेट हासिल किए, जो इस फॉर्मेट में किसी एक फ्रेंचाइजी के लिए सबसे ज्यादा है। यह उपलब्धि आईपीएल 2025 के दौरान हासिल हुई, जहां नरेन ने अपनी फिरकी से बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया। वेस्टइंडीज के इस दिग्गज ऑफ-स्पिनर ने नॉटिंघमशायर के समित पटेल को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 208 विकेट हैं। तीसरे स्थान पर हैम्पशायर के क्रिस वुड हैं, जिन्होंने 199 विकेट लिए, जबकि श्रीलंका के तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा 195 विकेट के साथ चौथे स्थान पर हैं, जो उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए हासिल किए। सुनील नरेन ने कोलकाता के लिए 2012 में डेब्यू किया था और तब से वे टीम के सबसे भरोसेमंद गेंदबाज रहे हैं। उनकी कसी हुई गेंदबाजी, विविधताओं भरी स्पिन और पावरप्ले व डेथ ओवर्स में प्रभावी गेंदबाजी ने उन्हें कोलकाता का अभिन्न हिस्सा बनाया। नरेन ने न केवल विकेट चटकाए, बल्कि अपनी किफायती गेंदबाजी से कई बार विरोधी टीमों के रन रेट पर अंकुश लगाया। इसके अलावा, उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी और फीलि्डंग ने भी कोलकाता को कई मौकों पर जीत दिलाई।

# नहीं जीत पाये श्रीकांत मलेशिया मास्टर्स का खिताब

**बुकित जलील।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत को मलेशिया मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। आज यहां खेले गये पुरुष एकल वर्ग के फाइनल मुकाबले में बैडमिंटन रैंकिंग में 65वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत को विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी चीन के ली शिफेंग ने 36 मिनट तक चले मैच में सीधे सेटों में 21-11, 21-9 से हराया। किदांबी श्रीकांत की ली शिफेंग के खिलाफ पांच मैचों में चौथी हार है। मैच की शुरुआत भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने पहला अंक हासिल करके की लेकिन इसके बाद शिफेंग ने श्रीकांत पर दबाव बनाना शुरू किया और 6-3 की अहम बढ़त बना ली। मिड गेम ब्रेक तक विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी शिफेंग ने 11-6 की बढ़त बना ली थी।

# ब्राजील पहुंचे कार्लो एंसेलोटी, संभालेंगे ब्राजील की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच की भूमिका

**एजेंसी**

**रियो डी जनेरियो।** इटली के दिग्गज कार्लो एंसेलोटी ब्राजील पहुंचे, जहां वह अब ब्राजील की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के नए मुख्य कोच की भूमिका संभालेंगे। 65 वर्षीय एंसेलोटी ब्राजील के लिए काम करने वाले पिछले एक सदी में पहले पूर्णकालिक विदेशी कोच हैं। वह परिवार और अपनी कोचिंग टीम के साथ स्थानीय समयानुसार रात 9 बजे के करीब निजी जेट से रियो इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे।ब्राजील पहुंचते समय एंसेलोटी ने ब्राजील की राष्ट्रीय टीम की कैप पहन रखी थी, जो उनके नए सफर की शुरुआत का संकेत था। हालांकि एयरपोर्ट पर उनका कोई आधिकारिक स्वागत नहीं किया गया। केवल एक प्रशंसक, जो ब्राजील की जर्सी पहने हुए था, उन्हें बाहर निकलते हुए देख सका।



एंसेलोटी आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए ब्राजील टीम के मुख्य कोच के तौर पर अपनी नई भूमिका की औपचारिक शुरुआत करेंगे। इसके साथ ही वह अगले महीने इक्वाडोर और पराग्वे के खिलाफ होने वाले दक्षिण अमेरिकी वर्ल्ड कप क्वालीफायर मुकाबलों के लिए टीम का ऐलान भी करेंगे। उनके आगमन से कुछ घंटे पहले ही सामिर ज़ाउद को ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) का नया अध्यक्ष चुना गया। यह चुनाव एक लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद संपन्न हुआ, जिसमें एडनाल्डो रोड्रिग्स को पद से हटाया गया था। उल्लेखनीय है कि रोड्रिग्स ही वो व्यक्ति थे जिन्होंने एंसेलोटी को रियल मैड्रिड से नियुक्त किया था। अब एंसेलोटी की नजरें सीबीएफ नेतृत्व से मुलाकात और मीडिया के सामने अपनी योजनाओं को साझा करने पर होंगी। उनका करार 2026 फीफा वर्ल्ड कप तक रहेगा।

# इंग्लैंड के खिलाफ महत्वपूर्ण टेस्ट सीरीज से पहले गौतम गंभीर ने मां कामाख्या से लिया आशीर्वाद



**एजेंसी**

**गुवाहाटी।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच एवं पूर्व भारतीय क्रिकेटर गौतम गंभीर ने सुबह गुवाहाटी में मां कामाख्या से आशीर्वाद लिया। पूर्व भारतीय क्रिकेटर कड़ी सुरक्षा के बीच कामाख्या मंदिर पहुंचे। उल्लेखनीय है कि गौतम गंभीर एक दिवसीय दौरे के तहत आज गुवाहाटी पहुंचे। गौतम गंभीर ने कड़ी सुरक्षा के बीच मां कामाख्या का आशीर्वाद लिया। गौतम गंभीर लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सीधे कामाख्या मंदिर पहुंचे। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच ने पूजा-अर्चना करने के बाद मां कामाख्या धाम से गुवाहाटी के होटल रेडिसन ब्लू के लिए रवाना हुए। मिली जानकारी के अनुसार गौतम गंभीर आज दोपहर 1 बजे दिल्ली के लिए उड़ान भरेंगे। बताया गया है कि उनका अन्य कोई कार्यक्रम गुवाहाटी में नहीं है। सिर्फ मां कामाख्या का आशीर्वाद लेने के लिए ही वे यहां पहुंचे थे।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट में उरुग्वे को 3-2 से हराया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के रोसारियो में खेले जा रहे चार देशों के फ्रेंडली हॉकी टूर्नामेंट में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने अपने दूसरे मुकाबले में उरुग्वे को 3-2 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। भारत के लिए सोनम (21वें मिनट) और कनिका सिवाच (46वें मिनट, 50वें मिनट) ने अहम गोल किए, जबकि उरुग्वे की ओर से मिलाग्रोस सिगल (3वें मिनट) और अगस्तिना मारी (24वें मिनट) ने गोल दागे।

मैच की शुरुआत में ही उरुग्वे ने आक्रामक खेल दिखाया और तीसरे मिनट में मिलाग्रोस सिगल ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिला दी। दूसरे क्वार्टर में भारत ने वापसी की और 21वें मिनट में सोनम ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए बराबरी का गोल किया। हालांकि, महज तीन मिनट बाद उरुग्वे ने एक बार फिर बढ़त हासिल कर ली जब अगस्टिना मारी ने भी पेनल्टी कॉर्नर से गोल दागा तीसरे क्वार्टर तक स्कोर 2-1 रहा, लेकिन अंतिम चरण में कनिका सिवाच ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए



भारत की वापसी कराई। उन्होंने पहले 46वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोल किया, और फिर 50वें मिनट में एक शानदार फील्ड गोल के जरिए भारत को निर्णायक बढ़त दिला दी।

अब भारत का अगला मुकाबला 28 मई (भारतीय समयानुसार) को मेजबान अर्जेंटीना से होगा।

# प्रीमियर लीग 2024-25 : लिवरपूल ने खिताबी सीजन का समापन क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ 1-1 ड्रॉ से किया

**एजेंसी**

**लिवरपूल।** लिवरपूल ने प्रीमियर लीग 2024-25 के अपने खिताबी अभियान का समापन रविवार रात क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ 1-1 की बराबरी के साथ किया। मैच में मोहम्मद सालाह ने 84वें मिनट में शानदार गोल कर टीम को हार से बचाया। इससे पहले इश्माइला सार ने नौवें मिनट में गोल कर पैलेस को शुरुआती बढ़त दिलाई थी।

**पहले ही जीत चुकी थी लीग, जश्न में डूबा रहा एंफील्ड**

लिवरपूल पहले ही चार मुकाबले शेष रहते खिताब अपने नाम कर चुका था। ऐसे में एंफील्ड स्टेडियम का माहौल पूरी तरह से जश्न में डूबा हुआ था। दिलचस्प बात यह रही कि पैलेस के फैन्स, जो पिछले हफ्ते एफए कप जीत का जश्न मना चुके थे, उन्होंने भी चैंपियंस के नारों से माहौल गर्माया। मैच में ट्रेंट अलेक्जेंडर-अर्नोल्ड को उनके आखिरी मैच में दूसरे हाफ में उतारा गया। यह उनका लिवरपूल के लिए 354वां और अंतिम मुकाबला था। रिपोर्ट्स के मुताबिक वे रियल मैड्रिड जाने वाले हैं। उन्होंने डार्विन नुनेज को शानदार पास दिया लेकिन गोलकीपर डीन हेंडरसन ने बढ़िया बचाव किया। इसके बाद डियोगो जोटा का शॉट भी पोस्ट से टकराकर



बाहर चला गया। वहीं, रयान ग्रावेनबर्ख को सीधे रेड कार्ड दिखाया गया जिससे वह अगले सीजन के पहले मैच से बाहर रहेंगे।

**सालाह ने रिकॉर्ड की बराबरी कर जीते दो बड़े अवॉर्ड**

मैच के 84वें मिनट में सालाह ने कराटे-किक स्टाइल में गोल कर मुकाबला बराबर कर दिया। यह उनका इस सीजन का 29वां गोल रहा। इसी के साथ वे एंडी कोल और एलन शियरर के 47 गोल इन्वॉल्वमेंट (गोल + असिस्ट) के रिकॉर्ड की बराबरी पर पहुंचे।

**मैच के बाद सालाह को गोल्डन बूट और 'प्लेमेकर ऑफ द सीजन' अवॉर्ड**

लिवरपूल के दिग्गज गोलस्कोरर इयान रश ने प्रदान किए। वहीं कप्तान वर्जिल वान डाइक ने ट्रॉफी उठाकर सीजन का शानदार समापन किया।

**अब अगले सीजन में नया युग शुरू करेगा लिवरपूल**

इस मुकाबले के साथ लिवरपूल का यह चैम्पियन सीजन समाप्त हुआ, जहां क्लब ने न सिर्फ ट्रॉफी जीती बल्कि एक युग का भी अंत देखा, जिसमें ट्रेंट और मैनेजर जुर्गन क्लॉप की विदाई शामिल रही। अब देखना होगा कि आने वाले सीजन में लिवरपूल अपनी इस फॉर्म को कैसे बरकरार रखता है।

# आईपीएल 2025: क्लासेन के ऐतिहासिक शतक से हैदराबाद ने कोलकाता को 110 रनों से रौंदा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 110 रनों के भारी अंतर से हराकर आईपीएल 2025 से विजयी विदाई ली। भले ही यह मैच प्लेऑफ की दौड़ में किसी बदलाव का कारण नहीं बना लेकिन दोनों टीमों के लिए यह आत्मसम्मान की लड़ाई थी, जिसमें हैदराबाद ने दमदार अंदाज में जीत दर्ज की।

हैदराबाद के बल्लेबाजों ने इस मुकाबले में तूफानी प्रदर्शन किया। टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट के नुकसान पर 278 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। शुरुआत अभिषेक शर्मा (32 रन, 12 गेंद) और ट्रेविस हेड (76 रन, 39 गेंद) ने की, जिन्होंने मात्र 6 ओवरों में 92 रनों की विस्फोटक साझेदारी कर टीम को तेज रफ्तार दी। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के विस्फोटक विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने मैदान में तूफान ला दिया। उन्होंने महज 37 गेंदों में शतक



जड़ते हुए आईपीएल इतिहास का संयुक्त तीसरा सबसे तेज शतक अपने नाम किया। क्लासेन की पारी में चौकों-छक्कों की बरसात रही और उन्होंने अपनी टीम को एक विशाल स्कोर तक पहुंचा दिया। कोलकाता के लिए गेंदबाजी में सिर्फ सुनील नारायण (2 विकेट) और वैभव अरोड़ा (1 विकेट) ही कुछ हद तक असरदार रहे, जबकि अन्य गेंदबाजों पर हैदराबाद के बल्लेबाजों ने कहर बरपाया। 278 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर की टीम शुरुआत से ही लड़खड़ा गई। सलामी बल्लेबाज सुनील नारायण ने 31 रन बनाए, लेकिन उन्हें कोई साथ नहीं मिला। रहाणे (15), डी कॉक (9), और रघुवंशी (15) जल्दी-जल्दी पवेलियन लौट गए। रिंकू सिंह (9) और आंद्रे रसेल (0) को हर्ष दुबे ने दो गेंदों में चलता कर दिया, जिससे कोलकाता की उम्मीदें पूरी तरह टूट गईं। निचले क्रम के बल्लेबाज मनीष पांडे (37) और हर्षित राणा (34) ने कुछ संघर्ष दिखाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। हैदराबाद की ओर से जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा और हर्ष दुबे ने तीन-तीन विकेट चटकाकर कोलकाता की पारी को 168 रन पर समेट दिया।इस शानदार जीत के साथ हैदराबाद ने सीजन का समापन आत्मविश्वास के साथ किया।

# प्लेऑफ से पहले आरसीबी में जोश हेजलवुड की हुई वापसी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। सिर्फ कुछ लीग मुकाबले बाकी हैं, उसके बाद प्लेऑफ मुकाबले होंगे और फिर 3 जून को फाइनल खेला जाएगा। इस बीच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई है। टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड टीम से जुड़ गए हैं। आरसीबी को अपना आखिरी लीग मैच लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ मंगलवार अर्थात 27 मई को खेलना है। इसके बाद प्लेऑफ मुकाबले शुरु हो जाएंगे। ऐसे में आरसीबी के लिए यह बड़ी खुशखबरी है कि उनकी टीम का प्रमुख तेज तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड वापस आ गए हैं। फ्रेंचाइजी ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के आगमन की पुष्टि करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया, वो आ गया। स्वागत है जोश रेजिनाल्ड हेजलवुड! दरअसल, जोश हेजलवुड ने आईपीएल 2025 में अपना आखिरी मैच 27 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेला था। इसके बाद तीन मई को वह कंधे की चोट के चलते चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुकाबले में नहीं खेल पाए थे। फिर भारत-पाकिस्तान तनाव के चलते 9 मई को आईपीएल एक हफ्ते के लिए सस्पेंड हो गया था। तब हेजलवुड अपने घर लौट गए थे। बाद में 17 मई को फिर से सीजन की शुरुआत हुई।

# फ्रेंच ओपन में राफेल नडाल को दी गई भावभीनी विदाई

**एजेंसी**

**पेरिस।** 14 बार के फ्रेंच ओपन चैंपियन और पूर्व स्पेनिश टेनिस स्टार राफेल नडाल को रोलां गैरोस कॉम्प्लेक्स के कोर्ट फिलिप शात्रिए पर आयोजित एक विशेष समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। 38 वर्षीय नडाल ने पिछले साल नवंबर में टेनिस से संन्यास लिया था और इस अवसर पर हजारों दर्शकों ने खड़े होकर उन्हें सम्मान दिया।

**20 साल के सफर पर नडाल हुए भावुक:** समारोह के दौरान नडाल ने जब अपने करियर की झलकियों का वीडियो देखा तो वे बेहद भावुक हो गए। उन्होंने कहा,मुझे नहीं पता कहां से शुरू करूंज मैं पिछले 20 सालों से इस कोर्ट पर खेलता आया हूं। मैंने यहां दर्द भी सहा है, जीत का स्वाद भी चखा है, और हार भी देखी है। इस कोर्ट पर मेरे जीवन की सबसे गहरी भावनाएं जुड़ी हैं। दर्शकों ने अलग-अलग रंग की टी-शर्ट पहनकर '14 RG, Rafa' का अद्भुत नजारा पेश किया, जो नडाल को उनके 14 फ्रेंच ओपन खिताबों



के लिए सम्मान देने का तरीका था। पूरा स्टेडियम तालियों और जयकारों से गूंज उठा।

**परिवार और दिग्गज खिलाड़ियों की मौजूदगी में हुआ सम्मान:** समारोह में नडाल के परिवार के सभी सदस्य मौजूद थे– उनके चाचा और पूर्व कोच टोनी नडाल, पिता सेबास्टियन नडाल, मां एना मारिया परेरा, पत्नी मारिया फ्रांसिस्का पेरेलो, बहन मारिया इसाबेल और बेटे राफा जूनियर ने इस ऐतिहासिक पल को साझा किया। इसके अलावा मौजूदा फ्रेंच ओपन महिला चैंपियन पोलैंड की इगा स्विएतेक, पुरुष चैंपियन स्पेन के कार्लोस अल्कराज और उनके कोच जुआन कार्लोस फेरेरो भी समारोह में शामिल हुए। ये दोनों खिलाड़ी सोमवार से अपने खिताब की रक्षा शुरू करेंगे।

**'बिग फोर' ने एक बार फिर मंच साझा किया:** नडाल के सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी रहे रोजर फेडरर, नोवाक जोकोविच और एंडी मरे भी इस समारोह में विशेष रूप से शामिल हुए। चारों दिग्गजों को एक साथ देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गईं। नडाल ने कहा, इतने सालों की लड़ाई के बाद आज यह सब देखना बहुत भावुक कर देने वाला है। वक्त सब कुछ बदल देता है। फेडरर और जोकोविच दोनों ने नडाल को गले लगाया। खास बात यह रही कि तीन साल पहले नडाल ने फेडरर के विदाई मैच में उनके साथ जोड़ी बनाकर खेला था, जिसकी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी जिसमें दोनों दिग्गज हाथ पकड़े भावुक नजर आए थे। नडाल, जोकोविच, फेडरर और मरे–इन 'बिग फोर' ने पिछले दो दशकों में टेनिस को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। नडाल 22 बार, फेडरर 20 बार, जोकोविच 24 बार और मरे 3 बार ग्रैंड स्लैम जीत चुके हैं। रोलां गैरोस की यह विदाई सिर्फ एक खिलाड़ी के लिए नहीं, बल्कि एक स्वर्णिम युग को अलविदा कहने जैसा रहा।

# सेंटर आफ एक्सीलेंस टूर्नामेंट के लिए हिमाचल की दो क्रिकेटर का चयन

**एजेंसी**

**धर्मशाला।** बीसीसीआई के सेंटर आफ एक्सीलेंस द्वारा अंडर-19 गर्ल्स इंटर सेंटर आफ एक्सीलेंस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। 30 मई से 9 जून तक अहमदाबाद में आयोजित होने वाले टूर्नामेंट में एचपीसीए की दो महिला खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जिसमें जिला शिमला की अनाहिता सिंह टीम सी और जिला कांगड़ा की धन्यलक्ष्मी टीम ए में शामिल होंगी। चयनित खिलाड़ियों को 29 मई को टूर्नामेंट स्थल पर रिपोर्ट करना होगा। एचपीसीए सचिव अवनीश परमार ने प्रदेश की दो महिला खिलाड़ियों के चयन पर उन्हें एचपीसीए की ओर से बधाई देते हुए टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी हैं।

# रेड बॉल फॉर्मेट में देश के नेतृत्व का अवसर मिलना बड़ा सम्मान : शुभमन गिल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय टेस्ट टीम के नए कप्तान शुभमन गिल ने कहा है कि रेड बॉल फॉर्मेट में देश का नेतृत्व करने का अवसर मिलना एक बड़ा सम्मान और बड़ी जिम्मेदारी है। मैं इस रोमांचक अवसर का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

भारतीय क्रिकेट टीम को अगले महीने इंग्लैंड दौरे पर जाना हैं, जहां टीम को पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बीते दिन इस दौरे के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम का एलान भी कर दिया। वरिष्ठ खिलाड़ी रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद शुभमन गिल को टेस्ट टीम का नया कप्तान बनाया गया है, वहीं ऋषभ पंत को उप कप्तान की जिम्मेदारी दी गई है। कप्तान बनाए जाने के बाद पहली बार बीसीसीआई डॉट टीवी (क्ष्टष्ठ्ठ.ह्ल1) पर रविवार को शेयर वीडियो में शुभमन गिल ने कहा कि एक युवा बच्चे के रूप में, जब कोई क्रिकेट खेलना शुरू करता है तो वह भारत के लिए खेलना चाहता है। न केवल भारत के लिए खेलना, बल्कि बहुत लंबे समय तक भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलना। गिल ने कहा कि यह अवसर पाना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है और यह एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। मैं इस रोमांचक अवसर का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। इंग्लैंड के खिलाफ आगामी सीरीज रोमांचक होने वाली है गिल ने कहा कि एक कप्तान के तौर पर आपको पता होना चाहिए कि कब आगे आना है और कब अपने खिलाड़ियों को जगह देनी है, क्योंकि हर किसी की जिंदगी अलग होती है। हर किसी का व्यक्तित्व अलग होता है। इसलिए एक अच्छे लीडर को हमेशा यह पता होना चाहिए कि उसके खिलाड़ी किस तरह से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन या सर्वश्रेष्ठ परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। गिल खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें पूर्व कप्तानों रोहित शर्मा और विराट कोहली के नेतृत्व में कुछ अहम बातें सीखने को मिलीं। दोनों दिग्गज सितारों ने क्रमशः 7 मई और 12 मई को खेल के सबसे लंबे प्रारूप से संन्यास की घोषणा कर दी थी। गिल ने कहा कि जब मैं बच्चा था, तो मैं हमेशा भारतीय क्रिकेट के महान खिलाड़ियों और दिग्गजों से प्रेरित रहता था और मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मुझे उनमें से कई के साथ खेलने का मौका मिला। चाहे विराट भाई हों या रोहित भाई, दोनों की शैली बहुत अलग थी, लेकिन दोनों को एक ही लक्ष्य की ओर काम करते देखना बहुत प्रेरणादायक था।

# लैंडो नॉरिस ने जीता मोनाको ग्रां प्री, पियास्त्री से वर्ल्ड चैंपियनशिप की रेस में केवल 3 अंक पीछे

**एजेंसी**

**मोनाको।** मैकलेरन के ड्राइवर लैंडो नॉरिस ने पोल पोजिशन से शुरुआत करते हुए अपने करियर की यादगार जीत दर्ज की। उन्होंने मोनाको ग्रां प्री में पहला स्थान हासिल कर न केवल इस प्रतिष्ठित रेस में अपना सपना पूरा किया, बल्कि अपने ही टीम साथी ऑस्कर पियास्त्री की फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप लीड को महज 3 अंकों तक सीमित कर दिया। रेस में फेरारी के चार्ल्स लेक्लर दूसरे स्थान पर रहे, जबकि पियास्त्री तीसरे और रेड बुल के मैक्स वेरस्टैपेन चौथे स्थान पर रहे। खास बात यह रही कि टॉप चार ड्राइवरों ने उसी क्रम में रेस पूरी की, जिस क्रम में उन्होंने शुरुआत की थी।

**'बचपन का सपना पूरा हुआ' - नॉरिस**

नॉरिस ने जीत के बाद कहा, 'यह वही है जिसका मैंने बचपन में सपना देखा था। आज मैंने उसे सच कर दिखाया।' मोनाको में यह उनकी पहली जीत रही और मैकलेरन के लिए 2008 के बाद पहली बार किसी ड्राइवर ने इस ट्रैक पर जीत दर्ज की है। रेस के दौरान दो अनिवार्य पिट स्टॉप्स का नया प्रयोग किया गया, लेकिन यह रणनीति ओवरटेक के लिहाज से कोई बड़ा बदलाव नहीं ला सकी। अधिकतर ड्राइवर सिर्फ मौके का इंतजार करते रहे। वेरस्टैपेन ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा, 'बहुत रोमांचक रेस थी। हर लैप पर मैं सीट के किनारे बैठा था। शायद अगले साल चार पिट स्टॉप हों। मैं आज भी चार स्टॉप करके Py पर ही आता।



नॉरिस ने आखिरी सेक्शन में खुद को नियंत्रण में रखा, जहां लेक्लर उनके पीछे दबाव बना रहे थे और वेरस्टैपेन आगे की रणनीति को लेकर प्रयोग कर रहे थे। नॉरिस ने रेस में चार कारों को छोड़कर सभी को लैप कर दिया। यह सीजन की नॉरिस की दूसरी जीत है। इससे पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ग्रां प्री में भी जीत दर्ज की थी।

**मर्सिडीज का निराशाजनक प्रदर्शन**

मर्सिडीज के लिए यह रेस किसी बुरे सपने से कम नहीं रही। सात बार के वर्ल्ड चैंपियन लुईस हैमिल्टन पांचवें स्थान पर रहे, जबकि जॉर्ज रसेल को ड्राइव थ्रू पेनल्टी मिली और वह 11वें स्थान पर रहे।

रेसिंग बुल्स के इसाक हदजर छठे और हास के एस्टेबन ओकॉन सातवें स्थान पर रहे। लियाम लॉसन ने आठवां स्थान हासिल कर सीजन के अपने पहले अंक अर्जित किए, जबकि एलेक्स एल्बोन (विलियम्स) और कार्लोस सैंज ने टॉप 10 में जगह बनाई।

दुर्घटनाएं और रिटायरमेंट

रेस की शुरुआत में ही वर्चुअल सेफ्टी कार तैनात करनी पड़ी जब साओबर के गैब्रियल बोर्तोलेटो दीवार से टकरा गए। अल्पाइन के पियरे गैस्ली पहले रिटायर हुए, जब वह युकी त्सुनोदा की कार से टकरा गए। बाद में एस्टन मार्टिन के फर्नांडो अलोंसो भी अपनी धुंआ उड़ाती कार को लेकर बाहर हो गए। अब यूरोपियन ट्रिपल हेडर की अगली रेस अगले सप्ताह बार्सिलोना में आयोजित होगी, जहां टीमें नई रणनीति और उम्मीदों के साथ उतरेंगी।

एनवायरनमेंटल साइंस ऊर्जा को बचाने, बायोडायवर्सिटी, क्लाइमेट चेंज, ग्राउंड वॉटर आदि के अध्ययन वाला विषय है. एकेडमिक तौर पर देखें तो एनवायरनमेंटल साइंस का दायरा काफी व्यापक है और इस कोर्स में अध्ययन के दौरान सिर्फ भौतिकी या बायोलॉजिकल साइंस का ही नहीं बल्कि इकोलॉ जी, भौतिकी, रसायन विज्ञान, बायोलॉजी और ज्योलॉजी का भी अध्ययन किया जाता है.

# जिंदगी से जुड़ी फील्ड है एनवायरनमेंटल साइंस





पर्यावरण हमारी जिंदगी में अहम भूमिका निभाता है. चाहे बात खाने के अनाज की हो, रहने के लिए घर की हो, पहनने के लिए कपड़े की हो या फिर पानी, सूर्य की रोशनी, हवा की हो. सभी कुछ इसी पर्यावरण पर निर्भर करता है. इसलिए जब पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है तो उसका कहीं न कहीं प्रभाव हमारे जीवन पर पड़ता है. औद्योगिक विकास की रफ्तार ने पर्यावरण को लीलने का काम किया है. यही कारण है कि सभी का ध्यान इस ओर गया है. ऐसे में, एनवायरनमेंटल साइंस से जुड़े लोगों की मांग काफी बढ़ गई है. मूल रूप से एनवायरनमेंटल साइंस ऊर्जा को बचाने, बायोडायवर्सिटी, क्लाइमेट चेंज, ग्राउंड वॉटर आदि के अध्ययन वाला विषय है. एकेडमिक तौर पर देखें तो एनवायरनमेंटल साइंस का दायरा काफी व्यापक है और इस कोर्स में अध्ययन के दौरान सिर्फ भौतिकी या बायोलॉजिकल साइंस का ही नहीं बल्कि इकोलॉ जी, भौतिकी, रसायन विज्ञान, बायोलॉजी और ज्योलॉजी का भी अध्ययन किया जाता है.

एनवायरनमेंटल साइंस के अध्ययन की बात पहली बार 1977 में स्टॉकहोम में हुई कांफ्रेंस में सामने आई थी. औद्योगिक विकास की अंधी दौड़ में आज जिस तरह पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, वह किसी से अछूता नहीं है. ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन से लेकर ग्लेशियर के पिघलने या फिर पर्यावरण प्रदूषण आदि का मामला सभी कुछ इसी से जुड़ा हुआ है. आज के दौर में सरकार से लेकर स्वयंसेवी संगठन तक सभी पर्यावरण को लेकर जागरूक हो रहे हैं. एनवायरनमेंटल साइंस से संबंधित कोर्स यानी ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट करने वाले छात्र कंस्ट्रक्शन, केमिकल, मैन्युफैक्चरिंग और एनर्जी के फील्ड में करियर बना सकते हैं. इसके अलावा और भी कई फील्ड हैं जहां इससे संबंधित डिग्री हासिल करने वाले छात्र करियर को नई मंजिल तक पहुंचा सकते हैं.

## एनवायरनमेंटल साइंटिस्ट

इससे जुड़े लोग वातावरण पर मनुष्यों द्वारा पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करते हैं. वे टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट को लेकर शोध करते हैं और एनवायरनमेंटली फ्रेंडली प्रैक्टिस को लेकर संबद्ध संस्थानों को सुझाव भी देते हैं.

## एनवायरनमेंटल इंजीनियर्स

इस फील्ड से जुड़े लोग वास्ट मैनेजमेंट, लीन मैन्युफैक्चर, रिसाइक्लिंग, इमिशन कंट्रोल, इनवायरेनमेंटल सस्टेनेबिलिटी और पब्लिक हेल्थ मामलों का अध्ययन करते हैं.

## एनवायरनमेंटल लॉबिस्ट

ये सरकारी अधिकारियों, नेताओं और संबंधित स्वयंसेवी संस्थानों को पर्यावरण मामलों और नीतियों की जानकारी देते हैं.

## एनवायरनमेंटल एजुकेटर

इससे जुड़े लोग एनवायरनमेंटल साइंस या फिर इससे संबंधित विषयों यानी इकोलॉजी या हाइड्रोलॉजी छात्रों को पढ़ाते हैं. इसके अलावा, एनवायरनमेंटल बायोलॉजिस्ट, एनवायरनमेंटल मॉडलर्स, एनवायरनमेंटल जर्नलिस्ट या पर्यावरण से संबंधित तकनीकविदों की तरह भी कार्य कर सकते हैं.

**वेतन** – एनवायरनमेंटल साइंस में बैचलर डिग्री करने वाले छात्रों को आसानी से 15–30 हजार रुपये मासिक की नौकरी मिल जाती है. जिन्होंने इस विषय में पोस्ट ग्रेजुएट किया है, उन्हें कम से कम 35–50 हजार रुपये मासिक तौर पर तो मिलते ही हैं. जो लोग पीएचडी करने के बाद बतौर साइंटिस्ट या कंसल्टेंट कार्य करते हैं, उनका वेतन शुरुआत में 50–75 हजार रुपये के बीच होता है.

**संस्थान** – अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़, यूपी दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, दिल्ली डिपार्टमेंट ऑफ एनवायरनमेंटल बायोलॉजी, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, दिल्ली स्कू ल ऑफ एनवायरनमेंटल साइंसे ज, जेएनयू, नई दिल्ली पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर, यूपी चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ, यूपी गुरुकल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार, यूपी बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा, यूपी

# हस्तनिर्मित कागज उद्योग फलता-फूलता रोजगार

भारत में हस्तनिर्मित कागज उद्योग का इतिहास बहुत पुराना है। मुगल काल से इसके प्रमाण मिलते हैं। यह उद्योग भारत के सामाजिक परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसमें सबसे खास बात यह है कि यह उद्योग अपशिष्ट पदार्थ को रिसाइकिलिंग प्रणाली द्वारा उच्चकोटि के कागज में तब्दील कर देता है। इसके अलावा, इसमें कम खर्च में अधिक लोगों को रोजगार दिया जाता है। असम, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश एवं नगालैंड जैसे राज्यों में हस्तनिर्मित कागज के उद्योग खूब फल फूल रहा है। जबकि भारत के ग्रामीण क्षेत्रों के लगभग 10-15 हजार लोग इस व्यवसाय से जुड़े हुए हैं।



### शैक्षिक योग्यता की दरकार

इस रोजगार को प्रारंभ करने से पहले यदि आप प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते हैं तो आपको दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण होना बहुत जरूरी है। प्रशिक्षण के पश्चात आप विशेष योग्यता से लैस हो जाएंगे, बल्कि रोजगार से संबंधित बारीकियां भी आपको मालूम हो सकेंगी। यदि आपके पास इस व्यवसाय से संबंधित जानकारी पहले से ही मौजूद है तो पांचवीं की डिग्री भी महत्वपूर्ण है यानी आपको सिर्फ साक्षर होना आवश्यक है। उम्र–सीमा 18 वर्ष से कम न हो।

### संबंधित पाठ्यक्रम

इसमें मुख्यतः हैंडमेड पेपर में सर्टिफिकेट कोर्स (एक से दो सप्ताह), पेपर कंजरवेशन कोर्स (दो माह), इंटरप्रिन्योरशिप कोर्स (दो माह) तथा हैंडमेड पेपर में एडवांस कोर्स (एक वर्ष) आदि शामिल हैं।

### फीस एवं प्रशिक्षण अवधि

यदि आप प्रशिक्षण खादी ग्राम उद्योग कमीशन (केवीआईसी) से प्राप्त करते हैं तो आपको सिर्फ 200 रुपए मामूली फीस में प्रशिक्षण मिल सकता है। जबकि प्रशिक्षण अवधि 2–3 हफ्तों की होती है। इस दौरान प्रशिक्षु को अपशिष्ट पदार्थों को रिसाइकिल कर आकर्षक कागज में परिवर्तित करने की कला सिखा दी जाती है। रिसाइकिलिंग में टेलर कटिंग, होजरी कटिंग तथा छोटे-छोटे टुकड़ों के सहारे उच्चकोटि के उपयोगी पेपर तैयार किए जाते हैं।

### खर्च एवं सुविधा

हस्त निर्मित कागज उद्योग का यूनिट लगाने में कम से कम 40–70 हजार रुपए की लागत आती है। प्रारंभ में यह जरूरी है कि यूनिट छोटी ही लगाई जाए। बाद में सफल होने तथा डिमांड अधिक होने पर यूनिट की क्षमता इच्छानुसार बढ़ा सकते हैं। इस रोजगार के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय ने किसी भी व्यक्ति को प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन के लिए अधिकतम 25 लाख रुपए तक के ऋण का प्रबंध किया है। इसके साथ ही महिलाओं, अनुसूचित जातियों, जनजातियों और पिछड़े वर्ग के विकलांगों को दिए गए कर्ज में 30 फीसदी की सब्सिडी मिलती है।

### प्रशिक्षण दिलाने वाले संस्थान

ऐसे कई संस्थान हैं जो अपने यहां से हस्तनिर्मित कागज से जुड़ा प्रशिक्षण दिलाते हैं–

- खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (गांधी दर्शन), राजघाट, नई दिल्ली–110002 (संस्थान का पूरे भारत में कई जगह प्रशिक्षण केंद्र मौजूद)
- डॉ राजेन्द्र प्रसाद मल्टी डिस्प्लीनरी ट्रेनिंग सेंटर, खादी एवं विलेज इंडस्ट्रीज कमीशन, शेखपुरा, पटना–14
- कुमारप्पा नेशनल हैंडमेड पेपर इंस्टीटच्यूट, सांगानेर, राजस्थान–302022

# टूरिज्म गाइड, मेहनती युवाओं के लिए बढ़िया करियर ऑपशन

पर्यटन आज सांस्कृतिक पहचान पुख्ता करने के साथ रेवेन्यू अर्जित करने का भी जरिया बन रहा है. ऐसे में स्थानीय सरकारें देश में पर्यटन को बढ़ावा देने की पुरजोर कोशिश कर रही हैं. भारतीय गांवों की सैर विदेशी पर्यटकों के लिए किसी रोमांच से कम नहीं है. यहां के घर, बच्चों के खेल, महिलाओं का ओढना–पहनना, खेत–खलिहान, दैनिक गतिविधियां, अर्थव्यवस्था आदि उन्हें इतने आकर्षित करते हैं कि पर्यटक महीनों यहां डेरा डाले रहते हैं.

**टूरिस्ट गाइड का कार्य**


किसी भी देश की सामाजिक, सांस्कृतिक परंपराओं से पर्यटकों को अवगत कराने में टूरिस्ट गाइड की भूमिका महत्वपूर्ण होती है. टूरिस्ट गाइड पर्यटकों के साथ रहकर उन्हें जाने–अनजाने और अनछुए पहलुओं से वाकिफ कराते हैं. यही वो कारण है जिसके चलते आज टूरिस्ट गाइड एक आकर्षक कॅरियर विकल्प के तौर पर अपनी जगह बना चुका है. संबंधित देश के टूरिस्ट गाइड राज्य क्षेत्र की भौगोलिक जानकारी के साथ–साथ सांस्कृतिक, ऐतिहासिक पर्यटन संबंधी जानकारी रखने के साथ ट्रेवल एजेंसी और बड़े–बड़े होटलों की जानकारी रखते हैं. देश में टूरिस्ट गाइड के लिए भारतीय पर्यटन और ट्रेवल विभाग से टूरिस्ट गाइड का लाइसेंस लेना होता है. लाइसेंस प्राप्त करने के लिए परीक्षा उत्तीर्ण करनी पड़ती है.

**कोर्स और क्वालिफिकेशन** – देश के अलग–अलग संस्थान टूरिज्म ट्रैवल एडमिनिस्ट्रेशन एंड मैनेजमेंट में शॉर्ट टर्म डिप्लोमा कोर्स संचालित करते हैं, जिसमें इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रैवल एंड टूरिज्म (आईआईटीएम) सबसे खास है, तो वहीं संबंधित राज्य व केंद्र सरकारों के पर्यटन विभाग भी टूरिस्ट गाइड ट्रेनिंग कोर्स आयोजित करते हैं. जिन्हें पास करने पर आपको सर्टीफाइड गाइड का लाइसेंस मिलता है. टूरिज्म के क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक युवाओं के लिए जरूरी है कि वे इस क्षेत्र में औपचारिक शिक्षा भी ग्रहण करें. देश में विभिन्न संस्थान एवं विश्वविद्यालय टूरिज्म में डिप्लोमा, बैचलर डिग्री एवं मास्टर्स डिग्री प्रदान करते हैं. डिप्लोमा कोर्स की अवधि अमूमन एक वर्ष होती है, जिसे ग्रेजुएशन के बाद किया जा सकता है. आईसीसीआर इस क्षेत्र में जूनियर फेलोशिप भी प्रदान करता है.

**कॅरियर ऑप्शन** – स्थानीय पर्यटन उद्योग, राष्ट्रीय पर्यटन उद्योग, होटल इंडस्ट्री, टैवल एजेंसी, एविएशन, कार्गो ऑपरेशन, हॉस्पिटेलिटी आदि में टूरिस्ट गाइड के लिए अवसर बाट जोह रहे हैं. टूरिज्म उद्योग के विस्तार से टूरिस्ट गाइड का स्कोप बढ़ा है. मेहनती, कुशल और ईमानदार युवा चाहें तो भारत की संपन्न विरासत से अपने लिए समृद्ध भविष्य की राह खोज सकते हैं. भारत सरकार भी अब ग्रामीण पर्यटन को बढावा देने के लिए कदम उठा रही है. पर्यटन मंत्रालय के अनुसार पिछले वर्ष देश भर में 66 लाख विदेशी सैलानी आए, जिनसे करीब 17.75 अरब डॉलर की कमाई हुई. मंत्रालय ने प्रत्येक वर्ष इनकी संख्या में 12 फीसदी बढोत्तरी का लक्ष्य रखा है ताकि वर्ष 2016 तक पर्यटन से विदेशी मुद्रा की कमाई दोगुनी की जा सके. स्किल्ड युवाओं के लिए इस फील्ड में संभावनाओं के असीमित द्वार हैं.

# क्यों जरूरी है अपनी स्किल्स में इजाफा करना?

आप करियर के उस मुकाम पर खड़े हैं, जहां सोचते हैं कि अगले दस सालों में आप क्या करने जा रहे हैं? क्या कभी इस बात का भी अफसोस होता है कि आपने पढ़ाई के दौरान अलग-अलग विषयों का चुनाव क्यों नहीं किया, ताकि कुछ और पढ़ने या किसी दूसरी दिशा में करियर बनाने के बारे में सोच पाते? यदि इन प्रश्नों का उत्तर हां है तो यह समय है अपने पास मौजूद विकल्पों पर गंभीरता से विचार करने का। खुद की स्किल्स में निवेश करके अपने आप को आगे बढ़ाने का, री-स्किलिंग का।



### क्या है स्किल्स में इजाफा करना?

शब्दकोष में री–स्किलिंग का अर्थ होगा, वह प्रशिक्षण और अनुभव, जिसके जरिए नई और बेहतर स्किल्स की जानकारी मिलती है। करियर में किसी उम्मीदवार में नई स्किल्स हासिल करने, सीखने और खुद को बदलने की क्षमता और इच्छा का होना बेहद अहम गुण माना जाता है। यह दूरदर्शिता होना कि करियर को आगे ले जाने के लिए किन स्किल्स की जरूरत होगी और उस दिशा में कदम बढ़ाना किसी उम्मीदवार के करियर को आगे ले जाने में मदद करता है। आईआईएम–बेंगलुरु में चाइनीज बिजनेस लैंग्वेज कोर्स पढ़ाने वाले प्रो. एस स्वामीनाथन कहते हैं, 'अपनी स्किल्स में इजाफा करने का अर्थ सक्रिय होकर केवल नई स्किल सीखना भर नहीं है। यह नौकरी से ब्रेक लेकर उच्च शिक्षा की ओर कदम बढ़ाना भी हो सकता है। उदाहरण के लिए कई आईआईएम केंद्रों में मंडारिन एक लोकप्रिय लैंग्वेज कोर्स बन कर उभरा है। वर्तमान में भारत–चीन एक–दूसरे से व्यापारिक रिश्तों को नकार नहीं सकते। विश्व अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण स्थान हासिल करने के लिए इस दिशा में कदम बढ़ाना जरूरी भी होगा। ऐसे में चाइनीज बिजनेस कोर्स की मदद से विद्यार्थी दोनों देशों में बन रहे आर्थिक समीकरणों में अपनी सकारात्मक भूमिका निभा सकते हैं।'

कॉलेज के दौरान लिए गए विषय निश्चित तौर पर पसंदीदा जॉब हासिल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, पर ऐसे भी मामले मिलते हैं, जहां लोग संयोगवश दूसरे क्षेत्रों में करियर बना बैठते हैं या फिर अपने करियर के दौरान ऐसे फंस जाते हैं, जहां उनके लिए समझना मुश्किल हो जाता है कि अब वे किस ओर कदम बढ़ाएं। दो से तीन वर्ष नौकरी कर चुकने वाले विशेषज्ञता प्राप्त उम्मीदवार और बड़े अधिकारी भी यह मानते हैं कि बदलावों से गुरेज करना और अपनी स्किल्स को बढ़ाने का प्रयास न करना एक स्तर पर आकर उम्मीदवार की प्रगति को बाधित कर देता है। जिस तेजी से कार्यस्थल और उनकी नीतियां बदल रही हैं, यह पहले से भी जरूरी हो गया है कि उम्मीदवार खुद को उपयोगी बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए। थोलोंस ग्लोबल इंस्टीट्यूट में एमडी अंकिता वशिष्ठ के अनुसार, 'जॉब मार्केट में खुद को रोजगार योग्य और उपयोगी बनाए रखना एक बड़ी चुनौती है। वर्कप्लेस पर बढ़ती विविधता और नित बदलती तकनीक ने कर्मचारियों पर नई तकनीक और कार्य प्रणाली को सीखने का दबाव बनाया है। उदाहरण के लिए, यदि कोई नई तकनीक मसलन बिग डाटा और एनालिटिक्स में करियर बनाना चाहता है तो उसके लिए स्टैटिस्टिक्स में क्रैश कोर्स करना फायदेमंद हो सकता है।

एक परंपरागत मार्केटिंग व्यक्ति के लिए डिजिटल मार्केटिंग में अनुभव बढ़ाना लाभप्रद रहेगा। इसी तरह अन्य उम्मीदवार खुद को किसी ऑनलाइन कोर्स या डेवलमेंट प्रोग्राम से भी जोड़ सकते हैं।'

ग्लोबल रिक्रूटमेंट फर्म केली सर्विसेज के हालिया अध्ययन के अनुसार विश्व परिदृश्य की तुलना में एशिया–प्रशांत क्षेत्र में बड़े स्तर पर कर्मचारी तेजी से उभरते बाजार में अपनी स्किल्स में इजाफा करने की इच्छा जता रहे हैं। 69% भारतीय कर्मचारी आगे बढ़ने के लिए उच्च शिक्षा और प्रशिक्षण हासिल करने के बारे में गंभीरता से सोच रहे हैं। यह संख्या यूरोप और अमेरिका की तुलना में अधिक है। पहले बैंकों में नौकरी में उन्हीं लोगों को रखा जाता था, जो पहले बैंक में नौकरी करते रहे हैं। इसी तरह एफएमसीजी कंपनियां भी इसी क्षेत्र के अनुभव को वरीयता देती थीं। पर वह समय बीत गया है। आज कंपनियां विविध क्षेत्रों में विशेषज्ञता रखने वालों को रखना पसंद करती हैं। यानी गतिशील बाजार में खुद को रोजगार योग्य बनाने व उच्च पदों को कुशलता से संभालने के लिए प्रशिक्षण हासिल करने की जरूरत होगी ही।'

**रोचक तथ्य** – 57 प्रतिशत प्रतिभागियों ने अपने वर्तमान नियोक्ता के पास ही पदोन्नति को ध्यान में रखते हुए अपनी स्किल्स में इजाफा करने की इच्छा जतायी। वहीं 47 प्रतिशत के अनुसार वे दूसरी कंपनी में जाने के लिए अपनी स्किल्स में इजाफा करना पसंद करेंगे।

70 प्रतिशत के अनुसार सबसे महत्वपूर्ण और उपयोगी स्किल नौकरी करते हुए हासिल की जा सकती है। उसके बाद 58 प्रतिशत ने शिक्षा और प्रशिक्षण को जरूरी बताया है। 26 प्रतिशत के अनुसार सेमिनार और वेबिनार से भी नई स्किल सीखने में मदद मिलती है। 42 प्रतिशत के अनुसार वे किसी नए कार्यक्षेत्र में जाने के लिए अपनी स्किल्स में इजाफा करना पसंद करेंगे। इन सब में गणित, इंजीनियरिंग और आईटी कर्मियों ने खुद को आगे बढ़ाने के लिए री–स्किलिंग को अन्य की अपेक्षा अधिक महत्व दिया है। 31 देशों से लगभग 1 लाख 20 हजार कर्मियों ने इस सर्वे में भाग लिया। अमेरिका में उम्मीदवारों ने प्रमोशन हासिल करने के लिए प्रशिक्षण हासिल करने की जरूरत जतायी। वहीं कुछ देशों में कर्मियों ने प्रमोशन पाने और नए नियोक्ता के यहां नौकरी पाने के लिए री स्किलिंग को जरूरी बताया।

## 27 करोड़ बार देखा गया

# प्रियंका चोपड़ा

## का ये गाना, एक्ट्रेस ने खुद दी है





बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकीं मशहूर अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा के पास एक्टिंग के अलावा सिंगिंग का टैलेंट भी है. प्रियंका चोपड़ा कुछ एक गाने भी गा चुकी हैं. उनके द्वारा गाया एक गाना तो यूट्यूब पर 27 करोड़ बार देखा गया है. इस गाने में उनका साथ मशहूर इंटरनेशनल सिंगर पिटबुल ने दिया था. आइए आपको बताते हैं कि प्रियंका का ये गाना कौन सा है और ये कब रिलीज किया गया था.

**2013 में आया था प्रियंका का 'एक्जॉटिक'**

प्रियंका चोपड़ा द्वारा गाया गया 'एक्जॉटिक' दूसरा गाना था. इसमें हिंदी लिरिक्स को एक्ट्रेस ने ही आवाज दी थी. ये गाना साल 2013 में यूट्यूब पर 'प्रियंका चोपड़ा वेवो' नाम के



यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया था. इसके जरिए प्रियंका इंटरनेशनल पहचान बनाने में कामयाब हुई थीं. आते ही ये सॉन्ग यूट्यूब पर छा गया था.

**27 करोड़ से ज्यादा बार देखा गया**

प्रियंका ने इसे साल 2013 में मुंबई में लॉन्च किया था. इसमें उनका बिकिनी अवतार फैंस को काफी पसंद आया था. वहीं एक्ट्रेस ने पिटबुल के साथ अपने ग्लैमर अंदाज से भी तमाम फैंस का ध्यान खींच लिया था. पिटबुल और प्रियंका ने एक्जॉटिक को मियामी की खूबसूरत लोकेशन पर शूट किया था. जिसमें प्रियंका देसी तड़का लगाते हुए भी दिखी थीं. इसमें पिटबुल का नाम जुड़ने से इसे इंटरनेशल लेवल पर भी गजब की लोकप्रियता मिली थी. अब तक इस सॉन्ग को यूट्यूब पर 270 मिलियन (27 करोड़) व्यूज मिल चुके हैं.

**1000 करोड़ी फिल्म में नजर आएंगी प्रियंका**

प्रियंका ने साल 2018 में अमेरिका के मशहूर सिंगर निक जोनस से शादी कर ली थी. इसके बाद वो पति के साथ अमेरिका में ही शिफ्ट हो गईं. शादी करने और भारत छोड़ने के बाद प्रियंका इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में काम करती हुई नजर नहीं आईं. हालांकि अब वो साउथ के मशहूर डायरेक्टर एसएस राजामौली और साउथ सुपरस्टार महेश बाबू की फिल्म 'स्स्स्ब्ब29' में नजर आने वाली हैं. कुछ दिनों पहले ही एक्ट्रेस इस पिक्चर की शूटिंग के लिए इंडिया आई थीं और फिर वापस लौट गई थीं. ये साउथ सिनेमा ही नहीं बल्कि भारत की सबसे महंगी फिल्म साबित होगी. इसका बजट 1000 करोड़ रूपये बताया जा रहा है.

## रणबीर-दीपिका की फिल्म से जब कटा कटरीना का पत्ता, आखिरी वक्त में किया गया बाहर





कटरीना कैफ बॉलीवुड इंडस्ट्री में कई फिल्में कर चुकी हैं. शुरुआत के फिल्मों से ही एक्ट्रेस ने अपनी छाप लोगों पर छोड़ दी थी. आज उनका नाम टॉप एक्ट्रेसेस में शामिल हैं, हालांकि एक्ट्रेस ने हाल ही में खुलासा किया है कि रणबीर कपूर और दीपिका की एक फिल्म में से उनका पूरा किरदार ही हटा दिया गया था. कटरीना ने बताया कि वो फिल्म में चौथी लड़की का किरदार निभाने वाली थीं, लेकिन बाद में उन्हें बताया गया कि वो फिल्म का हिस्सा नहीं हैं.

कटरीना ने इंडस्ट्री में एक आउटसाइडर के तौर पर अपनी शुरुआत की थी. एक्ट्रेस ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि रणबीर कपूर-दीपिका पादुकोण की फिल्म बचना ए हसीनों में उनका भी रोल था. एक्ट्रेस ने बताया कि जिस तरह रणबीर के अपोजिट 3 लड़कियां दिखाई गई हैं, वहीं उसमें से चौथी लड़की का किरदार मेरा था. इस बैनर के तले मुझे पहली फिल्म मिलने वाली थी, जिसके लिए मैं काफी एक्साइटेड थी.

**2008 में आई थी फिल्म**

हालांकि , बाद में मुझे बताया गया कि फिल्म में उनके किरदार की वजह से स्क्रिप्ट बड़ी हो रही है, जिसकी वजह से वो रोल काटा जा रहा है. साथ ही एक्ट्रेस ने बताया कि ये फिल्म 2008 में आई थी, उस वक्त फिल्म सिंह इज किंग रिलीज हुई थी, जो कि काफी बड़ी हिट साबित हुई थी. हालांकि, बचना ए हसीनों के वक्त दीपिका और रणबीर से ज्यादा फिल्मों में कटरीना नजर आ चुकी थी. वो पार्टनर, मैंने प्यार क्यों किया जैसी फिल्मों में शामिल थीं.

**लोगों ने किया था डिमोटिवेट**

एक्ट्रेस ने बातचीत के दौरान ये भी बताया था कि कुछ लोगों ने उन्हें कहा था कि वो बॉलीवुड में सक्सेस नहीं हो पाएंगी. लेकिन, अभी की बात करें, तो वो फिल्मी दुनिया का बड़ा नाम बन चुकी हैं. आखिरी बार एक्ट्रेस फिल्म मैरी क्रिसमस में नजर आई थीं, जो कि साल 2024 में रिलीज हुई थी. वहीं शुरुआत की बात करें, तो उन्होंने साल 2003 में फिल्म बूम से अपना डेब्यू किया था, फिर धीरे-धीरे करते वो टॉप एक्ट्रेस की कैटेगरी में आ गईं.

## सारा मुद्दा सुलझ जाएगा... अक्षय कुमार की कंपनी ने परेश रावल पर ठोका करोड़ों का हर्जाना, तो बाबू राव ने दे दिया ऐसा जवाब



प्रियदर्शन की अपकमिंग फिल्म हेरा फेरी को लेकर कुछ न कुछ खबर आ ही रही है. फिल्म से बाबू राव यानी परेश रावल के निकलने के बाद से फिल्म के मेकर्स के साथ ही साथ फैंस में भी काफी निराशा है. हालांकि, फिल्म से एक्जिट करने के बाद अक्षय कुमार ने एक्टर पर लीगल एक्शन लिया था और फिल्म के नुकसान के लिए हर्जाने की मांग की थी. हालांकि, इसी मामले में हाल ही में परेश रावल ने अपने सोशल मीडिया पर अपडेट शेयर किया है.साल 2000 में हेरा फेरी का पहला पार्ट आया था, जिसके बाद फिल्म की तिकड़ी राजू, बाबू राव और श्याम काफी ज्यादा फेमस हो गए थे. अब इनमें से परेश रावल ने अपने किरदार को छोड़ दिया है. इस खबर को सुनने के बाद से कई लोगों का ये कहना है कि फिल्म ही न बनाई जाए. हालांकि, फिल्म से अपना नाम वापस लेने के बाद से अक्षय कुमार ने हुए नुकसान के लिए परेश रावल से 25 करोड़ के हर्जाने की मांग की थी. जिसके बाद से अब एक्टर के वकील ने टीम को इस मामले का जवाब भेजा है.

**सारे मुद्दे सही हो जाएंगे**

परेश रावल ने इस बात की जानकारी देते हुए अपने एक्स अकाउंट पर लिखा है, मेरे वकील अमीत नाइक ने मेरे टर्मिनेशन और एग्जिट को लेकर जवाब भेजा है. एक बार जब वो मेरा जवाब पढ़ लेंगे तो सारे मुद्दे सही हो जाएंगे. बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट की माने, तो हाल ही में परेश रावल ने फिल्म की साइनिंग अमाउंट वापस कर दी है. हाल ही में इस मामले में सुनील शेट्टी का भी रिएक्शन सामने आया है, जिसमें उन्होंने बताया है कि इस बारे में जानने के बाद उन्हें झटका लगा है.

**डायरेक्टर ने बताया कुछ और**

हेरा फेरी 3 को अक्षय कुमार के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनाया जा रहा है. फिल्म के छोड़ने को लेकर परेश रावल ने बताया था कि इसमें क्रिएटिव डिफरेंस की बात नहीं है और न ही डायरेक्टर के साथ कुछ है एक्टर ने कहा कि डायरेक्टर ने उन्हें फिल्म न छोड़ने के लिए काफी समझाया भी था. हालांकि, जब इस मामले में फिल्म के डायरेक्टर प्रियदर्शन से बात किया गया, तो उन्होंने बताया कि उन्हें इस बारे में कुछ भी पता नहीं था.

## कॉपी कैट है...

# मल्लिका शेरावत

## के 8 साल पुराने लुक से आलिया का Cannes लुक हुआ मैच, तो लोगों ने सुनाई खरी-खोटी



फ्रांस में हो रहे कान फिल्म फेस्टिवल में आलिया भट्ट ने डेब्यू किया है. रेड कार्पेट पर एक्ट्रेस का दो लुक सामने आया है, जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं. हालांकि, एक्ट्रेस का पहला लुक सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा सर्कुलेट



हो रहा है, जिसमें उन्होंने फ्लोरल गाउन पहना हुआ है. दरअसल, आलिया का ये कान लुक लोगों को साल 8 साल पुराने कान फिल्म फेस्टिवल की याद दिला रहा है.कान फिल्म फेस्टिवल में आलिया ने ऑफ शोल्डर गाउन पहना हुआ था, जिसमें फूलों की कढ़ाई की गई थी. हालांकि, उनकी दूसरी ड्रेस ने लोगों का ध्यान ज्यादा खींचा है. वहीं उनके फ्लोरल गाउन की बात की जाए, तो लोग उसको मल्लिका शेरावत के कान फिल्म फेस्टिवल लुक से कर रहे हैं.

दरअसल, साल 2017 में मल्लिका ने रेड कार्पेट पर इसी तरह के गाउन में जलवा बिखेरा था. एक्ट्रेस के उस वॉक को अभी तक लोग याद रखे हुए हैं.

**2017 के लुक से कंपेयर**

मल्लिका ने 8 साल पहले इसी तरह का ऑफ शोल्डर गाउन कैरी किया था, जिसके साथ उन्होंने अपने लुक को काफी सिंपल रखा था. कान फिल्म फेस्टिवल 2017 का वॉक मल्लिका का सबसे फेमस वॉक रहा है. उनके गाउन पर लोगों की निगाहें टिक गई थीं, साथ ही साथ गाउन पर उभरे हुए फूल ड्रेस की शोभा में चार चांद लगा रहे थे. मल्लिका के उस लुक को लोग अब आलिया के लुक से कंपेयर कर रहे हैं, जो कि लगभग एक जैसा ही है.

**कॉपी को लेकर किया ट्रोल**

सोशल मीडिया पर दोनों ही एक्ट्रेस की तस्वीर साथ में वायरल हो रही है. इस दौरान लोगों ने कमेंट सेक्शन में दोनों के लुक को कंपेयर करना शुरू कर दिया है.

जिसमें ज्यादातर लोगों ने मल्लिका के लुक को ज्यादा बेहतर बताया है, वहीं कई लोग आलिया को ड्रेस कॉपी करने के लिए ट्रोल कर रहे हैं. एक यूजर ने कमेंट करते हुए आलिया को कॉपी कैट तक कह दिया है. वहीं दूसरे यूजर ने लिखा है कि मल्लिका ने इस लुक को ज्यादा बेहतर तरीके से कैरी किया हुआ है.